

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 3 अंकः 194 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 28 अप्रेल 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# पहलगाम हमले के बाद भारत का बड़ा कदमः हिंद महासागर में उठेगी 'राफेल मरीन'

**भारतीय नौसेना को 26 राफेल-एम (मरीन) फाइटर जेट मिलने जा रहे हैं. सोमवार को फ्रांस के साथ इस अहम डिफेंस डील पर साइन होंगे.**

समाज जागरण

नई दिल्लीः जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले ने भारत को फिर अहसास कराया कि अपनी सुरक्षा क्षमताओं को लगातार बढ़ाते रहना क्यों जरूरी है. 22 जनवरी को हुए भीषण नरसंहार में 26 निर्दोष लोगों की जान गई. जवाबी एक्शन की आहट के बीच, बीच भारतीय नौसेना अपनी ताकत बढ़ाने के एक बड़ा कदम उठा चुकी है. सोमवार को भारत और फ्रांस के बीच नौसेना के लिए राफेल मरीन (एम) फाइटर जेट खरीदने का सौदा तय होने जा रहा है. भारतीय नौसेना को इस सौदे के तहत 26 राफेल-एम फाइटर जेट मिलेंगे. इनमें से 22 सिंगल-सीटर और 4 ट्विन-सीटर ट्रेनिंग वर्जन होंगे. ये फाइटर जेट्स भारतीय विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य और स्वदेशी आईएनएस विक्रांत पर तैनात किए जाएंगे, जो भारतीय समुद्री सीमा की सुरक्षा के लिए गेमचेंजर साबित होंगे.



## हिंद महासागर में उठेगा 'राफेल का तूफान'

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देने के लिए केवल कूटनीतिक स्तर पर ही नहीं, बल्कि सैन्य स्तर पर भी सक्रियता दिखाई है. भारतीय नौसेना ने हाल ही में अरब सागर में अपने विध्वंसक जहाज आईएनएस सूरत से मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण कर यह जता दिया कि भारत किसी भी चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है.

राफेल-एम फाइटर जेट्स की खरीद भारतीय नौसेना के लिए पहला बड़ा लड़ाकू विमान अपग्रेड होगा. इस सौदे से न केवल भारत की समुद्री हमले की क्षमताओं में जबरदस्त इजाफा होगा, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक पकड़ और मजबूत होगी. विशेषज्ञों का कहना है कि राफेल-एम की तैनाती से भारत दुश्मनों के किसी भी दुस्साहस को समंदर में ही नेस्तनाबूद कर सकेगा.

इस सौदे की लागत लगभग 63,000 करोड़ रुपये आंकी गई है, जिसमें फाइटर जेट्स की डिलीवरी के साथ-साथ बेड़े के रखरखाव, रसद समर्थन, भारतीय कर्मियों का प्रशिक्षण और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए ऑफसेट दायित्व शामिल हैं. डिलीवरी 2028-29 से शुरू होकर 2031-32 तक पूरी होगी.

## सोमवार को ऐतिहासिक सौदा

सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने हाल ही में इस खरीद को मंजूरी दी थी. अब भारत और फ्रांस के बीच सोमवार को सरकारी स्तर पर इस समझौते पर हस्ताक्षर होंगे. फ्रांस के रक्षा मंत्री और भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस ऐतिहासिक सौदे को अंतिम रूप देंगे.

## सिंधु वॉटर एग्रीमेंट के वो 2 सीक्रेट, जिसके बारे में जानकर बौखलाया पाकिस्तान

समाज जागरण

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया, जिससे पाकिस्तान में हड़कंप मच गया.



भारत के जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि सिंधु नदी का एक बूंद पानी भी पाकिस्तान नहीं जाएगा. पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने सिंधु जल संधि को अनिश्चितकाल के लिए सस्पेंड किया तो पाकिस्तान में हड़कंप मच गया. ऊपर से भारत के जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने शुक्रवार को घोषणा कर डाली कि भारत यह सुनिश्चित करेगा कि सिंधु नदी का एक बूंद पानी भी पाकिस्तान न पहुंचे. इस फैसले से पाकिस्तान के मंत्री बौखला गए हैं. दरअसल, इसके पीछे दो ऐसी बातें हैं, जिसका असर पाकिस्तान की नींद उड़ाने वाला है. सिंधु जल संधि 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुई थी. वर्ल्ड बैंक ने इसमें मध्यस्थता की थी. इस संधि में सिंधु नदी और इसकी सहायक नदियों के पानी को दोनों देशों के बीच बांटने का फैसला हुआ. पूर्वी नदियां यानी ब्यास, रावी, और सतलुज का 41 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी भारत को दिया गया. जबकि पश्चिमी नदियां यानी सिंधु, चिनाब और झेलम के 99 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी पर पाकिस्तान का कंट्रोल दिया गया. एग्रीमेंट के अनुसार, भारत को भारत में स्थित सिंधु नदी प्रणाली के कुल पानी का लगभग 30% हिस्सा मिला, जबकि पाकिस्तान को 70% हिस्सा. संधि ने दोनों देशों को एक-दूसरे की नदियों पर सीमित उपयोग, जैसे छोटे जलविद्युत प्रोजेक्ट्स, की अनुमति भी दी. हालांकि, भारत ने हमेशा संधि का पालन किया, लेकिन हाल के वर्षों में सीमा पार आतंकवाद के कारण इसकी प्रासंगिकता पर सवाल उठने लगे.

**सीक्रेट 1: बिना सूचना नदी का मैनेजमेंट**

संधि के तहत, भारत को पूर्वी नदियों (ब्यास, रावी, सतलुज) पर कोई भी परियोजना शुरू करने से पहले पाकिस्तान को कम से कम छह महीने पहले सूचित करना पड़ता था. पाकिस्तान अक्सर छोटी-छोटी बातों पर आपत्तियां दर्ज कराता था, जिससे भारत की परियोजनाएं देरी का शिकार होती थीं. संधि के निलंबन के बाद, भारत को अब ऐसी किसी सूचना की जरूरत नहीं है.

असरः भारत अब बिना किसी बाधा के नई तकनीकों का उपयोग कर जल भंडारण, बांध निर्माण, और जलविद्युत परियोजनाओं को तेजी से लागू कर सकता है. सरकारी सूत्रों के अनुसार, यह निलंबन भारत को रणनीतिक बढ़त देता है. अब हम अपनी जरूरतों के अनुसार पानी का उपयोग कर सकते हैं.

पाकिस्तान के लिए खतराः पाकिस्तान को अब भारत की परियोजनाओं की जानकारी नहीं मिलेगी, जिससे वह पानी के प्रवाह पर अपनी निर्भरता को नियंत्रित नहीं कर पाएगा। इससे पाकिस्तान की कृषि और ऊर्जा क्षेत्र पर गहरा असर पड़ सकता है।

**सीक्रेट 2: मनोवैज्ञानिक और रणनीतिक दबाव**

संधि का निलंबन न केवल तकनीकी, बल्कि मनोवैज्ञानिक और रणनीतिक स्तर पर भी पाकिस्तान के लिए एक बड़ा झटका है. भारत अब अपनी इच्छानुसार पानी के प्रवाह को नियंत्रित कर सकता है, चाहे उसे रोकना हो या छोड़ना.

असरः सरकारी सूत्रों ने बताया, पाकिस्तान सूखे और बाढ़ के लिए भारत को दोष देता था. अब ग्लेशियर पिघलने और जनसंख्या वृद्धि के कारण उनके पास पहले से कम पानी है. भारत अपनी मर्जी से पानी छोड़ या रोक सकता है, जो उनके फसल चक्र को प्रभावित करेगा. उसके किसान परेशान हो जाएंगे.

## मौसम का बदला मिजाज हल्की बारिश होने और तेज हवाओ के कारण गर्मी से मिली राहत

दैनिक समाज जागरण
अनील कुमार

नबीनगर (बिहार) नबीनगर में रविवार को अचानक सुबह से ही आकाश में बादल छाए रहने और दोपहर बाद हल्की बारिश होने और तेज हवाओं के कारण भीषण गर्मी से लोगो को बड़ी राहत मिली है। इधर बीच कुछ दिनों से जहां पारा 40 से 45 डिग्री तक था लोग गर्मी से परेशान थे वहीं आज बारिश और





तेज हवाओ के कारण पारा लुढ़ककर 32 डिग्री हो गया जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है ।समाचार लिखे जाने तक आसमान में बादल छाए हुए हैं हल्की बारिश हो रही है और आसमान मे मेघ गर्जना भी हुई है जिससे आकाशीय बिजली गिरने की संभावना बढ़ रही है ।हालांकि अभी तक किसी भी प्रकार के जान माल का कोई नुकसान की सूचना नहीं है ।मौसम विभाग की माने तो बंगाल की खाड़ी में वायुमंडलीय दबाव के कारण बिहार के कई क्षेत्रों में 30 अप्रैल तक मौसमी हलचल देखने को मिल सकती है ।वही प्रदेश में 30 अप्रैल तक वर्षा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है और किसानों को फसल सुरक्षित जगहों पर रखने की सलाह दी गई है।

## उत्तर प्रदेश सरकार ने नेपाल सीमा पर अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की

दैनिक समाज जागरण

उत्तर प्रदेश सरकार ने नेपाल सीमा से लगे जिलों में अवैध



अतिक्रमणों और गैर-मान्यता प्राप्त धार्मिक संस्थानों के खिलाफ एक बड़ा अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 25 से 27 अप्रैल के बीच राज्य के स्वामित्व वाले क्षेत्र को पुनः प्राप्त करने की इस पहल के तहत सीमा की बहुमूल्य भूमि पर कई अतिक्रमणों को हटाया गया। बहराइच की नानपारा तहसील में भारत-नेपाल सीमा के 0-10 किलोमीटर के भीतर सरकारी भूमि पर कुल 227 अवैध अतिक्रमणों की पहचान की गई। पहले 63 अतिक्रमणों को हटाने के बाद, 25-27 अप्रैल के बीच अतिरिक्त 26 को हटाया गया, जिससे कुल अतिक्रमणों की संख्या 89 हो गई। इन स्थलों पर कोई धार्मिक या शैक्षणिक संरचना नहीं पाई गई। श्रावस्ती जिले में 17 गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की गई - जमुनहा तहसील में सात और भिनगा तहसील में दस - जिन्हें दस्तावेजों के अभाव में बंद कर दिया गया था। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 67 के अन्तर्गत भारत-नेपाल सीमा से सटे 0-15 किमी क्षेत्र में अस्थायी एवं स्थायी दोनों प्रकार के अवैध अतिक्रमण के 119 मामलों में कार्यवाही जारी है। सिद्धार्थनगर जिले की नौगढ़ तहसील में सीमा से 10 किमी के अन्दर पांच स्थानों पर अवैध अतिक्रमण की पुष्टि हुई है, जिसमें मस्जिद एवं मदरसा का निर्माण भी शामिल है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जांच एवं विधिक कार्यवाही चल रही है।

## सुप्रीम कोर्ट से झटका मिलने के बाद सीएम स्टालिन ने तमिलनाडु मंत्रिमंडल में फेरबदल किया

दैनिक समाज जागरण

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बिजली, निषेध और उत्पाद शुल्क मंत्री वी सेंथिल बालाजी और वन एवं खादी मंत्री डॉ के पोनमुडी के इस्तीफे के बाद राज्य मंत्रिमंडल में महत्वपूर्ण बदलावों की सिफारिश की है और राज्यपाल आर एन रवि ने इसे स्वीकार कर लिया है। राजभवन के अनुसार, एसएस शिवशंकर को अतिरिक्त रूप से बिजली विभाग सौंपा गया है, जबकि एस मुथुसामी निषेध और उत्पाद शुल्क संभालेंगे। आरएस राजकन्नप्पन अब वन और खादी की देखरेख करेंगे, उन्हें वन और खादी मंत्री नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री स्टालिन ने पद्मनाभपुरम विधानसभा क्षेत्र से विधायक टी मनो थंगराज को मंत्रिमंडल में शामिल करने की सिफारिश की है। डेक्कन हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, नए मंत्री पद के लिए शपथ ग्रहण समारोह सोमवार, 28 अप्रैल को चेन्नई के राजभवन में निर्धारित है।

यह फेरबदल सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश के बाद हुआ है जिसमें सेंथिल बालाजी को मंत्री पद और जमानत पर रहने के बीच किसी एक को चुनने को कहा गया था। बालाजी को 15 महीने जेल में बिताने के बाद 26 सितंबर, 2024 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दायर एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जमानत पर रिहा किया था, लेकिन तीन दिन बाद उन्हें फिर से मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया गया और उन्हें बिजली और आबकारी विभाग सौंप दिए गए जो जेल जाने से पहले उनके पास थे।

## मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश मनोज कुमार सिंह ने किया फ्लैट रजिस्ट्री हैंडओवर कार्यक्रम का शुभारंभ

### 35 फ्लैट बायर्स को मिली रजिस्ट्री, यूपी सरकार को 70 लाख रुपये का राजस्व

मुख्य सचिव ने कहा– यूपी ने 8 वर्षों में दोगुनी की जीडीपी और इनकम

कानून व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार, विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश

दादरी माननीय विधायक तेजपाल नागर समेत कई अधिकारी कार्यक्रम में रहे मौजूद




गौतम बुद्ध नगर 27 अप्रैल, 2025: ग्रेटर नोएडा स्थित मैसर्स मिगसन ग्रीन सोसाइटी में आज रजिस्ट्री हैंडओवर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान 35 फ्लैट बायर्स को उनके फ्लैट्स की रजिस्ट्री सौंपी गई। इस अवसर पर स्टांप विभाग द्वारा लगाए गए विशेष कैंप के माध्यम से कुल 70 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। मुख्य सचिव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि फ्लैट खरीदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की जीडीपी 12.5 लाख करोड़ से बढ़कर 27 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। साथ ही प्रति व्यक्ति आय भी लगभग दोगुनी हो गई है।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग जैसे क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी बनकर उभरा है। देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क का 45% हिस्सा उत्तर प्रदेश में है और गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के बाद यह आंकड़ा 55% तक पहुंच जाएगा। कार्यक्रम में दादरी विधायक तेजपाल नागर, यूपीएसआईडीसी के सीईओ मयूर माहेश्वरी, एसीओ नोएडा लक्ष्मी सिंह, एसीपी ग्रेटर नोएडा प्रेरणा सिंह, अपर जिलाधिकारी भू/अ0 बच्चू सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्र, मिगसन समूह के सीएमडी सुनील मिगलानी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## मोदी का विजन और योगी के प्रयास से बदल रही यूपी के स्ट्रीट वेंडर्स की जिंदगी

### यूपी के 19.92 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को मिला पीएम स्वनिधि योजना का लाभ

दैनिक समाज जागरण

लखनऊ, 27 अप्रैल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी पीएम स्वनिधि योजना ने उत्तर प्रदेश में सफलता के नए आयाम छू लिए हैं। योजना के तहत यूपी में 100.25 प्रतिशत की प्रभावशाली सफलता दर के साथ अब तक 19,92,242 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया जा चुका है, जो निर्धारित लक्ष्य 19,87,330 से अधिक है। कोरोना काल में आर्थिक रूप से टूट चुके रेहड़ी-पटरी व्यवसाई (स्ट्रीट वेंडर्स) के लिए पीएम मोदी के इस विजन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सतत मॉनीटरिंग के जरिए जमीनी धरातल पर उतारते हुए सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया है। हाल ही में सामने आई यूपी स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी (यूपी एसएलबीसी) की रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है।

**95 बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थाओं ने बिना गारंटी के वितरित किया लोन**

यूपी एसएलबीसी की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पीएम स्वनिधि 2.0 के तहत उत्तर प्रदेश में प्रथम चरण में 13,22,250 लाभार्थियों को लक्षित किया गया था, जिसमें से 13,90,948 को ऋण वितरित किया गया, जो 105.20 प्रतिशत की उपलब्धि है। इसी तरह द्वितीय चरण में 6,13,350 के लक्ष्य के मुकाबले 5,24,442 लाभार्थियों को योजना का लाभ मिला, जो 85.50 प्रतिशत है। वहीं तृतीय चरण में 51,730 के लक्ष्य के मुकाबले 76,872 लाभार्थियों को बैंकों ने ऋण प्रदान किया, जोकि 148.60 प्रतिशत की शानदार उपलब्धि है। इस कार्य के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सहित प्रदेश में अपनी सेवाएं दे रहे 95 बैंकिंग और वित्तीय संस्थाओं ने अपने दरवाजे गरीब पटरी व्यवसाइयों की मदद के लिए खोल दिये। इसमें सर्वाधिक योगदान देने वाले टॉप फाइव पब्लिक सेक्टर के बैंकों में क्रमशः स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (5,59,458), पंजाब नेशनल बैंक (3,01,287), बैंक ऑफ बड़ौदा (2,88,824), यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (1,94, 873) और इंडियन बैंक (1, 69,950) शामिल हैं।

**आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ही रेहड़ी-पटरी वालों का बढ़ा आत्मसम्मान**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से इस योजना को प्रदेश के हर कोने तक पहुंचाने के लिए व्यापक रणनीति अपनाई गई। उनके नेतृत्व और सतत मॉनीटरिंग में सरकार ने न केवल लक्ष्य से अधिक लाभार्थियों को योजना से जोड़ने में कामयाबी हासिल की, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि यह लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचे। यही कारण है कि पीएम स्वनिधि योजना को धरातल पर उतारने के मामले में यूपी देश में पहले पायदान पर है।

## व्हाट्सएप धोखाधड़ी अलर्टः सेना को दान देने के बारे में भ्रामक संदेश पर सरकार ने जारी की चेतावनी

व्हाट्सएप धोखाधड़ी अलर्टः रक्षा मंत्रालय ने रविवार को व्हाट्सएप पर प्रसारित एक भ्रामक संदेश के खिलाफ चेतावनी जारी की, जिसमें भारतीय सेना के आधुनिकीकरण और युद्ध में घायल या मारे गए सैनिकों के लिए एक विशिष्ट बैंक खाते में दान देने की झूठी मांग की गई है। संदेश में झूठा दावा किया गया है कि यह अपील कैबिनेट के फैसले पर आधारित है और अभिनेता अक्षय कुमार को इस पहल के प्रमुख समर्थक के रूप में नामित किया गया है। मंत्रालय ने कहा, "संदेश में उल्लिखित खाता विवरण गलत हैं, जिसके परिणामस्वरूप ऑनलाइन दान का अनादर हो रहा है। नागरिकों को सतर्क रहने और ऐसे धोखाधड़ी वाले संदेशों का शिकार होने से बचने की सलाह दी जाती है।" सरकार ने सक्रिय युद्ध अभियानों के दौरान मारे गए या विकलांग हुए सैनिकों का समर्थन करने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएँ लागू की हैं। 2020 में, इसने 'सशस्त्र बल युद्ध हताहत कल्याण कोष ' की स्थापना की, जिसका उद्देश्य सैन्य अभियानों के दौरान अपनी जान गंवाने वाले या गंभीर रूप से घायल होने वाले सैनिकों, नाविकों और वायुसैनिकों के परिवारों को तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

# अनिश्चितता से चमका सोना

## भारत में यह प्रति 10 ग्राम एक लाख रुपये का स्तर पार कर चुका है।

वर्ष 2025 में सोना बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली परिसंपत्ति रहा और जनवरी से अब तक अमेरिकी डॉलर के हिसाब से इसकी कीमत 28 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच चुकी है। भारत में यह प्रति 10 ग्राम एक लाख रुपये का स्तर पार कर चुका है। हालांकि छह अंकों



की सीमा पार करने के बाद मुनाफावसूली शुरू हो गई। बीते महीने कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव नजर आया। आंशिक तौर पर इसके लिए अमेरिकी टैरिफ नीति का अनिश्चित रुख जिम्मेदार रहा।
'लिबरेशन डे' के बाद तेजी पकड़ने के बाद सोने की कीमतों में कुछ गिरावट आई क्योंकि राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने टैरिफ के मुद्दे पर अपना रुख कुछ नरम किया। परंतु निरंतर वृहद आर्थिक अनिश्चितता तथा वैश्विक मुद्रास्फीति के ऊंचे स्तर पर रहने की संभावनाओं के बीच इसकी कीमतों में दोबारा तेजी आ गई। मुद्रास्फीति और व्यापक तौर पर वृहद अनिश्चितता को लेकर बचाव के पारंपरिक उपाय के रूप में केंद्रीय बैंक से लेकर आम परिवार तक सोने का इस्तेमाल करते हैं। यकीनन अधिकांश केंद्रीय बैंकों ने सोने का भंडार बढ़ा लिया है। हालांकि प्रक्रिया की शुरूआत टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितता से बहुत पहले हो गई थी परंतु अमेरिकी सरकार के कदमों से उत्पन्न अनिश्चितता ने इसका आकर्षण बढ़ा दिया।
सोने की मांग और उच्च मुद्रास्फीति का रिश्ता प्रमाणित है और निकट भविष्य में वह सही साबित हो सकता है। हाल के दिनों में अमेरिकी टैरिफ नीति की अस्थिरता के कारण कीमतें दिन में तीन-चार बार बदलीं। यह संभव है कि अमेरिकी टैरिफ में और इजाफा, अमेरिकी साझेदार देशों की ओर से जवाबी टैरिफ आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित करे और ग्राहकों के लिए सोने की कीमतों में और अधिक इजाफा हो जाए। टैरिफ की जंग के परिणामस्वरूप कुछ जिंस कारोबारियों का अनुमान है कि डॉलर के हिसाब से सोने की कीमतों में 25 फीसदी का इजाफा हो सकता है। डॉलर के साथ इसका रिश्ता अन्य संभावित प्रभावों की ओर ले जा सकता है।
एक तो यह है कि कमजोर डॉलर अक्सर सोने की कीमतों में इजाफे की वजह बनता है क्योंकि कीमतें डॉलर आधारित हैं। अगर अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल में इजाफा जारी रहता है और डॉलर कमजोर होता है तो इसका भी असर दिख सकता है। उस स्थिति में उच्च मुद्रास्फीति का संकेत जाएगा और दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में धीमापन आएगा जिससे वैश्विक गतिविधियां धीमी हो सकती हैं। इससे सोने की मांग बढ़ सकती है।
टैरिफ की जंग से इतर अन्य नीतिगत अनिश्चितता इस बात के इर्दगिर्द केंद्रित रहेगी कि अमेरिका अपने स्वर्ण भंडार का नए सिरे से आकलन कर सकता है। अमेरिका के पास करीब 8,150 टन सोना है जिसका मूल्यांकन वह करीब 42 डॉलर प्रति 31 ग्राम करता है। सोने की मौजूदा कीमत करीब 3,340 डॉलर प्रति 31 ग्राम है। यानी इसका नए सिरे से आकलन सोने को लेकर धारणा में काफी बदलाव कर सकता है। अगर अमेरिका अपने हिस्से का स्वर्ण भंडार बेच देता है तो इससे कीमतों और धारणा पर काफी असर होगा।
भारत सरकार के पास करीब 876 टन और परिवारों के पास करीब 25,000 टन सोना है। ध्यान देने वाली बात है कि स्टॉक और बॉन्ड के उलट एक धातु के रूप में सोना कुछ नहीं देता। परंतु यह आभूषण उद्योग की बुनियाद है। इस उद्योग को इन अस्थिर हालात में अपनी इन्वेंट्री का सावधानी से इस्तेमाल करना होगा क्योंकि खुदरा कीमतें जहां रोजमर्रा की कीमत से जुड़ी रहती हैं वहीं इन्वेंट्री महीनों पहले तैयार की जाती है। इससे मुनाफा प्रभावित होगा। इसके अलावा गोल्ड लोन भी नकदी जुटाने का लोकप्रिय माध्यम है। 2024-25 में गोल्ड लोन बाजार 76 फीसदी की दर से बढ़ा और रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार चालू वर्ष में वह 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। रिजर्व बैंक ने हाल ही में एक नया नियमन पेश किया जिसे इस प्रकार तैयार किया गया है कि गोल्ड बॉन्ड में गड़बड़ियों को कम किया जा सके। यह समझदारी भरा है क्योंकि कीमतों में अचानक गिरावट से बैंकों आदि का जोखिम अचानक बहुत बढ़ सकता है। केंद्रीय बैंक को इस बाजार पर सख्त निगरानी रखनी होगी और साथ ही सोने को लेकर अपने जोखिम का भी प्रबंधन करना होगा क्योंकि वैश्विक कीमतों में बहुत अधिक उतार-चढ़ाव की स्थिति है।

## लहू पुकार रहा नहीं मिलेगी खीर...!

आज सुनाई दे रही हैं पहलगाम की चीख,
हाँ, दिन ऐसा आएगा आतंकी मांगे भीख।
निदोषों की बलि चढ़ी हैं बही लहू की धार,
हैवानों ने पर्यटकों की इज्जत की तार-तार।
इन श्वानों ने ली हैं परीक्षा हमारी बार-बार,
कल्पना से ज्यादा सजा कर उठे चित्कार।

आज सुनाई दे रही हैं पहलगाम की चीख,
हाँ, दिन ऐसा आएगा आतंकी मांगे भीख।
उजड़े हुए सुहाग की कीमत मांगे हिंदुस्तान,
दाना-पानी को तरसेगा प्रतिदिन पाकिस्तान।
पुलवामा से नहीं शायद ली कोई भी सीख,
दुनियाभर से मांग रहा कटोरा लेकर भीख।

आज सुनाई दे रही हैं पहलगाम की चीख,
हाँ, दिन ऐसा आएगा आतंकी मांगे भीख।
ऐसा सबक सिखाओ मोदी-शाह-राजनाथ,
दरदर भटके न मिले पनाह मलते रहें हाथ।
हाँ, लेना है प्रतिशोध जन-जन हुआ अधीर,
आज तो लहू पुकार रहा नहीं मिलेगी खीर।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्यप्रदेश)

# जन-गण-मन,अधिनायक जय है

**समाज जागरण**

हमारे राष्ट्रगान की उक्त पंक्तियों को मैं कभी नहीं भूलता,क्योंकि इसमें भारतीय जनतंत्र की` ,भारतीय गणतंत्र ,की और भारतीय मानसिकता की` जय के साथ-साथ उस अधिनायक की भी जय बोली गयी है जो अदृश्य है। भारतीय जनतंत्र और गणतंत्र के बीच छिपकर बैठा ये अधिकानायक हमेशा बहुमत के रूप में` हमारे सामने प्रकट होता रहता है ।` इस्-ाका चेहरा कभी स्त्री` का होता है तो कभी पुरुष का और कभी अर्धनारीश्वर` का। अधिनायक` की पहचान अक्सर संसद में किसी विधेयक पर मत विभाजन के समय होती है ।` वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक 2024` पर मत विभाजन के समय भी ये अधिनायकत्व खुलकर सामने आया है।
वक्फ बोर्ड` की सम्पत्तियों पर मौजूदा सरकार की नजर शुरू से थी लेकिन उसे कोई मौका नहीं मिल रहा था,किन्तु हाल ही में महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में मिली जीत ने बैशाखी सरकार को इतना हौसला दिया कि वो मुसलमानों की टोपी जमकर उछाले। सरकार ने ऐसा किया भी। वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन कर अपने लिए बोर्ड में घुसपैठ करने की गुंजायश निकाल ही ,`। पूरा विपक्ष मिलकर भी इसे रोक नहीं पाया। रोक भी नहीं सकता था क्योंकि संख्या बल उसके पास नहीं था। अब ये विधेयक राजयसभा में` भी आसानी से पारित होने के बाद कानून का रूप ले लेगा। अब विपक्ष इसे न कानून बनने से रोक सकता है और` न इस पर अमल करने से।
लोकसभा में इस विवादास्पद विधेयक पर पूरे 12` घंटे बहस चली ।` मुमकिन है कि आप में से बहुत कुछ ने ये पूरी बहस देखी हो ,लेकिन मैंने इसे पूरा देखा,सुना। इसलिए मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि सत्ता के लालच में टीडीपी और जेडीयू जैसे कथित धर्मनिरपेक्ष दलों ने जहां अपना दीन-ईमान




बेच दिया वहीं उद्धव ठाकरे की शिव सेना और तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे लोग बिना लाभ-हानि की फिक्र किये विधेयक के विरोध में डटे रहे।अब पूरी मोदी सेना विपक्षी सांसदों को काफिर ठहराने पर` लगी है। यानी मुसलमानों का समर्थन करना काफिर होना है और विरोध करना सनातनी होना है।
भारत की आजादी के पहले के और बाद के इतिहास में किसी एक बिरादरी के साथ इस तरह के दोयम दर्जे के नागरिकों जैसा बर्ताव कभी नहीं हुआ। मुगलों के जमाने में तो ऐसे बर्ताव का सवाल ही नहीं उठता लेकिन अंग्रेजों ने भी ये जुर्रत नहीं की जो आज की जा रही है। सरकार` की रीती,नीति और कार्यक्रम न जाने क्यों अचानक मुसलमान विरोधी हो गए हैं। सरकार अपने कार्यक्रमों और नीतियों के जरिये मुसलमानों को मुसलमान बना देने पर आमादा है। लेकिन ऐसा होगा नहीं।` सरकार के मुस्लिम विरोधी रवैये से मुसलमान` को अपने शुभचिंतक चुनने में पहले के मुकाबले ज्यादा आसानी होगी।
अभी तक राजनीतिक` दलों पर मुसलमानो को तुष्ट करने का आरोप लगता था किन्तु अब मुसलमानों के हाथ में ये मौका आया है की वे अपनी पसंद के राजनीतिक दलों को तुष्ट और पुष्ट करें। मुसलमान` किस दल के साथ रहना चाहते हैं ये तय करने वाले हम और आप कोई नहीं हैं किन्तु हम लोकतंत्र में अधिनायक की पहचान में सबकी मदद कर सकते है।` मुसलमानों की भी और हिन्दुओं की भी। आज से पचास साल पहले हम और इशाक भाई एक साथ एक क्लास में पढ़ते थे,खाते थे,खेलते थे । हमारी माँ और फरीदा बेगम में बहुत फर्क नहीं था । दोनों के आंचल की छांव एक जैसी थी ,लेकिन अब सब बदल चुका है।` न इशाक` हमारे साथ और` न फरीदा बेगम। सियासत ने सभी को पराया बना दिया है। कोई डर की वजह से पराया हुआ है तो कोई सियासत की वजह से ।
संख्या बल के चलते वक्फ बोर्ड विधेयक राजयसभा में भी आसानी से पारित` होगा,इसलिए वहां इस विधेयक पर बहस करने का कोई मतलब नहीं है। बहुमत के बूटों से अक्लियत का कुचला जाना अकलियत के लोगों की नियति बन चुकी है। फिर भी उम्मीद है कि बी भारत में जैसे हिलमिलकर हम सब` रहते थे वैसे ही आगे भी रहेंगे। नहीं रहेंगे तो सब बर्बाद हो जायेंगे। हमारा भी वही हाल होगा जो किसी जमाने में महाराणा प्रताप का हुआ,छत्रपति शिवाजी का हुआ। छत्तरसाल का हुआ,लक्ष्मीबाई का हुआ। बंटा हुआ समाज कभी देश की ताकत नहीं हो सकता। बंधी हुई मुठ्ठी ही लाख की होती है,खुल गयी तो ये मुठ्ठी खाक की हो जाती है। मैं न काफिर हूँ` और न मुसलमान ,लेकिन मैं भी उसी तरह सनातनी भारतीय हूँ जिस तरह इस देश के सनातनी मुसलमान हैं। उनका भाग्य बैशाखी लगाकर सरकार चलने वाले तय नहीं कर सकते। किन्तु दुर्भाग्य है कि वे ऐसा कर रहे हैं।
ऐसे मौकों पर मुझे ' मेरे महबूब 'फिल्म का वो` गीत` अक्सर याद आता है जिसे शकील बदायूनी ने लिखा था। -कोई देखे या न देखे ,अल्ला देखे` रहा है।' हमारी सरकार अल्लाह की सरकार नहीं है । वो राममजी की सरकार है इसलिए अल्लाह से डरती नहीं है ।` उसके लिए ईश्वर,अल्लाह तेरो ही नाम नहीं है। वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक से हमारा कुछ बनना और बिगड़ना` नहीं है ।` जिनका बनना और बिगड़ना है ,उन्हें तय करना है कि वे इस मसले पर कैसे अपनी प्रतिक्रिया दें। उनके सामने दोनों विकल्प हैं। वे चाहें तो सरकार के सामने घुटने टेकेन और न चाहें तो सरकार को घुटे टेकने पर विवश करें। सरकार को न अदालत रोक सकती है और न अल्ला।` सरकार को केवल और केवल वोट रोक सकता है। जो वोट की ताकत नहीं जानते,वे कुछ नहीं जानते।
इस देश में रामजी कि सरकार कभी हिन्दू मंदिरों के न्यासों के घपलों के बारे में कभी गंभीर नहीं हो सकती । कभी ये नहीं कहने वाली कि सौ साल पहले हिन्दू मंदिरों की आय कितनी थी और आज कितनी है ।` सौ साल पहले हिन्दू मंदिरों कि सम्पत्ति कितनी थी और` आज कितनी है ?ये सरकार कभी ये देखना और जानना या रोकना पसंद नहीं करेगी कि हिन्दू मंदिरों के ट्रस्टों कि आड़ में देश के राजे-महाराजाओं ने अपनी कितनी सम्पत्ति कराधान से बचा रखी है ? अकेले ग्वालियर में एक ही राज परिवार के 19` ट्रस्ट इसी तरह से करचोरी के धंधे में` लगे हैं। हरि अनंत ,हरि कथा अनंता ।
@ राकेश अचले

**@ राकेश अचल**

## कविता - पहलगाम में पाप हुआ है !

**(प्रस्तुति - विजय सिंह, बलिया (उत्तर प्रदेश)**

पहलगाम में पाप हुआ है,
अब प्रतिशोध निभाना है ।
आतंकवाद के कीड़ों को,
सही उपचार दिलाना है ।।
घुसपैठियों का आह्वाद है ये,
मजहब का उन्माद है ये।
भारत के स्वर्ग में रक्त बहाना,
भीषण अत्याचार है ये ।।
पर्यटकों का दोष नहीं था,
फिर भी उनको मार दिया।
उनके पत्नी और बच्चों को,
तुमने बहुत लाचार किया।।
सिंधु जल सन्धि के जरिए,
हमने उनकी प्यास बुझाई।
वीरान पड़े उन खेतों में,
हमने जल की राह बनाई ।।
तुमने बहुत मक्कारी कर दी,
हमसे ही गद्दारी कर दी।
हम भी अपना वार करेंगे,
बहुत बेकार की यारी कर ली ।।
मासूमों को मारा तुमने,
सिर्फ मजहब के नाम ।
कलमा पढ़वा-पढ़वा कर के,
किया घिनौना काम ।।
एक बूंद पानी को भी,
अब तुमको तरसाएंगे।
सिंधु के जल को अपने,
खेतों में ही बरसाएंगे ।।
राजनयिक दुकानों पर भी,
अब जल्दी से ताले जड़ दो।
भारत के पावन धरती को,
अब जल्दी से खाली कर दो ।।
हमने बहुत इरादे कर ली,
डिप्लोमेटिक बातें कर ली।
समझौता एक्सप्रेस चलवा कर,
अपनी कोशिश जियादे कर लीं ।।
राजदूतों के तंबू को हमने,
दिल्ली से उखाड़ दिया।
विजय! राष्ट्र सुरक्षित करने को,
हमने वीजा फाड़ दिया।।
सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए,
हमने पहले भी समझाया था।
सार्क देशों को यहाँ बुलाकर,
पहले भी दिखलाया था।।
तुम भी देखोगे भारत का,
अब एक नया तराना है।
पहलगाम में पाप हुआ है,
अब प्रतिशोध निभाना है।।

# भारत विभाजन के बाद भारत और पाकिस्तान कई बार पहुंचे युद्ध के मुहाने पर

**अशोक भाटिया , मुंबई**

पहलगाम में जो नरसंहार हुआ उसके बाद भारत बदला लेने की तैयारी कर रहा है। बदला सर्जिकल स्ट्राइक, एयरस्ट्राइक के जैसा होगा या फिर इससे बहुत बड़ा होगा। इसका अंदाजा इस बात से लगा लीजिए कि आईएनएस विक्रांत 18 फाइटर जेट लेकर समुद्र में उतर चुका है। सेना का डिप्लायमेंट लगातार बॉर्डर पर हो रहा है। सेना के प्रमुख खुद पहलगाम पहुंच चुके हैं और राज्यपाल के साथ सीएम से बात की। साथ गृह मंत्री ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्री से बात की और राष्ट्रपति के पास गृह मंत्री और विदेश मंत्री एक लाल रंग की फाइल लेकर गए। जिसमें क्या था ये अब तक पता नहीं चल पाया है। मतलब बदला तो इस बार भारत का ऐसा होगा कि पाकिस्तान पानी नहीं मांगेगा। लेकिन इस हमले से पहले ही पाकिस्तान बुरी तरह बौखलाया हुआ नजर आ रहा है।
यह कोई पहली बार नहीं है जब भारत और पाकिस्तान युद्ध के मुहाने पर पहुंचे हों। इससे पहले भी कई मौके आए हैं जब दोनों मुल्कों के बीच तनाव इस कदर बढ़ा कि हालात जंग जैसे बन गए। 1947, 1965 और 1971 में तो दोनों देशों के बीच युद्ध भी हुए थे। अब एक बार फिर इतिहास दोहराने की स्थिति में दोनों देश खड़ा है। आईये जानते हैं कि, 1971 युद्ध के बाद कब-कब भारत और पाकिस्तान जंग के करीब पहुंचा और क्या परिणाम रहे।
दिसंबर 1986 में भारत ने ऑपरेशन ब्रासस्टैक्स शुरू किया था। इसकी कल्पना तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल कृष्णास्वामी सुंदरजी ने की थी। 1986-1987 की सर्दियों में, भारत ने टैंकों और सैनिकों को ऐसे उतारा, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से शांति के समय में नहीं देखा गया था। भारत के ऑपरेशन ब्रासस्टैक्स ने पाकिस्तान को चौंका दिया। जनवरी 1987 में, लगभग आधी भारतीय सेना पाकिस्तान सीमा के पास तैनात थी। जिसमें 10 डिवीजन और तीन ब्रिगेड शामिल थे, जो पाकिस्तान सीमा से 180 किमी के भीतर तैनात थे। ऑपरेशन ब्रासस्टैक्स दुनिया द्वारा देखे गए किसी भी नाटो अभ्यास से बड़ा था। पंजाब में उग्रवाद और कश्मीर में पाकिस्तान निर्मित अशांति ने भारत की स्थिरता को चुनौती दी, जिसके कारण भारत को 1987 में ऑपरेशन ब्रासट्रैक का सहारा लेना पड़ा।

कश्मीर-पंजाब की सीमाओं पर लामबंदीः जल्द ही ऑपरेशन ब्रासटैक्स का ध्यान जम्मू-कश्मीर और पंजाब पर चला गया। क्योंकि पाकिस्तान ने अपने स्ट्राइक रिजर्व को इन संवेदनशील क्षेत्रों के करीब पहुंचा दिया। इसका मुकाबला करने के लिए, भारत ने किसी भी आश्चर्यजनक हमले को रोकने के लिए अपनी सैन्य स्थिति का विस्तार किया।

पाकिस्तान की इस तैनाती से भारत के प्रमुख क्षेत्रों, गुरदासपुर, अमृतसर और फिरोजपुर को अलग-थलग करने की धमकी दी गई। क्योंकि उसने हरिके बैराज पर पुल को निशाना बनाया, जिससे जम्मू और कश्मीर क्षेत्र तक पहुंच बंद हो गई। "इसके बाद भारत ने सीमा पर अपनी रक्षात्मक स्थिति पर कब्जा करने के लिए सैनिकों की एक बड़ी हवाई और जमीनी आवाजाही की, जिसके परिणामस्वरूप तनाव और बढ़ गया।
इन बढ़ते तनावों के बीच ए।क्यू। खान ने खुलासा किया कि पाकिस्तान ने हथियार स्तर तक यूरेनियम को समृद्ध कर लिया है और वह परमाणु परीक्षण कर सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि, "कोई भी पाकिस्तान को नष्ट नहीं कर सकता या हमें हल्के में नहीं ले सकता। यदि आवश्यक हुआ तो हम बम का उपयोग करेंगे।"
मार्च 1987 में भारत और पाकिस्तान ने कश्मीर क्षेत्र से 1,50,000 सैनिकों को वापस बुलाने के लिए एक समझौता किया। जिसके बाद उसी महीने राजस्थान और दक्षिणी पंजाब के रेगिस्तानी इलाकों में सैन्य उपस्थिति को कम करने के लिए एक दूसरा समझौता हुआ। हालांकि, मार्च 1987 में भारतीय सेना ने 1,50,000 सैनिकों के साथ ऑपरेशन ब्रासट्रैक्स का अंतिम चरण शुरू किया।
1990 में दोनों देश फिर से एक बड़े युद्ध के मुहाने पर खड़े थे। खबरों के मुताबिक, भारत ने एक बार फिर हथियारों और सैन्य उपकरणों के विशाल जखीरे के साथ राजस्थान की सीमा पर सशस्त्र बटालियनों को तैनात किया था।
कश्मीर और पंजाब में सशस्त्र समूहों की गतिविधियों से चिंतित होकर, अगस्त 1989 के प्रारम्भ में, भारत सरकार ने अपने बलों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया, जिसमें मुख्य रूप से अर्धसैनिक बल शामिल थे। बाद में पैदल सेना बटालियनों को भी इसमें शामिल किया गया।
पाकिस्तान ने भारत के साथ सीमा के उसी हिस्से में ह्यजर्ब-ए-मोमिनह्न नाम से कोर-स्तरीय सैन्य अभ्यास भी शुरू किया। बड़े पैमाने पर किए गए इस अभ्यास में तीन फील्ड कोर, दो बख्तरबंद ब्रिगेड, दो आर्टिलरी डिवीजन और पाकिस्तानी सेना की एक एयर-डिफेंस डिवीजन की तैनाती शामिल थी। इसे देश का अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास माना गया।
13 मार्च, 1990 को पाकिस्तान की तत्कालीन प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने पीओके में उतरकर कश्मीरी उग्रवादियों के समर्थन में भारत के खिलाफ "हजार साल तक युद्ध" की घोषणा की। मई में, अमेरिकी जासूसी उपग्रहों ने कथित तौर पर कहुटा में शीर्ष-गुप्त परमाणु हथियार परिसर से भारतीय सीमा के पास एक सेना के एयरबेस की यात्रा कर रहे पाकिस्तानी सैन्य वाहनों की तस्वीरें खींचीं।
पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख जनरल मिर्जा असलम बेग ने कहा है कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने 1990 में वायु सेना (पीएएफ) को भारतीय परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करने के लिए तैयार रहने को कहा था।

खोजी पत्रकार सेमोर हर्ष के अनुसार, भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री वी।पी। सिंह ने परमाणु खतरे की आशंका नहीं जताई थी। लेकिन उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी थी कि वह बिना युद्ध के कश्मीर पर कब्जा नहीं कर सकता।
आर्म्स कंट्रोल एसोसिएशन के अनुसार, मई 1990 में राष्ट्रपति बुश ने अपने उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट गेट्स को इस क्षेत्र में भेजा। भारतीय और पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ उनकी बैठकों ने स्थिति को शांत करने में मदद की। भारत ने वर्ष की शुरूआत में तैनात की गई कुछ इकाइयों को वापस बुलाने की घोषणा की और संकट कुछ ही हफ्तों में समाप्त हो गया। बुश प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बाद में दिए गए विवरणों में संकट को परमाणु युद्ध के करीब बताया गया।
कारगिल में भारत और पाकिस्तान पूर्ण युद्ध के करीबः 1999 में, कश्मीरी लड़ाकों की वेशभूषा में पाकिस्तानी सैनिकों ने कश्मीर के कारगिल सेक्टर में रणनीतिक चोटियों पर कब्जा कर लिया था। भारत ने चोटियों को वापस पाने के लिए बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान चलाया। भारी तोपखाने की लड़ाई और हवाई हमलों के साथ स्थिति तेजी से बिगड़ती गई। भारत ने संघर्ष को आगे नहीं बढ़ाया और छडउ के अपने हिस्से पर ही रहा। आखिरकार भारत पाकिस्तानी घुसपैठियों को भारतीय क्षेत्र से बाहर निकालने में कामयाब रहा।
भारतीय संसद पर हमलाः 2001 में जब जैश-ए-मोहम्मद ने भारतीय संसद पर हमला किया, तब भारत और पाकिस्तान लगभग युद्ध के कगार पर थे। संसद पर हमले के बाद भारत ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बड़े पैमाने पर सेना जुटाई। भारत ने ऑपरेशन पराक्रम के तहत अपनी सेना जुटाई और पाकिस्तान ने भी इसी तरह की सेना जुटाई। लगभग 10 महीनों तक, दक्षिण एशिया हाई अलर्ट पर रहा। तनाव को कम करने के लिए विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य राज्यों द्वारा गहन कूटनीतिक प्रयास किए गए। आखिरकार, दोनों पक्षों ने अपनी सेना वापस बुला ली।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# नेहा राठौर के देशविरोधी ट्वीट के खिलाफ लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस को दी तहरीर



रविवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने 'का बा फेम' नेहा राठौर द्वारा किये जा रहे लगातार ट्वीट और वीडियो को देश-विरोधी कृत्य बताते हुए लोनी विधायक ने मामलें में रासुका के तहत मुकदमा दर्ज करने के लिए लोनी कोतवाली में अपनी तहरीर दी। अपने तहरीर में विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा आतंकी हमले के बाद पूरा देश एकजुट है लेकिन नेहा राठौर नामक महिला के द्वारा अपने ट्वीट व वीडियो संदेश से देश के खिलाफ सुनियोजित प्रोपेगंडा और पाकिस्तान के लिए सहानुभूति तैयार करने का काम किया जा रहा है जो कि देश के खिलाफ युध्द और किसी बड़े षड्यंत्र का हिस्सा है

### विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि

नेहा राठौर द्वारा अपने एक्स (पूर्व में ट्वीटर) एकाउंट https://x.com/nehafolksinger पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर लगातार आपत्तिजनक, भ्रामक और देशविरोधी ट्वीट और वीडियो संदेश जारी किया जा रहा है इससे यह साबित हो गया है कि यह भारत में आ-ईएसआई के एजेंट के रूप में कट्टरपंथी देशों से फंडिग लेकर कार्य कर रही है। लोगों की नृशंस हत्या का बचाव और आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान की जगह अपने ही देश की सरकार और सुरक्षाबलों को जिम्मेदार बताना देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने और किसी बड़े षड्यंत्र का हिस्सा है। इस समय जब पूरा देश, पूरा विपक्ष सभी सामाजिक संगठन एक है और लोगों में भारी जनाक्रोश है, ऐसी स्थिति में इनके ट्वीट और बयान पाकिस्तानी मीडियो अपने चैनलों पर और पाकिस्तान नेटीजन सोशल मीडिया पर प्रसारित कर आतंकी हमले के पीछे भारतीय साजिश का नैरेटिव तैयार करने का प्रयास कर रही है जिसका उद्देश्य भारत के खिलाफ नकारात्मक माहौल बनाना और हमारे देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूमिल करना है। यह ट्वीट, पोस्ट और वीडियो की आढ़ में देश के खिलाफ जहर उगलकर दुश्मन देश की मदद कर रहे है जोकि आतंकी गतिविधि का हिस्सा है। नेहा राठौर का यह कृत्य कानूनी तौर पर देशद्रोह, विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना, सार्वजनिक शांति भंग करने वाला तथा आईटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करने योग्य है । विधायक ने कहा कि नेहा राठौर के विरुद्ध रासुका व अन्य धा-राओं में मुकदमा पंजीकृत कर, फास्ट ट्रैक अदालत में मुकदमा चलाकर कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि देशविरोधी गतिविधियों पर सख्त अंकुश लगाया जा सके और भविष्य में इस प्रकार की प्रवृत्तियों को बढ़ावा न मिले।

# सेक्टर-७५ पहलगाम आतंकवादी हमले में जान गँवाने वाले पर्यटकों को श्रद्धांजलि किया अर्पित

दैनिक समाज जागरण

नोएडा।२७ अप्रैल।सेक्टर-७५ स्थित गोल्फसिटी प्लॉट-८ के सैकड़ों निवासियों ने रात्रि में अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा की अध्यक्षता में पहलगाम (जम्मू और कश्मीर) में २२ अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को याद करने और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए कैंडल मार्च निकाला और शोक सभा का आयोजन किया।सेक्टर-७५ के सैकड़ों निवासी हाथ में मोमबत्ती लेकर सोसाइटी स्थित श्री शिव मंदिर के निकट वाले पार्क में इकट्ठा हुए और वहाँ से मौन जुलूस के रूप में चलकर पूरी सोसाइटी में कैंडल मार्च निकाला।कैंडल मार्च के समापन के पश्चात सभी लोग पार्क में फिर एकत्रित हुए और हमले के मृतक पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया।उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने कहा कि हिंसा के इस कृत्य ने हम सभी को झकझोर कर रख दिया है और यह हमारा सामूहिक कर्तव्य है कि हम शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता से खड़े हों और इस तरह के कायरतापूर्ण आतंकवादी कृत्यों के खिलाफ एक मजबूत संदेश भेजें।

# स्नेह सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रथम सम्मान समारोह का हुआ आयोजन।

दैनिक समाज जागरण



कानपुर विशेष संवाददाता। आज दिनांक 27 अप्रैल 2025 को शहीद पार्क योगेंद्र विहार खाडेपुर में सांस्कृतिक एवं प्रबुद्ध जनों का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की महिला बाल विकास एवं पुष्टाहर राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त किये। वही अतिथि किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि माता-पिता गुरु का सम्मान जो युवा करते हैं उनका जीवन हमेशा खुशहाल रहता है। कार्यक्रम के अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष कानपुर देहात राजकुमार तिवारी ने किया एवं संचालन राष्ट्रीय लोकदल जनपद औरैया के जिलाध्यक्ष सागर शुक्ला ने किया। इस अवसर प्रमुख रूप से राष्ट्रीय लोक दल कानपुर महानगर अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान, सोनू तिवारी, रजनीश तिवारी, राजन बाजपेई,मनोज कुमार शुक्ला,शि-वकुमार शर्मा,राजा सिंह चंदेल, पुष्पा तिवारी, अनीता गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## संवेदनशील, सहयोगात्मक और पीस पत्रकारिता हमारा उद्देश्य

# सार्क जर्नलिस्ट फोरम ने जारी की घोषणा पत्र

दैनिक समाज जागरण

सार्क जर्नलिस्ट फोरम इंडिया चैप्टर द्वारा आयोजित दो दिनों तक चले अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के बाद सार्क जर्नलिस्ट फोरम ने अपना घोषणा पत्र जारी किया । सार्क जर्नलिस्ट फोरम झ इंडिया चैप्टर द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरूआत एक गहन संवेदना और दृढ़ प्रतिरोध के साथ हुई, जिसमें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हाल ही में हुए आतंकी हमले की सर्वसम्मति से निंदा की गई। इस कायरतापूर्ण कुकृत्य ने न केवल निर्दोष नागरिकों की जान ली, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता, मानवता और संवाद के मूल्यों पर भी आघात पहुँचाया।

संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आतंकवाद किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं हो सकता, और ऐसे हमले संवाद, लोकतंत्र एवं शांति की राह में सबसे बड़ी बाधा हैं। विशेष रूप से, पत्रकारिता समुदाय को ऐसे हमलों के विरोध में एकजुट होकर, सच को सामने लाने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने यह भी आग्रह किया कि स-रकारें और अंतरराष्ट्रीय निकाय ऐसे हिंसक कार्यों के विरुद्ध मिलकर नीति निर्धारण करें ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। वक्ताओं ने साझा किया कि किस प्रकार पत्रकारिता सीमाओं से परे जाकर सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक संवाद और शांति निर्माण में योगदान दे सकती है।

भारत, पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और भूटान जैसे देशों में पत्र-ाकारिता को कई बार राजनीतिक दबावों और आंतरिक संघर्षों का सामना करना पड़ा है, लेकिन इसके बावजूद मीडिया ने जनमत निर्माण, लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवाधिकारों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सार्क देशों के प्रतिनिधियों ने यह साझा किया कि पत्रकारों का आपसी सहयोग, क्रॉस-बॉर्डर पत्रकारिता प्रोजेक्ट्स, और साझा मंचों के जरिए संवाद की संस्कृति को मजबूती दी जा सकती है। दक्षिण एशिया में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रश्न

संगोष्ठी के एक अन्य प्रमुख सत्र में ह्लदक्षिण एशिया में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रताह्व पर केंद्रित विमर्श हुआ, जिसमें यह प्रश्न उठाया गया कि क्या पत्रकारिता वास्तव में स्वतंत्र है।वक्ताओं ने बताया कि कैसे विभिन्न देशों में पत्रकारों को सेन्सरशिप, धमकियों, फर्जी मुकदमों और शारीरिक हमलों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद अनेक पत्रकार सत्य के पक्ष में डटे रहते हैं।

वक्ताओं ने यह भी रेखांकित किया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता केवल पत्रकारों का अधिकार नहीं, बल्कि यह नागरिकों का भी मूलभूत अधिकार है झ जिसे संरक्षित रखना किसी भी लोकतंत्र की जिम्मेदारी है। इस सत्र के अंत में यह प्रस्ताव रखा गया कि दक्षिण एशियाई देशों को मिलकर एक संयुक्त ह्लमीडिया फ्रीडम चार्टरह्व की दिशा में कार्य करना चाहिए।

*. आतंकवाद की निंदा*




संगोष्ठी में आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट वैश्विक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया गया।

विशेषकर पत्रकारों पर होने वाले आतंकी हमलों और धमकियों को लेकर चिंता व्यक्त की गई। दुनिया भर में कई पत्रकार केवल इसलिए मारे गए क्योंकि वे सच बोलने की कोशिश कर रहे थे।

वक्ताओं ने दो टूक कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध केवल सैन्य कार्रवाई ही नहीं, बल्कि वैचारिक, सामाजिक और संवादात्मक मोर्चे पर भी संघर्ष जरूरी है झ और इस मोर्चे पर पत्रकारों की भूमिका केंद्रीय है।

विचार हुआ कि मीडिया को केवल खबरों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसे शांति और करुणा के विचार को भी समाज में स्थापित करना होगा। पत्रकार सुरक्षा अधिनियम की आवश्यकता पर बल दिया गया। संगोष्ठी के समापन सत्र में ह्लपत्रकार सुरक्षा अधिनियमह्व की आवश्यकता पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने साझा किया कि भारत सहित दक्षिण एशिया के कई देशों में पत्रकारों की स-ुरक्षा को लेकर कोई समर्पित कानून नहीं है। हर वर्ष सैकड़ों पत्रकार जान जोखिम में डालकर रिपोर्टिंग करते हैं, कई बार सत्ता और अपराधियों के गठजोड़ से उन्हें खतरा होता है। ऐसे में एक ठोस और प्रभावशाली पत्रकार सुरक्षा अधिनियम की मांग अब केवल पत्रकारों की नहीं, बल्कि नागरिक समाज की भी हो गई है। प्रतिनिधियों ने कहा कि यह अधिनियम केवल सुरक्षा ही नहीं, बल्कि पत्रकारों के कार्य की गरिमा और स्वतंत्रता की भी रक्षा करेगा। यह प्रस्ताव भी पारित किया गया कि सरकारों को इस दिशा में तत्काल पहल करनी चाहिए, और पत्रकार संगठनों को मिलकर इस पर संयुक्त आंदोलन चलाना चाहिए।

पत्रकारिता की भाषा में संवेदनशीलता, संयम और शालीनता का प्रयोग**

अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में पत्रकारिता की भाषा को लेकर एक गंभीर विमर्श प्रस्तुत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज के दौर में जब सूचनाएं त्वरित गति से प्रसारित होती हैं, तब पत्रकारों की भाषा शैली और कथन की मयार्दा अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं होती, बल्कि वह दृष्टिकोण और मूल्यों की भी वाहक होती है। इसलिए पत्रकारों को संवेदनशील, संतुलित, संयमित और शालीन भाषा का प्रयोग करना चाहिए। विशेषकर जब वे समाज के किसी दुखद पहलू, किसी आपदा या संघर्ष को कवर कर रहे हों, तब भाषा का संयम और भी आवश्यक हो जाता है।

वक्ताओं ने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कैसे कुछ चैनल ळफ्ढ की दौड़ में भाषा की मयार्दा तोड़ देते हैं, जिससे पीड़ितों की गरिमा को ठेस पहुँचती है और समाज में विभाजन गहराता है।

सत्र में यह भी चर्चा हुई कि भाषा की संवेदनशीलता ही पत्रकार की संवेदनशीलता का संकेत है। अतः मीडिया प्रशिक्षण में भाषा की नैतिकता और मानवतावादी दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

सातवें सत्र का फोकस इस विचार पर रहा कि पत्रकारिता किस प्रकार दक्षिण एशियाई देशों के बीच शांति और सहयोग को बढ़ावा दे सकती है। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि पत्रकारिता महज आलोचना या विरोध की नहीं, बल्कि सेतु निर्माण की भी शक्ति रखती है।

यदि मीडिया सीमाओं के पार एक-दूसरे के समाज, संस्कृति, संघर्ष और उपलब्धियों को सही ढंग से प्रस्तुत करे, तो आपसी समझ बेहतर हो सकती है। इससे राजनैतिक कटुता कम होगी और जनसामान्य में पारस्परिक विश्वास पनपेगा।

इस अवसर पर कई ऐसे प्रोजेक्ट्स का उल्लेख हुआ जो भारतीय और पाकिस्तानी पत्रकारों द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए हैं। ऐसे प्रयासों से यह प्रमाणित होता है कि संवाद और सहयोग की राह पत्रकारों के प्रयासों से प्रशस्त हो सकती है। सत्र का निष्कर्ष यह रहा कि पत्रकारिता को संघर्ष की खबरें दिखाते हुए भी आशा, समाधान और सह-अस्तित्व की संभावना प्रस्तुत करनी चाहिए।

पूल पत्रकारिता की शुरूआत*

संगोष्ठी के आठवें बिंदु में ह्यपूल पत्रकारिताह्ल की अवधारणा पर चर्चा हुई, जिसे आज की व्यावहारिक जरूरत बताया गया। पूल पत्र-ाकारिता का आशय है झ संसाधनों, रिपोर्टों और कवरेज को साझा करना, विशेष रूप से संवेदनशील या सीमित पहुंच वाले क्षेत्रों में।

वक्ताओं ने बताया कि कैसे प्राकृतिक आपद-ाओं, सीमावर्ती क्षेत्रों या संघर्ष प्रभावित इलाकों में एक ही खबर को दर्जनों चैनल या संस्थान अलग-अलग कवर करते हैं, जिससे न केवल आर्थिक संसाधनों की बबार्दी होती है, बल्कि खबर की सटीकता और गंभीरता भी प्रभावित होती है।

पूल पत्रकारिता न केवल कार्यकुशलता बढ़ाती है, बल्कि सूचना की एकरूपता, संतुलन और सत्यता भी सुनिश्चित करती है। साथ ही, यह एकजुटता और सहयोग की संस्कृति को भी बढ़ावा देती है, जो संगोष्ठी के मूल विषय झ शांति और सहयोग झ से सीधे जुड़ा है।

वक्ताओं ने सुझाव दिया कि रअअफ्छ देशों के बीच पत्रकारिता पूल बनाए जाएं, ताकि क्षेत्रीय संकटों, जलवायु मुद्दों या मानवीय आपदाओं पर मिलकर कवरेज हो सके।

सीमा पार की सकारात्मक न्यूज*

नवम सत्र में एक अत्यंत प्रेरणादायक विषय पर विमर्श हुआ झ ह्लसीमा पार की सकारात्मक खबरेंह्व वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि नकारात्मक और उत्तेजक खबरों के कारण ही सीमावर्ती देशों के बीच शंकाएँ और दुश्मनी की भावना बढ़ती है। यदि मीडिया यह निर्णय करे कि वह सीमापार की अच्छी खबरें भी दिखाएगा झ जैसे कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सामाजिक विकास, शिक्षा, खेल, या मानवीय सहयोग झ तो एक नई सोच की शुरूआत हो सकती है। पाकिस्तान में एक हिंदू डॉक्टर का योगदान, नेपाल में किसी भारतीय संस्थान की मदद, या अफगानिस्तान में भारतीय शिक्षक का कार्य झ ये वो कहानियाँ हैं जो दिलों को जोड़ सकती हैं। वक्ताओं ने कहा कि हमें रचनात्मक पत्रकारिता ह्न की ओर बढ़ना चाहिए, जो न केवल समस्या बताए, बल्कि समाधान भी स-ुझाए। ऐसे प्रयासों से यह स्पष्ट संदेश जाएगा कि हमारी सीमाएँ भले अलग हों, पर मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं की जमीन एक है।

घोषणा पत्र में

अफगानिस्तान में पत्रकारों पर हो रहे लगातार हमलों की तीव्र निंदा की गई। यह बताया गया कि वहां पत्रकारों के लिए कार्य करना जीवन-मरण का प्रश्न बन चुका है। तालिबान शासन के बाद से अफगान पत्रकारों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से वंचित किया जा रहा है, महिला पत्रकारों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है, और पत्रकार संगठनों को जबरन बंद किया गया है। प्रतिनिधियों ने यह साझा किया कि कैसे स्वतंत्र प्रेस पर अंकुश लगाकर एक राष्ट्र को मौन और अंधकार में ढकेला जा रहा है। यह केवल अफगानिस्तान की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए चेतावनी है। वक्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र,यूनेस्को और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों से आग्रह किया कि अफगान पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति के अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। सत्र का समापन इस विचार के साथ हुआ कि जब तक एक पत्रकार स्वतंत्र नहीं है, तब तक कोई समाज पूर्णतः स्वतंत्र नहीं हो सकता। भारतीय चैप्टर के अध्यक्ष सुधांशु अनिरुद्ध ने कहा कि भारत शांति माना चैन वाला देश है और हम इस समारोह से दुनिया भर में शांति का संदेश देंगे।

# दिल्ली यातायात सलाह: जेएलएन, बहादुर शाह जफर मार्ग पर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित; डीसी बनाम आरसीबी आईपीएल मैच के लिए रूट डायवर्जन देखें

दिल्ली यातायात पुलिस ने रविवार, 27 अप्रैल को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले एक सलाह जारी की। लोगों को आसपास के इलाकों में भारी यातायात और देरी का सामना करना पड़ सकता है। शाम 7:30 बजे शुरू होने वाले इस मैच में बड़ी संख्या में भीड़ जुटने की उम्मीद है, जिससे बहादुरशाह जफर मार्ग (बीएसजेड), जवाहरलाल नेहरू (जेएलएन) मार्ग और आसफ अली रोड सहित प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रभावित होने की संभावना है। मैच देखने आने वाले दर्शकों के लिए यातायात सलाह मैच देखने आने वाले दर्शकों के शाम 5:30 बजे से रात 12:00 बजे के बीच पहुंचने की उम्मीद है, जिससे आसपास के इलाकों में यातायात बाधित होने की संभावना है।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में मधु विहार में कैंडल मार्च

दैनिक समाज जागरण

नई दिल्ली (महेश मिश्रा): पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में मधु विहार में कैंडल मार्च, राष्ट्रीय एकता और शांति का संदेश जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा 28 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में आज मधु विहार बस स्टैंड से छठ घाट तक एक विशाल कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मधु विहार वार्ड सहित आसपास के क्षेत्रों के संभ्रांत नागरिकों, व्यापारिक संगठनों, विभिन्न आरडब्ल्यूए और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने जलती मोमबत्तियों और तख्तियों के साथ मधु विहार, भरत विहार रोड, राजापुरी, डी-ब्लॉक, सोलंकी मार्केट, सीसी-वन, ए-वन, बी-वन मार्गों से होते हुए छठ घाट तक मार्च निकाला। पूरे मार्ग में पाकिस्तान विरोधी नारे लगाकर आतंकवाद की कठोर निंदा की गई।

छठ घाट पर एक सभा का आयोजन हुआ जिसमें राष्ट्रीय युवा चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर फोरम के चेयरमैन तथा आरडब्ल्यूए



मधु विहार के प्रधान रणबीर सिंह सोलंकी ने कहा "यह आतंकवादी हमला पाकिस्तान के नापाक इरादों का परिचायक है। हमारा देश विभिन्न धर्मों, जातियों और समुदायों का सुंदर संगम है। हम सब सबसे पहले भारतीय हैं। आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक इसका समूल नाश नहीं हो जाता।"

सभा में श्री सतीश प्रधान, सरदार प्रेम प्रभाकर, गणेश शर्मा, साहब आलम, हरिश्चंद्र राय, आरके शर्मा, तनवीर अंजुम, अन्नपूर्णा राणा, हरीराज चौहान, अनुज चौधरी, आर डी अग्रवाल, हाजी अब्दुल,शमशाद, इरफान, गुलजार, सलमान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय एकता और शांति का संकल्प:

मार्च और सभा के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि भारत की विविधता ही उसकी असली ताकत है। देश के विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग मिल-जुलकर शांति, भाईचारे और एकता के साथ एक मजबूत भारत के निर्माण के लिए कटिबद्ध हैं। आतंकवाद जैसी विभाजनकारी शक्तियां हमारे आपसी सौहार्द को तोड़ने में कभी सफल नहीं होंगी। हम सब मिलकर एक शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समृद्ध भारत का निर्माण करेंगे।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया गया

दैनिक समाज जागरण

जनपद श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती, श्री घनश्याम चौरसिया के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज प्रभारी यातायात मो0 शमीम द्वारा जनपद में सड़क दुर्घटनाओ की रोक थाम के उद्देश्य से थाना गिरन्ट क्षेत्रान्तर्गत बदला चौराहा में सघन चेकिंग अभियान चलाकर अवैध तरीके से चलाये जा रहे बिना रजिस्ट्रेशन, बिना नंबर प्लेट ई रिक्शा वाहनो एवं सवारी वाहनों के मानक से अधिक सवारी बैठने के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही किया गया। इसके अलावा प्रभारी यातायात द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर चलाये गये



विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत जनपद के विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग कर बिना हेलमेट, तीन सवा-री, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने, व ई रिक्शा व टेंपो में मानक से अधिक सवारी बैठने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किया गया । इसके अलावा प्रभारी यातायात द्वारा आम जनमानस को एकत्र कर समस्त को यातायात नियमों जैसे बिना हेलमेट वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मादक पदार्थो का सेवन न करने, बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने आदि के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ-साथ प्रभारी यातायात द्वारा दिनांक 10/05/2025 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे मे लाउड हेलर के माध्यम से आम जनमानस को अवगत करा कर अपने लम्बित वादो/लम्बित चालानो आदि का निस्तारण कराने हेतु जागरूक किया तथा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल मदद पहुंचाने के संबंध में जागरूक किया गया।

# राष्ट्रचिंतना की 26 वीं मासिक गोष्ठी

## वक्फ संशोधन अधिनियम-बंगाल में हिंसा विषय पर की गई आयोजित ।




दैनिक समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा।। 27 अप्रैल, 2025 दिन रविवार को राष्ट्रचिंतना की 26 वीं मासिक गोष्ठी प्रिंस इंस्टिट्यूट ऑफ इन्नोवेटिव टेक्नोलॉजी, नॉलेज पार्क 3 के सभागार में वक्फ संशोधन अधिनियम-बंगाल में हिंसा विषय पर आयोजित की गई।

विषय परिचय करवाते हुए प्रोफेसर विवेक कुमार निदेशक एमिटी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने कहा की मोहम्मद साहब के समय में भी एक बाग को वक्फ किया गया था। वक्फ का अर्थ है दान स्वरूप दी गई संपत्ति। बिगड़े हुए स्वरूप में यह आज रेलवे और भारतीय सेना के पश्चात 9.40 लाख एकड़ जमीन, 8.72 लाख अचल संपत्ति, 16000 चल संपत्ति कुल मिलाकर 1.2 लाख करोड़ रुपयों का स्वरूप धारण कर गई है। 2013 के पश्चात 20 लाख 92 हजार एकड़ की वृद्धि हुई है। हिंदू हित की अनेकों जनहित याचिकाएं माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं। जबकि तीस्ता सीतलवाड़ जैसी फर्जी समाज सेविका के लिए सर्वोच्च न्यायालय रात के 2:00 बजे भी याचिका पर सुनने के लिए बैठी है। अश्वनी उपाध्याय जी की 150 जनहित याचिकाएं सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं। मुर्शिदाबाद में बंगाल के हिंदू पलायन करने को मजबूर हैं। क्या सर्वोच्च न्यायालय को स्वतः संज्ञान नहीं लेना चाहिए?

गोष्ठी की मुख्य वक्ता श्रीमती मनी मित्तल, ने अपने उद्बोधन में बताया कि वक्फ बोर्ड 1923 में अंग्रेजों ने बनाया। जो कि बेवाह और मुजलिमों की भलाई के लिए था। पाकिस्तान और बांग्लादेश के निर्माण के बाद वक्फ की क्या आवश्यकता है? इसे पूरी तरह से समाप्त कर देना चाहिए। मद्रास प्रेसीडेंसी में पाकिस्तान निर्माण समर्थक कोई भी नेता पाकिस्तान नहीं गए। हरा रंग, हरी चादर डालकर जानी गांव जनपद मेरठ में कावड़ियों के आने जाने के बहुत ही संकरे रास्ते में भी मजार बनाकर बैठ जाते हैं। 1995 में कानून में विशेष संशोधन किया गया जिससे सर्वोच्च न्यायालय तथा भारत सरकार से भी ऊपर की शक्तियां ऐसे ही प्रदान कर दी गई। दिल्ली प्रांत की आम आदमी पार्टी की सरकार जाते-जाते 125 संपत्तियों को वक्फ कर गई।

विदुषी अधिवक्ता ने धारा दो, तीन ,, 36,37,40 का उल्लेख करके इस कानून की कमियों के बारे में अवगत करवाया। 2013 में ही संशोधित धारा 40 के असीमित अधिकारों को इस बार किए गए संशोधन में सुधार किया गया। जिससे जौहर विश्वविद्यालय के नाम पर हजारों एकड़ गरीब मुसलमान की जमीन जो हड़पी गई थी उनके खिलाफ न्यायालय में याचिका दायर करने का रास्ता साफ हुआ। तत्पश्चात संभल में मस्जिद के पास की 10 दुकान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आदेश पर गिरवाई गई। इन्होंने तो प्रयागराज में आजाद पार्क ही हड़प लिया था, जोकि स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद जी की स्मृति का प्रतीक है। पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ जी ने धारा 370 के साथ-साथ 35 ए को भी हटाने की मुहिम चलवाई है। सर्वोच्च न्यायालय को केवल किसी भी कानून की विवेचना का अधिकार है। जबकि सर्वोच्च न्यायालय कानूनी सक्रियतावाद का शिकार है तथा न्यायपालिका हिंदू द्रोही हो चुकी है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर बलवंत सिंह राजपूत जी ने पश्चिम बंगाल की मु-र्शिदाबाद तथा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हिंदुओं पर हुए अमानवीय अत्याचारों तथा नृशंस हत्याओं की भर्त्सना की। उन्होंने कहा कि शहर शहर इस अमानवीय कृत्य का विरोध हो रहा है। धर्म के आधार पर पहचान सुनिश्चित कर निहत्थे हिंदुओं की हत्या करने के बाद पाकिस्तानी नेता भारतवर्ष के सिंधु जल समझौते को निरस्त करने के संकल्प पर उसे युद्ध की घोषणा मानने का कुप्रयास कर रहे हैं। जबकि चीन में इस्लामी कट्टरपंथ और शरिया कानून लागू न होने पर भी इनके बोल भी नहीं निकलते हैं। 11 सितंबर 2001 को संयुक्त राज्य अमेरिका पर हुए आक्रमण के पश्चात उसने अपने देश में पैट्रियोटिक एक्ट 2001 पास किया जिसके अनुसार बिना किसी सुनवाई के आतंकवादियों को मृत्यु दंड की सजा सुनिश्चित की गई। भारतवर्ष को भी ऐसे ही कानून बनाकर, उनका अनुपालन करवाकर तथा आतंकवाद को जड़ से समाप्त करके मानवता का भला करना ही होगा। संस्थान के चेयरमैन ने सभी का स्वागत करते हुए घोषणा की कि कोई भी छात्र जो फीस देने में सक्षम नहीं है, उनका संस्थान ऐसे छात्रों को अपने यहाँ प्रवेश देकर उन्हें पूरी मदद करेगा` गोष्ठी में अधिवक्ता मणि मित्तल को राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

अंत में पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की धर्म के आधार पर की गयी नृशंश हत्या पर शोक व्यक्त किया गया, सभी ने दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की` राजेश बिहारी जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया` गोष्ठी में मीडिया प्रभारी डॉ नीरज कौशिक, प्रवीण शर्मा, राजेंद्र सोनी, धन प्रकाश शर्मा, डॉ बी के श्रीवास्तव, डॉ आरती शर्मा, गजानन माली, गार्बेज क्लिनिक के प्रवीण नायक, श्रीचंद गुप्ता, अनिल बिधूड़ी, अरविन्द स-ाहू, अनिल तायल, भोला ठाकुर, स-ुवेद दीक्षित, जूली, डॉ दिव्या, पंकज, नरेश कुमार गुप्ता, संगीता सक्सेना, कांति पाल, संगीता वर्मा, माही, धीरेन्द्र, राजीव कुमार नाथ, आरती शर्मा, रविंद्र पाल सिंह, धर्म पाल भाटिया आदि प्रबुद्धजन उपस्थित रहे`

## पहलगाम मे हुए हमले को लेकर आतंकवाद का पुतला फूंका

**दैनिक जागरण अजमल अंसारी जनपद बिजनौर**




किरतपुर पहलगाम में हुए हमले के संबंध में मडावर रोड पर आतंकवाद का पुतला फूंका गया वही मडावर रोड से होते हुए अंबेडकर चौराहा जैन चौराहा पर थाना किरतपुर पहुंचे और थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया वही देश की राष्ट्रपति महोदया से अपनी मांगे रखी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच सूफी शाह मलंग प्रकोष्ठ पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए हिंदुस्तानी सूफी शाह मलंग की और श्रद्धांजलि दी गई वही इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और देश के प्रधानमंत्री मोदी से कार्यवाही की मांग की मार्च में शामिल रहे फिरोज कादरी डॉक्टर अमजद हाशिम मिर्जा नवाब मिर्जा फिरासत मिर्जा रियाज मिर्जा महमूद बैग शमीम अंसारी नौशाद हुसैन उस्मान ठाकुर रुखसाना अंसारी दिलशाद खान आजम मिर्जा राशिद हुसैन हामिद हुसैन आफत हुसैन अन्य बहुत सारे लोग शामिल रहे सब में घुसा रहा और सब ने यही नारे लगाय पाकिस्तान मुदार्बाद आतंकवाद मुदार्बाद मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का नारा है पी ओ के हमारा है

## सर सैयद गर्ल्स इंटर कॉलेज का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

**दैनिक समाज जागरण अजमल अंसारी जनपद बिजनौर**

किरतपुर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट वर्ष 2025 की परीक्षा का रिजल्ट घोषित होने के बाद छात्र-छात्राओं ने बेहद सफलता हासिल की है सर सैयद गर्ल्स इंटर कॉलेज हाई स्कूल व इंटरमीडिएट का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है इंटरमीडिएट में 01-अरिबा नाज D/O मो शहजाद प्रथम 80.4%02-फिजा D/O मो मुस्तकीम द्वितीय 79. 4% 03 इकरा D/O हसीनुद्दीन तृतीय-78% इंटर विज्ञान 01- मरियम D/O निजामुद्दीन 80.8% 02 फात्मा खातून D/O अब्दुल लतीफ द्वितीय 79% 03 जोबिया नाज D/O लईक अहमद तृतीय 78% हाई स्कूल 01सुबूही D/O यूनुस प्रथम 78% 02 हुमेरा खानम D/O इमरान खान द्वितीय 77% 03 दरखशा D/O इफ्तेखार अहमद द्वितीय 75% 04 अदीबा नाज D/O जावेद तृतीय 75% हाजी रईस अहमद अध्यक्ष हाजी अब्दुल जब्बार मकरानी उपाध्यक्ष शहाबुद्दीन भाई प्रबंधक श्रीमती शाहीन अख्तर प्रधानाचार्य और समस्त स्टाफ ने इन सभी बच्चों को




हार्दिक बधाई दी तथा सभी बच्चो को उनके उचित भविष्य की कामना की है

## सिटी प्रेस क्लब ने आतंकवाद के खिलाफ पुतला होगा

**दैनिक जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद।सिटी प्रेस क्लब ने आतंकवाद के खिलाफ पुतला जलाया ।आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। नजीबाबाद के माल गोदाम पर सिटी प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला जलाया। इस दौरान मौजूद मीडिया कर्मियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों के नाम पहचान पूछ कर जान से मारने वाले आतंकि पाकिस्तान की शह पर काम करने वाले आतंकियों के



खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।इस दौरान 2 मिनट का मोन धारण कर शोक सभा की। जिसमें इस हमले में मारे गए पर्यटकों की दिवंग आत्मा की शांति एवं शोक संवेदना के प्रकट परिवार के लिए प्रार्थना की गई ।सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष नईम सिद्दीकी ,संरक्षक जितेंद्र जैन, संस्थापक टी एस मलिक,महा मंत्री अंकित शर्मा, गुलजार अहमद,शाहनवाज अहमद, अभिनव अग्रवाल, हिफजुर्रहमान फरीदी, खिजर अहमद ,मुशर्रफ अली, राजवीर सिंह, रामेंद्र सिंह ,कुलदीप राजपूत, आदित्य अग्रवाल,विकास संतराम शर्मा आर्य,सरफराज अहमद आदि शामिल रहे।

## जिले में पाँचवा स्थान प्राप्त छात्रा को मिठाई खिलाकर व मैडल पहनाकर किया सम्मानित

**दैनिक जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



नगीना । दयानन्द वैदिक कन्या इंटर कालेज की छात्रा सिदरा परवीन ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की हाई स्कूल परीक्षा में 92.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में पाँचवा स्थान प्राप्त किया। चार भाई बहनो में दूसरे नंबर की सिदरा मोहल्ला कलालान निवासी नईम अहमद व शबीना परवीन की पुत्री है। इनके पिता इलेक्ट्रीशियन का काम करते हैं व माँ गृहणी हैं। सिदरा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी शिक्षकाओं व अपने चाचा को देते हुए कहा कि वे विद्यालय के अतरिक्त 2 से 3 घंटे घर पर नियमित पढ़ाई करती थी। बेडमिंटन व ड्राइंग में रूचि रखने वाली सिदरा ने बताया कि वह भविष्य में अंग्रेजी की प्रोफेसर बनना चाहती हैं। सिदरा ने बताया कि उन्हें पढ़ने के साथ- साथ अपने से छोटे बच्चों को पढ़ाना बहुत अच्छा लगता है। सिदरा न हिंदी में 94, अंग्रेजी में 87,गणित में 96, विज्ञान में 85, सामाजिक विज्ञान में 94,कला में 97 अंक प्राप्त किये हैं। इस अवसर पर कालेज का स्टाफ की उपस्थिति में विद्यालय की प्रधानाचार्या विनोदबाला व भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने छात्रा को मिठाई खिलाकर व मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

## नगीना में कई वर्षों से बंद कताई मील में लगी भयंकर आग

**दैनिक जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नगीना प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना में कई वर्षों से बंद पड़ी कताई मील में लगी भीषण आग, इलाके में फैली सनसनी।आपको बतादे की नगीना फायर ब्रिगेड के ठीक सामने बंद पड़ी सहकारी कताई मील में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने का कारणों मालूम करने पर वहाँ पर तैनात गार्ड ने बड़ा ही हैरान करने वाला कारण बताया। साथ ही हैरत की बात यह भी रही कि आग लगने के कई घंटों बाद मिल से कुछ दूरी पर स्थित फायर सर्विस को सूचना दी गई। नेशनल हाईवे 74 जिला मुख्यालय मार्ग पर कई वर्षों से बंद पड़े नगीना सहकारी कताई मिल परिसर में शुक्रवार को अचानक आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलने पर जब मिल पहुँचकर जानकारी की गई तो वहाँ पर तैनात पीआरडी गार्ड फूलसिंह ने बताया कि मील परिसर में गुलदार के खतरे के चलते गार्ड ने शुक्रवार



की दोपहर बाद करीब 4 बजे के समय सड़क के बाहर झाड़ियों में आग लगाई थी।जो मिल परिसर के अंदर भी फैल गई। पत्तों में आग लगते ही और विकराल रूप ले गई।जब गार्ड से संवादाता ने सवाल मालूम किया जब शाम हो रही थी और आग मील परिसर में काफी फैल गई थी, आपने फायर ब्रिगेड को देर से क्यों सूचित किया, इस सवाल पर गार्ड बगले झांकने लगा।इस संबंध में जब मालूम किया गया कि मिल में कितने गार्ड है तो उसने बताया कि मिल में सात गार्ड रहते हैं। पीआरडी गार्डो के हेड आकाश मालिक से जब पूरी जानकारी प्राप्त करने के लिए उन्हें फोन किया तो उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किया।मिल परिसर में आग लगने की इस संदिग्ध परिस्थिति में कुछ और ही इशारा मिल रहा है।वहीं मामले को लेकर जब एसडीएम नगीना आशुतोष जैसवाल से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि आग लगने की उन्हें कोई सूचना नहीं है। बाकी आगे की जांच में बताया जाएगा।

## विधि विधान से उप संभागीय भवन का एआरटीओ पीके सरोज ने किया भूमि पूजन

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।उप संभागीय परिवहन कार्यालय संभल के कार्यालय भवन एवं सारथी हॉल का भूमि पूजन एवं शिलान्यास दयाशंकर जी, परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रातः 10:00 बजे ग्राम किसौली तहसील व जनपद संभल में किया जाना प्रस्तावित था किंतु अपरिहार्य कारणों से उनके आने का कार्यक्रम निरस्त हो गया है। कार्यक्रम निरस्त होने के



कारण डॉ0 पी0 के0 सरोज ,सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) द्वारा ग्राम किसौली में चयनित स्थल पर भूमि पूजन कर औपचारिक रूप से कार्यालय निर्माण का कार्य आरंभ कराया गया। उक्त कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं परिवहन से जुड़े विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारी व परिवहन व्यवसायी एवं ग्राम किसौली के सम्मानित ग्रामवासी एवं सम्मानित पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## पत्रकारों ने पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना की निंदा की वह हमले में शहीद लोगो को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी

**दैनिक समाज जागरण अजमल अंसारी जनपद बिजनौर**





किरतपुर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन ने काश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों के नाम पूछ कर हत्या किए जाने के विरोध में आतंकवाद का पुतला दहन किया और महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन थानाध्यक्ष को देकर कार्यवाही की मांग की। पत्रकारों ने भी गांधी वाटिका पर मोमबत्ती जला कर दो मिनट का मन रख कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार की शाम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के व्यापारी प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक अरोड़ा और नगर अध्यक्ष दीपक तनेजा के नेतृत्व में जैन चौक पर एकत्रित हुए। उन्होंने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने जो पर्यटकों की जो हत्याएं की है उससे पूरे देश की भावनाएं आहत हुई है। व्यापार संगठन रोष व्यक्त करता है और महामहिम राष्ट्रपति महोदया से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करता है। उसके बाद व्यापारियों ने मेन बाजार में जन आक्रोश रैली निकाली। उसके बाद आतंकवाद के पुतले का दहन किया गया। तथा एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार को देकर आतंकवाद के कुचलने की मांग की गई। कार्यक्रम में मुकुल सिंघल, नरेश कालरा, अमित कालरा, अंकित चौधरी, आलोक रस्तौगी, शिवम सिंघल, आदि काफी संख्या में व्यापारी रहे। नगर के पत्रकारों ने पत्रकार संघ किरतपुर के साथ गांधी वाटिका पर मोमबत्ती जला कर काश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्देश लोगो की हत्या किए जाने पर रोष व्यक्त किया और मोमबत्ती जला कर तथा दो मिनट का मौन रख कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद पत्रकार संघ किरतपुर ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार को देकर आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। कार्यक्रम में पत्रकार संघ अध्यक्ष अशोक गुप्ता, मुकेश गोयल, अमित अग्रवाल, कपिल रस्तौगी, मुसीब सिद्दकी, साबिर मालिक, दिव्यम अरोड़ा, अजमल अंसारी, मोहम्मद राशिद सचिन अग्रवाल, पवन सिंह, दिलशाद अल्वी, सुधीर कुमार, सलीम राशिद, अर्जुन सिंह, आदि रहे।

## 198वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।जनपद सम्भल में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 05 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 198वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। उक्त मेला सत्रों पर 35 चिकित्सकों एवं 112 पैरा-मेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 2604 रोगियों (पुरुष रोगी- 1056; महिला रोगी- 970 एवं 578 बच्चों) का निःशुल्क उपचार किया गया। समस्त मेला सत्रों पर आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अन्तर्गत 119 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 87 आभा आई.डी. बनाये गये। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों पर बुखार के 234, चर्म रोग के 628, दमा के 269, मधुमेह रोग के 66, नेत्र रोग से सम्बन्धित 15, उच्च रक्तचाप के 54 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गये। बुखार के सम्बन्ध में 13 रोगियों की डेंगू की जाँच की गयी; जिसमे सभी सन्दिग्ध रोगियों की रिपोर्ट नकारात्मक (Negative) रही। जनपद के सभी प्राथमिक



स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन (फैमिली प्लॉनिंग) सम्बन्धी परामर्श व परिवार नियोजन सम्बन्धी सामग्री (चॉइस ऑफ बॉस्केट) के लिये अलग से काउन्टर बनाये गये। जिलाधिकारी के निदेर्शों के अनुपालन में जनपद की समस्त आशाओं के द्वारा सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया गया तथा एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अन्तर्गत 236 व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ो परामर्श घी दिया गया। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० तरूण पाठक एवं अन्य जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा आरोग्य मेला सत्रों का निरीक्षण किया गया।

## मोदी जी बदल लो देश तुम्हारे साथ है।

### केमिस्ट एसोसिएशन ने जलाया आतंकवाद का पुतला

**दैनिक समाज जागरण**

असमोली। पहलगाम में 28 हिंदुओं की जघन्य और क्रूरतम हत्या के विरोध में केमिस्ट एसोसिएशन संभल ने असमोली पर आतंकवाद का पुतला फूंका। आतंकवाद हाय हाय, पाकिस्तान मुदार्बाद और मोदी जी बदल लो देश तुम्हारे साथ है के नारे लगाते हुए संगठन के कार्यकर्ता राहिल मेडिकल एजेंसी से पुतले को साथ लेकर असमोली चौराहे तक पहुंचे। संगठन के सदस्यों ने आतंकवाद के पुतले को जूते चप्पलों से पीटा तत्पश्चात आग के हवाले कर दिया। केमिस्ट एसोसिएशन के सैकड़ो सदस्यों को संबोधित करते हुए केमिस्ट



एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राहिल भारतीय ने कहा कि भारत सरकार को पाकिस्तान का हुक्का पानी बंद करना होगा, हर प्रकार की मदद तुरंत रोकनी होगी, और गोली का बदला गोले से लेना होगा। हर भारतीय अपनी सरकार के साथ है। केमिस्ट एसोसिएशन के संगठन मंत्री अंकुश त्यागी ने कहा कि पहलगाम में क्रूरतम और जघन्यतम हत्याकांड को बिना बदला लिए सहन नहीं किया जाएगा। मोहम्मद शाहनवाज ने कहा कि केमिस्ट एसोसिएशन व्यापारिक संगठन है परंतु कश्मीर के पहलगांम में हुई जघन्य हत्याओं को सुनकर देखकर हर किसी का दिल दहल जाता है। ऐसे में केमिस्ट एसोसिएशन अपना गुस्सा और आक्रोश का इजहार करते हुए भारत सरकार से अभिलंब आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूत करने की मांग करती है तथा मृतकों के परिवारों को एक-एक करोड रुपए देने की भारत सरकार से पुरजोर मांग करती। पुनीत त्यागी, नीरज सैनी, गुफरान, धर्मेंद्र चौधरी, नवीन, शहजाद, डॉक्टर अभिजीत पॉल, मनोज गुप्ता, आरिफ प्रधान, सुरेश, शौकीन, धर्मपाल, डॉक्टर नसीम, मोहम्मद शाहनवाज, हेमंत वार्ष्णेय आदि अनेक सदस्यों ने पाकिस्तान हाय हाय, आतंकवाद मुदार्बाद और मोदी जी बदला लो देश आपके साथ है तथा भारत माता की जय जयकार करते हुए पुतला जलाकर अपना आक्रोश जताया। संगठन के अध्यक्ष अवधेश वार्ष्णेय एवं महामंत्री अजय कुमार शर्मा के निर्देशन एवं संचालन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## भव्य तरीके से हुआ नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन

### नव विकसित मार्केट का नाम रखा गया तिरंगा मार्केट

**दैनिक समाज जागरण/ पंकज राघव**



संभल।यशोदा चौराहे के निकट नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन बड़े भव्य तरीके से विधान पूर्वक किया गया, साथ ही सभी दुकानदारों की सहमति से मार्केट का नाम तिरंगा मार्केट भी रखा गया। यशोदा चौराहे के पास एक वर्ष पूर्व कच्ची मिट्टी की सड़क पर दुकानदार जैसे तैसे अपनी दुकान खोलकर काम को अंजाम दे रहे थे। जिसे नगर पालिका परिषद ने दुकानदारों के दुख दर्द को समझा और पक्की सड़क, नाली निर्माण एवं पानी टंकी की अच्छी व्यवस्था करके दुकानदारों को उपहार भेंट किया। दुकानदारों ने भी अपना हक अदा करते हुए नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पति मुशीर खान को आमंत्रित किया। उन्हें गाजे बाजे के साथ मार्केट में लाया गया। मार्केट में नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन अध्यक्ष पति मुशीर खान तथा सभासद महावीर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पुष्प वर्षा की गई। नगर पालिका से आए कर निर्धारण अधिकारी कार्तिक यादव, कर निरीक्षक राजेश यादव, मुख्य लिपिक रमेश चंद्र, निर्माण लिपिक महिपाल सिंह,योगेश कुमार, विनोद कुमार तथा सभासद महावीर सिंह, बिशनलाल आदि को माल्यार्पण करके भावुक स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए आर बी गेस्ट हाउस के स्वामी मोहम्मद जुबेर आलम ने कहा कि यहां के 50 से अधिक दुकानदारों की समस्याओं को खत्म करके नगर पालिका परिषद ने जो सड़क नाली टंकी पानी आदि की अच्छी उत्तम व्यवस्था करके उपहार दिया है, यहां के दुकानदार अपने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सहित सभी स्टाफ का स्वागत और अभिनंदन करते हैं। मो. आबिद हुसैन ने कहा कि यहां के सभी 50 से अधिक दुकानदारों ने सर्वसम्मति से युवा व्यापारी नोमान को प्रधान और दुर्वेश सैनी को उप प्रधान मनोनीत करके पूरी मार्केट के सभी दुकानदारों की चिंता करने की जिम्मेदारी सौंपी है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पति मुशीर खान ने कहा कि नगर के प्रत्येक चौराहे को सजाने का काम नगर की प्रत्येक गली नाली को पक्का करने का काम छोटे बड़े नाले नालियों की सफाई करने का काम तथा अन्य वह सभी कार्य जो नगर पालिका की जिम्मेदारी पर होते हैं सुचारू रूप से व्यवस्थित ढंग से चलाये जा रहे हैं और चलाए जाते रहेंगे। स्वच्छ संभल स्वस्थ संभल सुंदर संभल नगर पालिका परिषद का लक्ष्य बताया। उन्होंने सभी दुकानदारों की सहमति देखते हुए सड़क का उद्घाटन करने के पश्चात नव विकसित मार्केट का नाम तिरंगा मार्केट रखने की घोषणा की और कहा कि राष्ट्रवाद की झलक इस मार्केट से हमेशा दिखाई देती रहे और हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल कायम करते हुए शेष समूचे शहर को यहां तिरंगा मार्केट से एक अच्छी प्रेरणा मिलती रहे। इसकी चिंता सभी मार्केट वालों को करनी होगी। सभी उपस्थित दुकानदारों ने अपनी मार्केट का नाम तिरंगा मार्केट सुनकर तालियां बजाकर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया और अध्यक्ष पति को तथा नगर पालिका परिषद को धन्यवाद ज्ञापित किया। भोजन प्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में हाजी मोहम्मद हबीब, राव आकिफ, मो. नाजिम एडवोकेट, मो. आजम, मो. ओसामा, मो. तसलीम, आदित्य शर्मा, तेजपाल सैनी, मोहम्मद अजीम, रितिक शर्मा ताहिर हुसैन, डॉ. सुधांशु वर्मा, फजलुर रहमान, मो. कमर, मो. अजीम मो. जुबेर सरिता गुप्ता, सुनीता यादव आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। नोमान प्रधान तथा दुर्वेश सैनी उप प्रधान ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## नवनिर्मित लोधी छात्रावास का हुआ उद्घाटन

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूं। जनपद में निशुल्क लाइब्रेरी, कोचिंग व करियर काउंसलिंग सेंटर खुल गया है। रविवार को नेकपुर में नवनिर्मित लोधी छात्रावास का रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा व जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारी, गणमान्य लोग, छात्र-छात्राएं व बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने कहा कि सर्व समाज को समर्पित लोधी छात्रावास छात्र छात्राओं का भविष्य संवारने में सहायक सिद्ध होगा और छात्र-छात्राओं व उनके मां-बाप के सपनों को साकार करेगा। उन्होंने इसका



लाभ लेने के लिए उनको प्रेरित भी किया। केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि लोधी छात्रावास जन सहयोग से बनाया गया है। यह स्वर्गीय बापू जी कल्याण सिंह जी की स्मृति में बनाया गया है तथा यह सर्वसमाज को समर्पित है। उन्होंने कहा कि लोधी छात्रावास में 68 कंप्यूटर लगाए गए हैं। डिजिटल लॉक की व्यवस्था है। निशुल्क लाइब्रेरी, कोचिंग व करियर काउंसलिंग सेंटर की भी व्यवस्था है, जिसका सीधा लाभ छात्र-छात्राओं व मेधावियों को मिलेगा और यह उनके भविष्य संवारने में सहायक सिद्ध होगा।जनपद की प्रभारी मंत्री व प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने कहा कि सेवा ही परम धर्म है। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने जन सहयोग से लोधी छात्रावास का निर्माण करवाया है, जिसका सीधा लाभ छात्र- छात्राओं को मिलेगा। उन्होंने शिक्षा की महत्वता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर व्यक्ति के कर्म अच्छे हैं तो उसकी किस्मत अच्छी होगी और किस्मत अच्छी होगी तो उसे भगवान की कृपा प्राप्त होगी। क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा दुर्विजय सिंह शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, विधायक सदर महेश चंद्र गुप्ता, विधायक दातागंज राजीव कुमार सिंह, विधायक बिल्सी हरीश शाक्य व अन्य वक्ताओं ने भी लोधी छात्रावास को जनहित में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम बताया। सभी ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह जी को याद किया और कहा कि यह छात्रावास छात्र छात्राओं के भविष्य संवारने का काम करेगा तथा सभी जनप्रतिनिधियों व अन्य लोगों ने पहलगाम की घटना पर अपनी शोक संवेदनाएं भी व्यक्त की।

# सपा सांसद के काफिले पर हुआ हमला

## स्थानीय चौकी प्रभारी व बीट आरक्षी निलंबित

**दैनिक समाज जागरण अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़ : सपा सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले के साथ आगरा से बुलंदशहर जाते समय अलीगढ़ के खेरेश्वर चौराहे पर क्षत्रिय समाज के युवाओं ने हमला कर दिया। हमले से बचने के लिए गाड़ियां तेजी से भागने लगीं। इसके चलते करीब 500 मीटर आगे जाकर काफिले की गाड़ियां आपस में टकरा गईं। गभाना टोल प्लाजा से पहले क्षत्रिय समाज के युवक अचानक हाईवे पर आ गए। काफिले पर टायर और पत्थर फेंकने लगे। एसपी सिटी सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले में 20 से ज्यादा गाड़ियां थीं। हमले से बचने के लिए गाड़ियां तेजी से भागने लगी। इससे थोड़ी दूर जाकर काफिले की 5 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इसमें 5-6 लोग चोटिल हो गए। हमले के बाद समर्थक और पुलिसकर्मियों ने रामजीलाल सुमन को सुरक्षा घेरे में ले लिया। बाद में उन्हें बुलंदशहर की ओर रवाना किया। सांसद बुलंदशहर में एक दलित परिवार से मिलने जा रहे थे।

हमले के बाद घबराए रामजीलाल सुमन ने कहा-हमारे काफिले पर पथराव हुआ। उस समय पुलिस की आंखें पता नहीं कहां लगी थीं? यूपी में कुछ वर्ग के लोगों पर सरकार मेहरबान है। उन्होंने कहा कि दलित अत्याचार से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन कहता है कि हम इन मामलों में कड़ी कार्रवाई की गई है। लेकिन हम इन कार्रवाई को सख्त नहीं मानते, क्योंकि पुलिसिया एक्शन के बाद भी लगातार दलितों पर अत्याचार हो रहा है। हमारे डेलिगेशन में सपा लोहिया वाहिनी अध्यक्ष, अनुसूचित प्रकोष्ठ अध्यक्ष भी बुलंदशहर जा रहे थे। लेकिन, पुलिस-प्रशासन ने रोक दिया। प्रशासन नहीं चाहता कि हकीकत सभी के सामने आए। सांसद ने कहा कि सीएम योगी यूपी में कानून व्यवस्था बेहतर होने की बात कहते हैं, लेकिन सपा कहती है कि यूपी में कानून व्यवस्था ठप है। जनता के अनुसार, यूपी में जंगलराज कायम है। उ.प्र. में जगह-जगह बाबा साहेब की मूर्तियां खंडित की जा रही हैं।

इस बीच मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने मौके पर मौजूद युवाओं को समझाया और काफिले को आगे रवाना किया। इस पूरे घटनाक्रम के चलते सांसद का काफिला 20 मिनट तक रुका रहा।





बाद में बुलंदशहर पहुंचे सांसद रामजीलाल सुमन को शहर के अंदर जाने से प्रशासन ने मना कर दिया। घटना में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी। 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कार सवार पिता-पुत्र गांव में तेज रफ्तार से जा रहे थे। कोतवाली देहात क्षेत्र के सुनहेरा गांव में घर के बाहर बैठे दलित समाज के लोगों ने कहा-भइया गाड़ी धीरे चलाइए।

पुलिस अधीक्षक नगर मृगांक शेखर पाठक ने बताया कि सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर कुछ लोगों द्वारा टायर फेंके जाने के सम्बन्ध में थाना गभाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया जा रहा है, जिसके उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। प्रकरण में शिथिलता बरतने के लिए स्थानीय चौकी प्रभारी, बीट आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर थाना प्रभारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रचलित की गई।

# आई०एस०जी०एफ की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य बने राहुल भाटी व रईस पाल सिंह

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़ : रविवार को राज्य स्काउट एवं गाइड फैलोशिप का राज्य स्तरीय सम्मेलन गाजियाबाद के ऑलिव क्लब में हुआ, जिसमें राज्य के लिए नई टीम का गठन किया गया। इसमें अलीगढ़ राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता राहुल भाटी और टप्पल ब्लॉक के संकट मोचन उ०मा०विद्यालय के सहायक अध्यापक रईस पाल सिंह को उत्तर प्रदेश स्काउट एवं गाइड फैलोशिप की राज्य कार्यकारिणी में शामिल किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व इंडियन स्काउट एंड गाइड फैलोशिप के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एम०ए०के मैकी और मलेशिया स्काउट गाइड फेलोशिप के संरक्षक गूना सर ने संयुक्त रूप से राहुल भाटी व रईस पाल सिंह को आई०एस०जी०एफ की स्कार्फ पहनकर और बैज व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इंडियन स्काउट एंड गाइड फैलोशिप की सेक्रेट्री जनरल सीमा राठी ने राहुल भाटी और रईस पाल सिंह के नाम पर महौर लगाकर के दोनों के नामों की घोषणा की। वहीं राज्य कार्यकारिणी के नवागत सदस्य बनें राहुल भाटी ने बताया कि भारतीय स्काउट और गाइड फेलोशिप नामक अपने राष्ट्रीय निकाय के माध्यम से वयस्क स्काउटिंग-गाइडिंग की सर्वोच्च संस्था है। आई०एस०जी०एफ स्काउटिंग और गाइडिंग के समर्थन में वयस्कों के लिए एक विश्वव्यापी संगठन है और जो दुनिया भर में समुदाय-उन्मुख परियोजनाओं के माध्यम से समुदायों के बीच संवाद को मजबूत करना चाहते है। राज्य स्काउट और गाइड फेलोशिप का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत विकास जारी रखते हुए समुदाय में सेवा करते हुए वोजम और वेग्स को सक्रिय रूप से समर्थन देते हुए अपने प्रत्येक सदस्य के दैनिक जीवन में स्काउट और गाइड वादे और कानून की भावना को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर राहुल भाटी व रईस पाल सिंह को ईश्वर दास वर्मा, रिंकू दीक्षित, राजेश गुप्ता सहित उनके परिवारजनों और शुभचिंतकों ने अपनी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर अश्वनी जैन ने दिलाई विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज! नगर पालिका परिषद सिरसागंज के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रंजना गुरुदत्त सिंह के निर्देशन में स्वच्छ भारत अभियान सिरसागंज के ब्राण्ड एम्बेसडर अश्वनी कुमार जैन ने जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाई।



अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाते हुए कि मैं स्वंय स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और उसके लिए समय दूँगा। हर वर्ष सौ घण्टे यानी हर सप्ताह दो घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा। मैं न गंदगी करूँगा और न किसी को करने दूँगा। सबसे पहले मैं स्वंय से , मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गाँव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूँगा। मैं यह मानता हूँ कि दुनियां के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं, उसका कारण यह है कि वहाँ के नागरिक गन्दगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गाँव- गाँव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान में अधिक से अधिक जनमानस को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर कु करिश्मा, संगम, एंजेल यादव, आयुषी, भावना, दीक्षा, ज्योति, माधुरी, दीपिका, खुशी यादव, विराट यादव, विशाल, मुकुल कुमार, सचिन कुमार, रितिक, समीर खान, ईशू, मनीष कुमार, रोहित आदि उपस्थित रहे।

# वक्फ बोर्ड नए कानून से गरीबों को मिलेगा हक

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! भारतीय जनता पार्टी जिला व महानगर द्वारा वक्फ बोर्ड संशोधित अधिनियम के जनजागरण अभियान के संबंध में जिला कार्यशाला का आयोजन जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर की संयुक्त अध्यक्षता में जिला भाजपा कार्यालय पर सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में . राहुल चौधरी क्षेत्रीय मंत्री भाजपा ब्रज क्षेत्र ने सम्बोधित करते हुऐ कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड में किए गए ऐतिहासिक संशोधनों को लेकर वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के तहत गरीबों का हक, सिर्फ गरीबों को मिलेगा"

यह अभियान जनता के बीच पारदर्शिता, न्याय और सबके लिए समान अधिकार के संकल्प को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। वक्फ बोर्ड पर भूमाफियाओं का कब्जा था, गरीब मुस्लिमों को कोई फायदा नहीं मिलता था। कार्यशाला के माध्यम से वक्फ संपत्तियों में पारदर्शिता, जनजागरण और न्यायपूर्ण व्यवस्था को लेकर कार्यकताओं से संवाद किया।

वक्फ बोर्ड की हजारों संपत्तियाँ आज भी आमजन की पहुँच से बाहर हैं।। कार्यशाला में जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पारित यह विधेयक वक़्फ बोर्ड में मुस्लिम समुदाय के लिए न्याय और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा ! भाजपा आज से 9 मई तक वक्फ सुधार जन जागरण अभियान चलाएगी , मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में घर-घर जाकर वक़्फ कानून की सही जानकारी दी जाएगी।। इस दौरान प्रमुख रूप से नानक चंद्र अग्रवाल , डॉ राम कैलाश यादव , सुनील शर्मा , अरविंद पचौरी , सुशील जैन अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष, सचिन जैन , राजेश चौहान* ने विचार वक्त किये। प्रमुख रूप से डॉ अमित गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी , आनन्द अग्रवाल , डॉ एस पी लहरी , हनुमन्त सिंह बघेल , मनप्रीत कीर , राघवेंद्र सिंह , केशव फौजी विष्णु सक्सेना , मु असनत , गुलजार अंसारी , विजय जैन , राधेश्याम यादव ,अब्दुल वहीद , शाहनवाज अंसारी पार्षद, सुरेंद्र सावन झा , भगवान सिंह झा, सलीम , इमरान , मुन्नी देवी महिला मोर्चा अध्यक्ष , डॉ मधुरिमा गुप्ता , मालती घनगर , केके गाँधी , राम लड़ैती , आकाश शर्मा , अंकित तिवारी , वीरेन्द्र प्रताप सिंह , आकाश गुप्ता , सतीश चंद्र प्रजापति , रामनरेश कटारा , कैलाश ओझा , आकृति सहयोगी , सहित अन्य कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित थे।

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की महानगर इकाई का किया गया गठन

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़ : अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हितेन्द्र उपाध्याय एवं मण्डल अध्यक्ष जयशंकर पाराशर की गरिमामयी उपस्थिति में महानगर अध्यक्ष डॉ0 मुकेश शर्मा द्वारा महानगर इकाई का गठन कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। उपाध्यक्ष पद हेतु राजेन्द्र मोहन शर्मा, माघवेन्द्र उपाध्याय, अनुज उपाध्याय, देवेन्द्र शर्मा, हर्षित शर्मा, महामंत्री पद हेतु प्रहलाद पचौरी, मनोज भारद्वाज, संगठन मंत्री अश्वनी शर्मा, सहसंगठन मंत्री पवन शर्मा, मंत्री पद हेतु अरूण शर्मा, संजीव अवस्थी, मेघावी शर्मा, सुशील तिवारी, आशू पचौरी विनय गौड, मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता मुकेश भारद्वाज, प्रचार मंत्री, विवेक तिवारी, सांस्कृतिक मंत्री, मृदुल शांडिल्य, आय-व्यय निरीक्षक विनोद गौड, जनसम्पर्क अधिकारी ए0के0 शर्मा एडवोकेट, कार्यकारिणी सदस्य आशीष पाठक, श्याम सुंदर मिश्र, प्रकाशचन्द्र शर्मा, शशीकांत शांडिल्य, प्रदीप गौड (सीमेंट), सीताराम शर्मा, अवधेश शर्मा, रविकांत उपाध्याय, उमेशचन्द्र गौतम, नितिन शर्मा, कुशलेष शर्मा, राकेश सारस्वत इशांत शर्मा।

डॉ0 मुकेश शर्मा ने अवगत कराया है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर महासभा द्वारा श्री परशुराम जी की भव्य दिव्य सनातन महाआरती का आयोजन आरती घाट अचल सरोवर निकट गिलहराज जी मन्दिर पर 30 अप्रैल 2025 को सॉय पॉच बजे होगा जिसमें शामिल होकर पुण्यता प्राप्त करें। कार्यक्रम में पवन उपाध्याय, जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, शोभा उपाध्याय, आरती संयोजक सुमित शर्मा (शिब्बो), एडवोकेट भुवेन्द्र शर्मा, चुनमुन पण्डित आदि उपस्थित रहे।

# एएमयू की ग्यारहवीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़ : अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की ग्यारहवीं कक्षा (विज्ञान स्ट्रीम) और डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग, और ग्यारहवीं कक्षा (वाणिज्य और कला व मानविकी स्ट्रीम) के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा आज अलीगढ़ के 35 केंद्रों सहित श्रीनगर, लखनऊ, मेरठ, बरेली, पटना, कोलकाता, किशनगंज और दिल्ली केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई।

ग्यारहवीं कक्षा के विज्ञान व डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग स्ट्रीम के लिए कुल 30592 अभ्यार्थियों ने आवेदन किया था और 26327 उम्मीदवार प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए। ग्यारहवीं कक्षा (मानविकी और वाणिज्य स्ट्रीम) में प्रवेश के लिए 7797 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। इसके अतिरिक्त, एसएसएससी ब्रिज कोर्स के लिए 195 छात्रों ने आवेदन किया था।

कुलपति प्रोफेसर नइमा खातून ने सहकुलपति प्रो. एम मोहसिन खान, प्रॉक्टर प्रोफेसर एम. वसीम अली व उनकी टीम के सदस्यों के साथ एसटीएस स्कूल, आर्ट्स फैकल्टी, सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल (ब्वायज), आरएमपीएस सिटी स्कूल समेत कई परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और परीक्षा के लिए किए गए प्रबंधों का निरीक्षण किया। प्रोफेसर नईमा खातून ने प्रवेश परीक्षा के बारे में जानकारी ली और केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षा प्रक्रियाओं और जारी निदेर्शों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने उम्मीदवारों के माता-पिता और अभिभावकों से भी बातचीत की।

परीक्षा नियंत्रक डॉ0 मुजीब उल्लाह जुबेरी ने शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से परीक्षा आयोजित करने में शिक्षकों और अन्य अधिकारियों की भूमिका की सराहना की। एएमयू ने स्थानीय केंद्रों पर पर्यवेक्षक के रूप में वरिष्ठ शिक्षकों को तैनात किया था। जबकि अलीगढ़ के बाहर स्थित केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा के सुचारू संचालन की निगरानी के लिए कुछ वरिष्ठ शिक्षकों को समग्र प्रभारी नियुक्त किया गया था। परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के माता-पिता व अभिभावकों को पीने का पानी और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), गैर सरकारी संगठनों, छात्रों और गैर-शिक्षण समुदाय के स्वयंसेवकों द्वारा विशेष सहायता केंद्र आयोजित किए गए थे।

# जिला ब्राह्मण महासभा की महानगर कार्यकारिणी का हुआ गठन

## 11 मई की परशुराम शोभायात्रा को लेकर भरी हुंकार, अगर प्रशासन ने नहीं दी अनुमति तो होगा आंदोलन

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! जिला ब्राह्मण महासभा की एक बैठक परशुराम शिविर पर महानगर कार्यकारिणी की घोषणा को लेकर हुई जिसमें महानगर अध्यक्ष हरिओम शर्मा रगी के नेतृत्व में कार्यकारिणी का गठन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत जिला अध्यक्ष कौशल किशोर उपाध्याय, परशुराम शोभायात्रा अध्यक्ष आशू उपाध्याय, परशुराम सेना जिला अध्यक्ष वीनेश शर्मा, सहमहामंत्री बसंत शर्मा व जिला के पदाधिकारी की उपस्थिति में भगवान परशुराम जी की आरती कर की गई, बैठक की अध्यक्षता संरक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने की।

बैठक में सर्व सहमति से जिला ब्राह्मण महासभा का महानगर अध्यक्ष हरिओम शर्मा रगी व परशुराम सेना महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा को बनाया गया। बैठक के दौरान 11 मई को निकालने वाली भगवान परशुराम शोभायात्रा को लेकर चर्चा हुई जिसमें जिला अध्यक्ष कौशल किशोर उपाध्याय ने कहा कि प्रशासन का काम जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए कार्य करना है अगर प्रशासन किसी जनप्रतिनिधि के प्रेसर में आकर 11 मई की शोभायात्रा के लिए परमिशन नहीं देता है तो जिला ब्राह्मण महासभा आंदोलन करेगी, 28 मई को सुबह 10:00 बजे एसपी साहब से निवेदन पूर्वक बात की जाएगी सभी पदाधिकारी मौके पर पहुंचे।

बैठक के दौरान श्रीओम शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, सूर्य प्रकाश रावत, राजेश शर्मा, राज भास्कर, शर्मा, यतेंद्र पाराशर, दुष्यंत पचौरी, नीरज शर्मा, आकाश शर्मा, शोभित मिश्रा, पंकज पचौरी, मुकुल कटरा, आकाश वशिष्ठ, सुखनंदन शर्मा, शांतनु शर्मा, राहुल पचौरी, विजय भारद्वाज, देवांश मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# आतंकी हमले में मारे गए हिंदुओं के लिए संस्कार भारती ने की शोकसभा

## शोकसभा में उठे विरोध के सुर, पाकिस्तान के विरुद्ध सरकार से की कार्यवाही की मांग

**दैनिक समाज जागरण– ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! श्रीनगर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हिंदू पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे हिंदुस्तान से विरोध के सुर तेज हो गए है तो वही चारों तरफ से एक ही आवाज है कि अब पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए । जो घटना पाकिस्तान की है वो शर्मनाक है ।

इसी क्रम में जनपद फिरोजाबाद में तमाम सामाजिक संगठनों के साथ साथ संस्कार भारती महानगर के नेतृत्व में एक शोक सभा का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया जिसमें संस्कार भारती के पदाधिकारी व सदस्यों ने श्रीनगर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 हिन्दू पर्यटकों को श्रंद्धाजलि देते हुए अपने अपने विचार व्यक्त किए तो वही भारत सरकार से मांग की है कि पाकिस्तान की इस नापाक हरकत के लिए अब मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए कि आगे कभी पाकिस्तान की इस तरह की हरकत करने की हिम्मत न हो । जिसके लिए हम सब भारतीय एक है । शोक सभा के मौके पर संस्था के संरक्षक शैलेश अग्रवाल , संस्था के अध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता, महामंत्री प्रवीन अग्रवाल, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह ब्रजप्रांत के उपाध्यक्ष उद्देश्य तिवारी, मंत्री शिवकांत पलिया, संजीव जैन,गौरव बंसल, श्रीमती गुन्जन बंसल ,ब्रजेश यादव ,डॉ अशोक शर्मा, प्रवीन अग्रवाल, उमेश गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता, शंकर गुप्ता,मुकेश गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता ,देवेंद्र कुमार गुप्ता दीपक गुप्ता कालू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अंडर-19 क्रिकेट मैच के खिलाड़ियों से परिचय कर, अच्छे प्रदर्शन के लिए किया प्रेरित

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़ : अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के मैदान महुआ खेड़ा पर चल रहे अंडर-19 इंटर डिस्ट्रिक्ट मैचेस के आखिरी मैच अलीगढ़ बनाम कासगंज मैं अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक बंसल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा बच्चों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन को सेक्रेटरी अब्दुल वहाब, टूनामेंट सेक्रेटरी अर्जुन सिंह फकीरा, ट्रेनर अमित राजोरिया उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से आए ऑब्जर्वर उबैद कमाल पूर्व रणजी खिलाड़ी तथा पूर्व सिलैक्टर जूनियर/सीनियर सिलेक्शन कमिटी व पूर्व चीफ सिलेक्टर उत्तराखंड अंपायर अमित वर्मा तथा हरिंदर शर्मा तथा स्कोरर आशुतोष बाजपेई मौजूद रहे। सभी ने अंत में पहलगांव में हुए शहीद भाइयों के लिए दुख प्रकट किया तथा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

# पहलगाम हमले से सबक ले, बने रणनीतिः भाकपा

अलीगढ़ : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा है कि पहलगाम हमले के बाद इसमें कोई दो राय नहीं कि पहलगाम के भीषण आतंकी हमले ने देश के अंतर्मन पर गहरे जख्म छोड़े हैं। निःस्संदेह, निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कई सवाल हमारे सामने छोड़ गई है। आतंकी हमले के बाद जिसमें छब्बीस लोग मारे गए ।ऐसे क्षेत्र में जहां लोगों ने दशकों आतंक की त्रासदी झेली है, वहां प्रतीकात्मक जवाबदेही से आगे ठोस रणनीति बनाने की जरूरत है। दुर्भाग्य से आतंकवादियों ने उस क्षेत्र को अपने आतंक का निशान बनाया, जो जम्मू-कश्मीर के अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्रों में शामिल था। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस हमले को लेकर कोई खुफिया अलर्ट क्यों नहीं मिल पाया, जिससे लोगों में रोष व्याप्त हुआ है। दरअसल, सुरक्षा चूक की ऐसी घटनाएं सिस्टम की तैयारियों के प्रति जनता के भरोसे को प्रभावित करती हैं। अब चाहे ये प्रयास कितने भी तात्कालिक व ईमानदार क्यों न हों, वे प्रणालीगत सुधार के विकल्प नहीं हो सकते। आश्वासन केवल अल्पकालिक आवश्यकता को पूरा करते हैं। बेहतर होता कि हम पहले ही ऐसी चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करते कि परिंदा भी पर न मार सकता। निश्चित रूप से इस तरह के आतंकी हमले का व्यापक परिदृश्य हमें आत्ममंथन को विवश करता है। हमें सुरक्षा व्यवस्था व खुफिया तंत्र की उन तमाम खामियों को दूर करना होगा, जिनके अभाव में आतंकवादी अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने में सफल हो सके। इकबाल मंद, एहतिशाम बैग, हरीश चंद लोधी, राज किशोर, रोशन लाल-जीनत शेख आदि उपस्थित थे।

# पहलगांव आतंकी हमले के विरोध में आज अलीगढ़ बंद

अलीगढ़। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में 28 अप्रैल (आज) अलीगढ़ की सभी दुकानें बंद रहेंगी। अलीगढ़ बंद का आह्वान पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने किया है। अमी निंशा समेत समूचे बाजार को भी बंद करने का आह्वान किया गया है।

# विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर अभियान चलाया गया

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! शनिवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शहर गोदरेज कंज्यूमर प्राइवेट लिमिटेड फैमिली हेल्थ लैंडिंग के सहयोग से संचालित एटइएऊएवं स्वास्थ विभाग के सहयोग से वीरांगना झलकारी बाई प्राथमिक विद्यालय के द्वारा संचारी रोग अभियान चलाया गया जिसके अन्तर्गत डेंगू,



मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारियो के लक्षण एवं बचाव जागरुक के बारे मे किया गया जिसमे सभी ने प्रतिभाग लिया कार्यक्रम में फिरोजाबाद के यूथ कोऑर्डिनेटर मोहित शर्मा, यूथ चोम्प चैंपियन संजना, मनिषा एवं आशा कार्यकर्ता मौजूद रही!

# महिला शक्ति में शोक सभा कर निकाला कैंडल मार्च !

**दैनिक समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति के द्वारा आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में हुए पर्यटकों पर हृदय विदारक हत्या की कड़ी निंदा करते हुए एक शोक श्रद्धांजलि सभा का कैंडिल मार्च द्वारा आयोजन किया गया अध्यक्षा प्राची अग्रवाल ने कहा कि धर्म कोई खराब नहीं होता व्यक्ति में खराबी होती है यह घटना न केवल निर्दोष लोगों के लिए एक बड़ा आघात है बल्कि हमारे समाज की शांति और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा भी है हमारी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ है जिन्होंने अपने प्रिय जनों को खोया है हम सभी ईश्वर से घायलों के के लिए प्रार्थना करते हैं कि वे जल्दी से जल्दी स्वस्थ हो ।

हमें अपने समाज की सुरक्षा व शांति को बनाए रखने के लिए एक साथ आना होगा और इस तरह के हमले का विरोध करना होगा! आतंकवाद को रोकना ही होगा लेकिन उससे पहले आतंकवादियों को रास्ता दिखाने वालों को अपने देश में घुसाने वालों को भी पकड़ना होगा और उनके लिए सख़्त से सख़्त कदम उठाए जाने चाहिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना है की पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा को शांति प्रदान करें व इस कठिन समय में शक्ति व साहस प्रदान करें! ग्रुप की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर श्रीमती सौम्या चौहान, यूनिट डायरेक्टर श्रीमती अनु बंसल, पूर्व अध्यक्ष बिना चौहान मंजू सिंह उषा पाराशर, पूनम गुप्ता, कमलेश सचदेवा, ऊडअ रीना गर्ग, ऊडऋदीपा अग्रवाल, तनु माथुर गौरी बंसल लवली तेलंग प्रेरणा शिवांगी बंसल निक्की नरूला आदि उपस्थित रही!

# यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट व हाईस्कूल परीक्षा परिणाम हुआ घोषित

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। यूपी बोर्ड ने इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। छात्रों की अपेक्षा छात्राओं ने बाजी मारी। इण्टरमीडिएट में जिले भर में 37 हजार 908 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। वहीं हाईस्कूल में 33710 ने परीक्षा दी थी। परीक्षार्थी छात्र सुबह से ही परिणाम आने की बाट जोह रहे थे। परिणाम जानने के लिए सुबह से ही परीक्षार्थी मोबाइल से चिपके रहे।

शुक्रवार को यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम इंटरनेट पर डाउनलोड हुआ तो छात्र-छात्राओं में अपने-अपने परीक्षा परिणाम जानने की उत्सकुता बढ़ती दिखाई दी। हर कोई अपने परीक्षा परिणाम को लेकर काफी उत्साहित दिखाई दिया। जैसे की छात्र-छात्राओं का रिजल्ट उनके मुताबिक आया, तो खुशी से उछल पड़े और एक दूसरे को बधाई देने का क्रम जारी हो गया। वहीं छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने स्कूल पहुंचकर गुरूजनों का आशीर्वाद लेकर मिष्ठान खिलाया। वहीं छात्र-छात्राओं का परिणाम जानने के लिए परीक्षार्थियों के साथ ही उनके माता पिता भी काफी उत्सुक नजर आए। नौकरी पर गए पिता बार-बार बेटे का रोल नंबर चेक करते रहे, जिससे बेटे का परिणाम पता चल सके। जिनके अच्छे नंबर आए थे, उन्होंने जमकर जश्न मनाया। जिनके नंबर कम आए थे, उन्हें थोड़ी सी मायूसी का सामना करना पड़ा। इंटरमीडिएट में 37349 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जबकि 33710 ने परीक्षा दी और इनमें से 28920 यानि 77.61 प्रतिशत पास हुए हैं। वहीं हाईस्कूल में 37,349 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे जबकि 33710 ने परीक्षा दी। इनमें से 28920 छात्र-छात्राएं यानि 85.79 पास हुए हैं।

**इण्टरमीडिएट टॉप 10 अभ्यर्थी**

नवीन कुमार 91.40 प्रतिशत एसआरके इंटर कालेज फिरोजाबाद, प्राची 90.60 प्रतिशत एससीजीवी इंटर कालेज गंज गांगिनी फिरोजाबाद, अनामिका कुमारी 90.40 प्रतिशत श्री वीएस मैमोरियल कन्या हाईस्कूल नगला गुलाल, वैशाली 90 प्रतिशत राधामोहन फरसैया एसवीएम इंटर कालेज सिरसागंज, अंकित यादव 89.60 प्रतिशत पीआरटी इंटर कालेज शिकोहाबाद, गौरव सिंह ओडीवी इंटर कालेज टूंडला फिरोजाबाद, रोहित कुमार 89 प्रतिशत श्रीमती भूदेवी इंटर कालेज पिपरानी फिरोजाबाद, शिवम कुमार 88.80 प्रतिशत लोकराष्ट्रीय इंटर कालेज जसराना, अजय यादव 88.80 प्रतिशत पीआरटी इंटर कालेज शिकोहाबाद, योगिता 88.80 प्रतिशत श्री केजी स्मारक ईशाकपुर फिरोजाबाद, शिवानी 88.80

# 18 चक्का ट्रेलर ट्रक में लगी भीषण आग, बना आग का गोला

**ब्यूरो चीफ/ दैनिक समाज जागरण।**

सोनभद्र। स्थानीय चोपन थाना क्षेत्र के मालों घाट टोल प्लाजा वाराणसी शक्ति नगर राज्य मार्ग पर डाला से भस्सी लादकर जा रही 18 चक्का ट्रक में तकनीकी खराबी होने के कारण ट्रक में भीषण आग लग गई, कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया।




मिली जानकारी के मुताबिक बीती शनिवार की मध्य रात्रि में वाहन संख्या यूपी 64 बीटी 7376, 18 चक्का वाहन डाला से बस्सी लोडकर अनपरा जा रही थी जैसे ही मालों घाट टोल प्लाजा के पास पहुंची, अचानक से तकनीकी खराबी होने के कारण वाहन में भीषण आग लग गई जिसके उपरांत स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना चोपन पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी गई जहां सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया उसी दौरान चालक व परिचालक दोनों सुरक्षित रहे और वाहन जलकर राख हो गया। जहां उक्त घटना के उपरांत ओबरा निवासी वाहन स्वामी अर्जुन सिंह पुत्र जयराज सिंह एवं चोपन थाना के हल्का इंचार्ज रविन्द्र पांडेय अपने टीम के साथ मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद का डाला बारी में हुआ जोरदार स्वागत

**संवाददाता विनोद कुमार सिंह। दैनिक समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला बारी में बीते शुक्रवार को निषाद पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री मत्स्य डॉक्टर संजय कुमार निषाद सोनभद्र दौरा पर आएं हुए थे जिन्होंने जनपद के विभिन्न चयनित जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए उसी क्रम में अनिकेत निषाद जिलाध्यक्ष के आवास पर देर रात सहभोज हेतु अपने दल बल के



साथ पहुंचे जहां पर अनिकेत निषाद जिलाध्यक्ष द्वारा अपने कार्यकताओं के साथ उनका जोरदार स्वागत करते हुए चांदी का मुकुट भेंट किया गया जिसके उपरांत सहभोज कर समस्त पदाधिकारियों से वार्ता किया और अपना काफिला लेकर राबर्ट्सगंज हेतु प्रस्थान किए इस दौरान सीओ सिटी चोपन थाना प्रभारी डाला चौकी इंचार्ज साथ में प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा आयोग सदस्य रविंद्र मणि निषाद एसटी आयोग के सदस्य मिठाई लाल प्रदेश अध्यक्ष संगठन व्यास मुनि राष्ट्रीय निषाद एकता परिषद प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश रजत महिला मोर्चा महिला आयोग की सदस्य जनक नंदिनी बाबूराम निषाद प्रदेश महासचिव दया शंकर निषाद के साथ कार्यकर्ता शामिल रहे।

# रायपुर पुलिस ने गोवध अधिनियम में वांछित एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह।**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में जनपद में गोवंश तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 27.04.2025 को थाना रायपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-63/2025 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व धारा 11 पशु क्रुरता अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र गोपाल केशरी निवासी पवनीकलां, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र उम्र 39 वर्ष को नगवा ब्लाक तिराहा के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।




# खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए और खिलाड़ी को सदैव अपने कोच का सम्मान एवं मैदान की गरिमा को सर्वोपरि मानना चाहिए : सतीश बुंदेला

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 27 अप्रैल। खेल के मैदान व खिलाड़ी भारतीय संस्कृति के बहुमूल्य विरासत और यह विरासत संस्कृति को समृद्ध और भाईचारे को मजबूत बनाते हैं। हमारे खेल व खिलाड़ी दुनिया का आकर्षण का केंद्र है। इसलिए खेल व खिलाड़ी का सम्मान बढ़ाने के लिए एक प्रयास समाजिक व निजी तौर पर होना चाहिए। यह विचार श्रीअलख वालीबाल प्रतियोगिता की शुभारंभ अवसर पर एनआरआई मुख्यातिथि बजरंग भीमराज खन्ना ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए एनआरआई सतीश बुंदेला तारानगर ने खिलाड़ियों को नसीहत देते हुए कहा कि खेल को खेल





भावना से खेलना चाहिए और खिलाड़ी को सदैव अपने कोच का सम्मान और मैदान की गरिमा को सर्वोपरि मानना चाहिए। मर्यादित खिलाड़ी कभी भी खेल में असफल नहीं होता। खिलाड़ियों को आशीर्वाद स्वरुप संबोधन में महंत बाबा विकास गिरी ने कहा कि खेल आपसी भाईचारे और संस्कृति की धरोहर के पैगाम है। खेल अतीत काल से दो खिलाड़ी व टीमों के दिल मिलन का संगम रहे हैं और यह आज भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर वक्ताओं ने मुख्यातिथि एनआरआई बजरंग भीमराज खन्ना के सामाजिक कार्यों की फेरहिस्त का जिक्र करते हुए योगदान की सराहना की। मुख्यातिथि सहित अतिथियों ने शुभारंभ मैच के टीम खिलाड़ियों का परिचय लिया और बेहतरीन खेलने का आग्रह किया। इस मौके पर महंत बाबा विकास गिरी, बीडीसी योगेश उर्फ योगी शर्मा, प्रमुख समाजसेवी डा.एनपी गौड़, हनुमान समौता चूरू, जिला वालीबाल एसोसिएशन के सचिव राजेंद्र कोच, कोच सतपाल शेरला, कोच कपूर सिंह बिधनोई, सतीश बुंदेला, सचिन, मदन कुल्हडीया, मोहित, पवन गोस्वामी, पवन लांबा, राहुल शर्मा, बजरंग जावला, अमर सोलंकी, विनोद बिन्नू, आशीष शर्मा, सुशील श्योराण, पंकज, सुनील कोच, महेश श्योराण, कमल कोच, रवि टीटाना, अनुज पहलवान सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# एडवोकेट निर्मला शर्मा बनी, सोनभद्र मुख्यालय पर पहली महिला नोटरी अधिवक्ता

## - महिला अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए दी बधाई

**ब्यूरो चीफ/ दैनिक समाज जागरण।**

सोनभद्र। जिला मुख्यालय सोनभद्र पर रॉबर्ट्सगंज तहसील में निर्मला शर्मा एडवोकेट पहली महिला नोटरी अधिवक्ता नियुक्त हुई हैं। इनके नियुक्त होने पर महिला अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बता दें कि भारत सरकार की ओर से 17 अप्रैल 2025 को व्यवसाय प्रमाण पत्र जारी किया गया है। उप विधिक सलाहकार विधि एवं न्याय मंत्रालय विधि कार्य विभाग नई दिल्ली द्वारा जय प्रकाश दुबे के डिजिटल हस्ताक्षर से जारी नियुक्ति पत्र में अवगत कराया गया है कि निर्मला शर्मा एडवोकेट निवासी



बिचपई, थाना व तहसील रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र को नोटरी अधिनियम 1952 (1952 का 53) के अधीन नोटरी के रूप में नियुक्त किया जाता है। जिन्हें नोटरी के रूप में संपूर्ण सोनभद्र जिले में व्यवसाय करने के लिए पांच वर्ष के लिए प्राधिकृत किया जाता है। जिला मुख्यालय सोनभद्र पर पहली महिला नोटरी अधिवक्ता के रूप में निर्मला शर्मा की नियुक्ति होने पर महिला अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

बधाई देने वालों में वरिष्ठ महिला अधिवक्ता पूनम सिंह, बिंदु यादव, पुष्पा तिग्गा, सुशीला वर्मा, गीता गौर, श्वेता भारद्वाज, सुमन, लता सिंह, शीला सिंह, दीपांजलि, पार्वती, प्रिया पांडेय, समृद्धि, सरिता सिंह, निर्भया, गरिमा, आसमा, कंचन, कंचन सिन्हा, नेहा यादव, आरती पांडेय, प्रीति पटेल, सना, शाहिना, आभा, आदि शामिल हैं।

# मिशनशक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान।

**दैनिक समाज जागरण/ विनोद कुमार सिंह।**

सोनभद्र। शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों,



मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया । साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससे समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

# तेज रफ्तार आंधी से रानीतारा गांव में लगी आग, समान जलकर खाक।

**संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

करमा/सोनभद्र। करमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रानी तारा में 4:30 बजे के समय आई तेज आधी से गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा अपने खेत में पराली जलाने को लेकर लगाई गई आग बढ़ गई जिससे उसी गांव के एक व्यक्ति के मड़ई सहित सामान जलकर खाक हो गए सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करमा थाना क्षेत्र अंतर्गत रानीतारा गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपने खेत में पराली जलाने के लिए आग लगा दिए थे, जो 4:30 बजे लगभग तेज आंधी आई और आग बढ़ते बढ़ते गांव के धीरज कुमार यादव पुत्र शिवनाथ यादव के घर तक पहुंच गई। भुक्तभोगी के अनुसार घर तक आई आग से पाइप जल गया, लगभग 50 कुंतल गेहूं का भूसा जल गया, दो बीघा खेत का पुआल जल गया और एक मड़ई भी जल गई, हस्ती पाइप जल गया स्टार जल गया



इस तरह से भुक्तभोगी कि काफी क्षति हुई है सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचित किया। फायर ब्रिगेड से आग पर काबू पा लिया गया है ' भुक्तभोगी ने पहले तो 112 नंबर को सूचित किया। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया की आग पर काबू पा लिया गया है कुछ छती हुई है और तहरीर अभी नही मिला है मिलने पर कार्यवाही किया जायेगा समाचार लिखें जाने तक कोई तहरीर नही दिया गया है।

# आपसी सौहार्द, प्रेम प्यार और भाईचारे को कोई क्षति ना पहुंचे भाईचारा यथावत कायम रहे हर नागरिक अपनी भूमिका निभाए : थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम शर्मा

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 27 अप्रैल। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हुए हमले के बाद कि देशभर की परिस्थितियों पर प्रशासन सतर्क व मुस्तैद नजर आ रहा है और हर क्षेत्र में पुलिस गश्त प्रभावित और मुस्तैद कर दी गई है। बावजूद इसके रविवार को बहल पुलिस थाना में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों की एक बैठक थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम शर्मा ने बुलाई और हालातो के मुताबिक आपसी तालमेल भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों के समक्ष थाना प्रभारी ने सोशल मीडिया की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। वही एक सामाजिक नागरिक होने के नाते आपसी सौहार्द, प्रेम प्यार और भाईचारे को कोई क्षति ना पहुंचे



भाईचारा यथावत कायम रहे हर नागरिक अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने उपस्थित सज्जनों से समाज में तेजी से फैल रहे नशे व्यसनों के प्रति भी जागरूक किया और कहा कि वे युवा पीढ़ी को नशे की गर्त में जाने से बचाने में पुलिस और कानून का सहयोग करें। इस अवसर पर कस्बे के सरपंच साधुराम पनिहार सहित विभिन्न गांव के सरपंच, पंच, पंचायत प्रतिनिधि और समाज के सम्मानित लोग शामिल रहे और आश्वासन दिलाया कि वे भाईचारे को हर हाल में कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर सरपंच साधुराम पनिहार, भाजपा नेता सुनील शर्मा, नंबरदार सतपाल सिंह, ईश्वर सिंह, दीपक चौधरी, आजाद सिंह गागड़वास, हनुमान शर्मा, बलवीर मेचू सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# अन्नदाता को सशक्त बनाकर गांवों में खुशहाली ला रही डबल इंजन सरकार

लखनऊ, 27 अप्रैल : उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार खेती किसानी को फायदे का सौदा बनाने की तैयारी कर रही है। इसी के साथ डिजिटल खेती को भी नए रूप में बढ़ावा दिया जाएगा। खेती के डिजिटलीकरण के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। यूपी में खेती-किसानी को फायदे का सौदा बनाने के लिए केंद्र सरकार 550 करोड़ रुपए खर्च करेगी। योगी सरकार का दालों समेत विभिन्न खाद्यान्न फसलों की नई हाईब्रिड किस्मों पर फोकस है। इसी के साथ पैदावार बढ़ाने और फसलों को बीमारियों और कीड़ों के प्रति अधिक प्रतिरोधी बनाने की तैयारी है। सिंचाई और जल बचत उपकरण के साथ कृषि मशीनरी को यूपी सरकार विकसित करेगी। डबल इंजन की सरकार इन योजनाओं के सहारे गांवों में खुशहाली लाने की तैयारी कर रही है।

**जैव-फोर्टिफाइड किस्मों की फसलों पर रहेगा जोर**

केंद्र सरकार ने यूपी के लिए कृषोन्नति योजना के अंतर्गत धन आवंटन किया है। जिसमें 2025-26 के लिए वार्षिक आवंटन (केन्द्रीय हिस्सा) के तहत 550 करोड़ से अधिक की राशि मिलेगी। केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं को रफ्तार देने के लिए केंद्र सरकार 60 प्रतिशत और राज्य सरकार 40 प्रतिशत धनराशि खर्च करती है। इसके तहत जैव-फोर्टिफाइड किस्मों की फसलों, जलवायु के अनुकूल और हाइब्रिड उपज पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इन फसलों की खेती करने वाले जिलों को निधियों के विवेकपूर्ण आवंटन के लिए रणनीति विकसित की जाएगी। इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से मुख्य सचिव के साथ कृषि सचिव उत्तर प्रदेश को पत्र भेजा गया है।

# जिलाधिकारी का जनपद वासियों से विनम्र अपील

**- गौशालाओं में संरक्षित गोवंशो के लिए अधिक से अधिक मात्रा में भूसा, दाना चारा राशन नजदीकी गौशाला स्थल पर करें दान।**

**- निराश्रित गोवंश संरक्षण मुख्यमंत्री जी की शीर्ष प्राथमिकता, गोवंश संरक्षण सबका परम दायित्व।**

**ब्यूरो चीफ/ दैनिक समाज जागरण।**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने जनपदवासियों से विनम्र अपील करते हुए कहा कि निराश्रित गोवंश संरक्षण मुख्यमंत्री जी की शीर्ष प्राथमिकताओं में प्रमुख है, गोवंश का संरक्षण हम सबका परम दायित्व है, गौशालाओं में संरक्षित गोवंश के भरण पोषण हेतु जनपद के जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रमुख क्षेत्र पंचायत, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत, ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी, कोटेदार गौ प्रेमी, उद्योग बंधु व्यापारीगण, कृषक, पशुपालक समस्त अधिकारीगण व जनपदवासी अधिक से अधिक मात्रा में भूसा, हरा चारा, राशन आदि सामग्री नजदीकी स्थायी/ अस्थाई गौ-आश्रय स्थल पर दान करने का कष्ट करें, जिससे गौ संरक्षण में आपका पूर्व की भांति सहयोग बना रहे एवं जनपद सोनभद्र में संरक्षित गोवंशों का स्वास्थ्य उत्तम बन सके। धनराशि के रूप में दान हेतु संरक्षण एवं संवर्धन कोष में धनराशि जमा कर सकते हैं, जिस हेतु खाता का विवरण, बैंक का नाम स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया रावर्टसगंज, खाता संख्या- 41057699619 आई०एफ०एस०सी० कोड-रइक्ठ0000170 है। उन्होंने बताया की संरक्षण एवं भरण-पोषण हेतु जनपद में कुल संचालित 8 स्थायी / अस्थायी गौ आश्रय स्थलों पर आपके सहयोग से गौवंश संरक्षण कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। वर्तमान समय में जनपद में गौ आश्रय स्थलों में 1705 गोवंश संरक्षित हैं।



# पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी ने किया विरोध प्रदर्शन

## - जुलूस निकालकर दुद्धी कोतवाल को सौंपा राष्ट्रपति नामित ज्ञापन

**समाज जागरण.**

दुद्धी / सोनभद्र। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी व जामा मस्जिद दुद्धी द्वारा शनिवार की शाम विरोध प्रदर्शन कर, राष्ट्रपति नामित ज्ञापन कोतवाल दुद्धी मनोज कुमार सिंह को सौंपा. दुद्धी नगर में विरोध प्रदर्शन कर जुलूस निकाली जिसमें सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोगों ने एकजुट होकर आतंकवाद का नारेबाजी कर, विरोध प्रदर्शन किया. मख्तब जब्बरिया से जुलूस निकाल कर म्योरपुर मोड़, तहसील मोड़, श्री संकट मोचन मंदिर मेन चौक, अमवार तिराहा होकर पुनः तहसील मोड़ पर आतंकवाद का पुतला को दहन किया. मुस्लिम समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान अपनी बाहों पर काली पट्टी बांधकर जुलूस निकाली. जामा मस्जिद दुद्धी के सदर रहीम बख्स खाँ उर्फ कल्लन खां ने कहा कि इस हमले में आतंकियों ने निहत्थे पर्यटकों को निशाना बनाया था. मारे गए लोगों में कई राज्यों के पर्यटक और दो विदेशी नागरिक शामिल थे. इसकी जितनी निंदा की जाए कम है. वहीं, प्रधानमंत्री से इसका मुंहतोड़ जवाब देने की मांग की. रमीज आलम प्रदेश उपाध्यक्ष पसमांदा, सेराज खाँ, इब्राहिम खाँ ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता. यह हमला मानवता और शांति पर हमला है. मुस्लिम समाज आतंकवाद को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेगा. प्रदर्शन के दौरान उन्होंने हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए. इस अवसर पर फतेह मुहम्मद खाँ, आशिफ खाँ, गप्पू खाँ, राफे खाँ, जवी खाँ उर्फ बाबू डान, सनाउल्लाह खाँ, टिंकू, सेराज, पडडू खाँ आदि लोग मौजूद रहे।




# युवा भाजपा नेता भाई मोहित जी द्वारा भिवानी विधानसभा क्षेत्र में किया गया "धन्यवादी दौरा" कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल -भिवानी, 27 अप्रैल । लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह जी के सुपुत्र युवा भाजपा नेता भाई मोहित जी ने भिवानी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में "धन्यवादी दौरा" कार्यक्रम के अंतर्गत दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए पार्टी की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी साझा की। यह कार्यक्रम गांव ढाणा लाडनपुर, ढाणा नरसान, घिराना कलां धीराना खुर्द, नवा, राजगढ़ ढाणी जंगा, नंदगांव एवं खरकड़ी राजपुरा में आयोजित किया गया, जहां भाई मोहित जी का स्थानीय ग्रामीणों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उत्साहित कार्यकताओं और समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और पूरे आयोजन को उल्लासपूर्ण बना दिया।

अपने संबोधन में भाई मोहित जी ने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को यह विश्वास दिलाया कि पार्टी न केवल विकास के प्रति प्रतिबद्ध है, बल्कि हर नागरिक की समस्याओं का समाधान भी उसकी प्राथमिकता है।







दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण क्षेत्रों का समुचित विकास ही उनके प्रयासों का केंद्र बिंदु है।

इस अवसर पर श्री रामकिशन हलुवासिया निदेशक लैंड मॉर्गेज बैंक भिवानी, सहित क्षेत्र के अनेक प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में भारी जोश और जनसमर्थन देखने को मिला, जो क्षेत्र में भाजपा के प्रति बढ़ते विश्वास और समर्थन का प्रमाण है।

# मा.सांसद डॉ. सुनील बलीराम गायकवाड को "राष्ट्रीय रत्न समाज भूषण जीवन गौरव पुरस्कार" प्रदान

नई दिल्ली 27 अप्रैल /लातूर लोकसभा क्षेत्र के संसद रत्न, पूर्व सांसद प्रा. डॉ. (एड.) सुनील वत्सला बलीराम गायकवाड को उनके सामाजिक, शैक्षणिक, साहित्यिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान के लिए ह्लराष्ट्रीय रत्न समाज भूषण जीवन गौरव पुरस्कारह्व से सम्मानित किया गया। अमरावती स्थित ह्यकलाजीवन संस्थाह्ण की ओर से पुणे के ज्ञानज्योती सावित्रीबाई फुले सभागृह में आयोजित भव्य समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष युवराज ठाकरे, मराठी चित्रपट महामंडल के अध्यक्ष मेघराज राजे भोसले, प्रख्यात साहित्यकार एवं समाजसेविका डॉ. अल्का नाइक, सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुलकर्णी सुपेकर, प्रसिद्ध अभिनेत्री मयुरी प्रमोदराव नवाते और एडवोकेट रमेश राठौड़ की प्रमुख उपस्थिति में डॉ. गायकवाड को सम्मानचिन्ह भेंट किया गया।

डॉ. गायकवाड ने सांसद कार्यकाल के दौरान लातूर लोकसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचना तथा सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जिनकी व्यापक सराहना हुई है। उनके कार्यों में 200 बेड का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पासपोर्ट सेवा केंद्र, ठएएळ परीक्षा केंद्र की स्थापना, राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण, नई रेलवे सेवाओं की शुरूआत और पिट लाइन का कार्यान्वयन, रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण, हिंदी पुस्तकालय की स्थापना, तथा जल संरक्षण हेतु जलयुक्त शिवार योजना के अंतर्गत विशेष कार्य सम्मिलित हैं।

इसके अतिरिक्त, लातूर शहर में 100 बोरवेल्स, महिला व पुरुषों के लिए स्वच्छता गृहों का निर्माण, सिटी बस स्टॉप का निर्माण तथा संसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत अन्सरवडा गांव का समग्र विकास उनके प्रयासों से संभव हुआ है। हजारों विद्यार्थियों को शैक्षणिक सहायता, अनाथ बच्चों को मदद, कैंसर एवं हृदय रोगियों को प्रधानमंत्री राहत कोष से करोड़ों रुपयों की सहायता उपलब्ध कराना तथा डेढ़ सौ से अधिक वकीलों को भारत सरकार से नोटरी नियुक्ति हेतु अनुशंसा कराना उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों में शामिल है।

लोकसभा में नियमित रूप से सवाल उठाकर टेंभुर्णी सड़क कार्य तथा रत्नागिरी-नागपुर हाईवे के निर्माण हेतु सतत प्रयास किए। लातूर शहर में ब्लैक स्पॉट्स को दूर करने के लिए भी उन्होंने विशेष प्रयत्न किए।

इन समस्त कार्यों की सराहना करते हुए डॉ. सुनील बलीराम गायकवाड को ह्लराष्ट्रीय रत्न समाज भूषण जीवन गौरव पुरस्कारह्व से सम्मानित किया गया। उनके इस सम्मान से पूरे क्षेत्र में हर्ष व्यक्त किया जा रहा है तथा विभिन्न स्तरों से उन्हें बधाइयाँ दी जा रही हैं।

# शाहजहांपुर में बनी देश की पहली नाइट लैंडिंग हवाई पट्टी, फाइटर प्लेन भी कर सकेंगे अभ्यास

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे पर तैयार 3.50 किलोमीटर लंबी आधुनिक हवाई पट्टी का रविवार को निरीक्षण किया। यह देश की पहली ऐसी पट्टी होगी, जहां वायुसेना के लड़ाकू विमान दिन-रात लैंडिंग कर सकेंगे। फाइटर प्लेन यहां पूर्वाभ्यास भी कर सकेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से हवाई पट्टी के दोनों किनारों पर करीब 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इससे आवागमन सुरक्षित होगा और किसी भी अपराधिक वारदात की आशंका पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कर सकेगी।

**गंगा एक्सप्रेसवे का विस्तारः प्रयागराज से गाजीपुर, मेरठ से हरिद्वार तक होगा सफर सुगम**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा एक्सप्रेसवे के विस्तार की बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि इसे प्रयागराज से गाजीपुर तक बढ़ाया जाएगा। साथ ही मेरठ को हरिद्वार से भी जोड़ा जाएगा। शाहजहांपुर में एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक हब बनाने की योजना है,

# अखिल भारत हिंदू महासभा ने पाकिस्तान का पुतला और झंडा फूंका, पहलगाम हमले के विरोध में जताया आक्रोश

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



**बरेली।** रविवार को अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष और निहत्थे हिन्दुओं की निर्मम हत्या के विरोध में किया गया। इस दौरान महासभा कार्यकताओं ने पाकिस्तान का पुतला और झंडा फूंक कर गहरा रोष व्यक्त किया। साथ ही चौकी चौराहा रोड पर पाकिस्तान का एक झंडा जमीन पर बिछाया गया, ताकि वहां से गुजरने वाले राहगीर झंडे पर पैर रखकर अपना आक्रोश प्रकट कर सकें।

मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक ने कहा कि पाकिस्तान अपने देश में पाले गए आतंकवादियों के माध्यम से भारत में पहलगाम जैसी घटनाएं करवा रहा है। लेकिन पाकिस्तान की यह भूल है कि वह हिंदुस्तानियों का मनोबल तोड़ सकता है। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज का इतिहास गवाह है कि हिन्दू रक्त देखकर और भी ज्यादा जोश और आक्रोश से भर जाता है। पंकज पाठक ने चेतावनी दी कि पाकिस्तान को इतिहास से सबक लेना चाहिए। जब मुट्ठीभर हिन्दुओं ने लाखों मुगलों को पराजित कर दिया था, तो आज भी हिन्दू अपने सब्र का बाँध टूटने पर पाकिस्तान को विश्व के नक्शे से मिटा सकते हैं।

इस विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धर्म गुरु पंडित हर्षित उपाध्याय, महंत दिनेश्वर दास महाराज (तुलसी मठ), सोने लाल, युवा अध्यक्ष सत्यम तिवारी, विनीत आचार्य, छोटे लाल साहू, राजेश साहू, विजय राठौर, दीपक लहरी, रिशव जौहरी, हर्ष कश्यप, हर्षित वर्मा, रवि शंकर, राजेश वर्मा, रिशव सागर, राहुल मौर्य, विकास मौर्य सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। अखिल भारत हिंदू महासभा ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि ऐसी घटनाएँ बंद नहीं हुईं, तो हिन्दू समाज एकजुट होकर बड़ा कदम उठाएगा। संगठन ने केंद्र सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की भी माँग की है।

# पटाखा फैक्ट्री में लगी भीषण आग, धमाकों से दहला इलाका, चौकीदार झुलसा

- धुएं का गुबार उठा, फिर हुए जोरदार धमाके

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**





बरेली। फरीदपुर क्षेत्र स्थित हरियाली पेट्रोल पंप के निकट एक पटाखा फैक्ट्री में रविवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि लगातार तेज धमाकों की आवाजों से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना में फैक्ट्री का चौकीदार झुलस गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**दो घंटे में मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**

रविवार दोपहर के समय फैक्ट्री से पहले धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके कुछ ही मिनट बाद फैक्ट्री आग की लपटों में घिर गई। तेज धमाकों के बीच स्थानीय लोग अपने घरों और दुकानों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। सूचना मिलते ही फरीदपुर पुलिस व अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद लगभग दो घंटे में आग पर काबू पाया।

**शॉर्ट सर्किट से लगी आग, टीम कर रही जांच**

आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है, परंतु प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट अथवा फैक्ट्री में रखे ज्वलनशील पदार्थों के कारण आग भड़कने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र को घेराबंदी कर भीड़ को नियंत्रित किया। फैक्ट्री में हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। वहीं, फैक्ट्री के दस्तावेजों की जांच भी शुरू कर दी गई है।

# अपना दल (एस) ने पहलगाम हमले की याद में रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। अपना दल (एस) के बैनर तले रविवार को बरेली के इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) हॉल में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कायमगंज से अपना दल (एस) की विधायक सुरभि गंगवार ने शिरकत की।

विधायक सुरभि गंगवार ने बताया कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर बरेली के जिलाध्यक्ष अनुज गंगवार के नेतृत्व में इस शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में शहीद हुए लोगों की याद में यह रक्तदान शिविर समर्पित है। सुरभि गंगवार ने कहा कि शहीदों के बलिदान से हम सभी बेहद आहत हैं और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमें विश्वास है कि दोषियों को न्याय अवश्य मिलेगा।

उन्होंने आगे कहा कि भारतीय नागरिक होने के नाते अपना दल (एस) ने यह निर्णय लिया कि जरूरतमंदों के लिए रक्तदान कर मानवता की सेवा की जाए। रक्तदान को महादान कहा गया है और इसी सोच के साथ कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विधायक ने बताया कि अब तक करीब 40 लोगों ने रक्तदान किया है और लक्ष्य 50 यूनिट का रखा गया है, जिसे पूरा करने की दिशा में पार्टी कार्यकर्ता लगातार जुटे हैं।

सुरभि गंगवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि धारा 370 खत्म करना हो या कश्मीर में शांति स्थापित करना, हर कदम पर प्रधानमंत्री ने देशहित में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। हाल ही में हुए कश्मीर विधानसभा चुनाव भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए, जो देश की एकता और अखंडता का प्रतीक हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवादियों को करारा जवाब दिया जाएगा और शहीदों को न्याय मिलेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकताओं व आम नागरिकों ने भी भाग लिया और रक्तदान कर देश सेवा में अपना योगदान दिया।

मुख्यरूप से इस कार्यक्रम में हेमंत कुमार, अजय गंगवार, मनीष कुमार, विजय कुमार शर्मा, परितोष विजेता ,निशांत सक्सेना, अतुल कुमार ,आकाश सक्सेना, विजय गुप्ता ,विनोद यादव योगेंद्र कुमार, वेदांश मिश्रा, शुभम मिश्रा, आकाश साहू ,दीपू मिश्रा ,छोटेलाल, जीडी गंगवार, लखपत सिंह, शिवम यादव, रविकांत ,नितेश कुमार, सुमित कुमार, आकाशदीप ,हरदेव गंगवार, प्रवेश कुमार ,अनुज गंगवार, कुलदीप पटेल, राहुल मैसी, प्रखर अग्रवाल ने भाग लिया।

# पूर्णागिरि से लौट रहे युवक की चलती ट्रेन से गिरकर हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। पूर्णागिरि देवी के दर्शन कर लौट रहे एक युवक की चलती ट्रेन से गिरने के कारण हालत गंभीर हो गई। युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार, जिला हाथरस के थाना सिकंदराराऊ क्षेत्र के गांव कपसिया निवासी 21 वर्षीय सूरज पुत्र कैलाश चंद अपने दोस्त विशांत राघव और गांव के अन्य लोगों कविता और हरिओम समेत लगभग आठ लोगों के साथ पूर्णागिरि देवी मां के दर्शन के लिए गए थे। दर्शन करने के बाद शनिवार शाम को सभी वापस घर लौट रहे थे।

रात के समय बरेली सिटी रेलवे स्टेशन से सूरज और उसके साथी रात एक्सप्रेस ट्रेन में सवार हुए। बताया जा रहा है कि सूरज ट्रेन के गेट के पास बैठा हुआ था। रामगंगा पुल पार करने के कुछ समय बाद अचानक संतुलन बिगड़ने से सूरज चलती ट्रेन से नीचे गिर गया।

ट्रेन में उसके पास बैठे एक अन्य युवक ने देखा कि कोई व्यक्ति गिरा है। जब सूरज के दोस्त विशांत राघव ने जाकर देखा तो पता चला कि गिरने वाला युवक सूरज ही था। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सूरज को भमोरा सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) में भर्ती कराया।

चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल सूरज का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मामले की जानकारी सूरज के परिजनों को भी दे दी है।

# जिलाध्यक्ष एजाज अहमद पर रिपोर्ट दर्ज, पहलगाम हमले पर की थी अभद्र टिप्पणी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष एजाज अहमद ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डाली। लोगों की शिकायत के बाद इज्जतनगर थाने में तैनात दरोगा मुकेश चौहान ने एजाज अहमद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इसके बाद से पूरे देश में गम और गुस्सा है। लोग शोक संवेदनाएं और श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं लेकिन मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष एजाज अहमद ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर दी। जिसमें लिखा "नाम पूछ कर गोली मारी वाला चूरन बेचना बंद करो, असली मुद्दे पर आओ कि हमला हुआ कैसे, जिम्मेदारी किसकी थी।

इस पोस्ट पर लोगों में आक्रोश फैल गया। पोस्ट वायरल होने के बाद हिमांशु पटेल ने एक्स पर बरेली पुलिस को पोस्ट कर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद एसएसपी के निर्देश पर थाना इज्जतनगर में तैनात दरोगा मुकेश चौहान ने सपा नेता एजाज अहमद के खिलाफ थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# सिविल डिफेंस बरेली द्वारा पहलगाम में आतंकी हमले नृशंस हत्या पर शहीदों को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**




बरेली। सिविल डिफेंस बरेली द्वारा पहलगाम में आतंकी हमले से देश के अनेक प्रदेशों से आए निर्पराध 26 पर्यटकों की नृशंस हत्या पर शहीदों को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि।

बरेली, नागरिक सुरक्षा कोर द्वारा उपनियंत्रक राकेश मिश्रा के निर्देशन में डिप्टी चीफ वार्डन रंजीत बशिष्ठ व सहायक उपनियंत्रक प्रमोद डागर के सहयोग से आज गांधी उद्यान में पहलगाम में निर्दोष, निरपराध, निहत्थे व असहाय देश के अनेक प्रदेशों के पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की विभीत्स घटना में देश के 26 नागरिकों के शहीद होने की दुखद घटना के क्रम में कैंडल मार्च, मौन धारण, शोक संवेदना अर्पित करने हेतु अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की जिसमें बड़ी संख्या में सिविल डिफेंस के अधिकारी पदाधिकारी व वार्डन ने उपस्थित होकर इस घ्रणित व नृशंस कृत्य की घोर निन्दा की सभी ने नम आंखों से उन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की व उनके परिजनों को अपार दुःख की घड़ी में धर्य रखने की शक्ति प्रदान करने की परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की।

उक्त कार्यक्रम में डिप्टी डिवीजनल वार्डन मो. कलीम हैदर सैफी, अन्जय कुमार अग्रवाल स्टाफ ऑफिसर अनवर हुसैन, श्रीमती गीता शर्मा, संजय पाठक, हरीश भल्ला, जफर इकबाल बेग आई.सी.ओ. राजीव छाबड़ा, कंवलजीत सिंह, श्रीमती गीता दोहरे, पोस्ट वार्डन प्रवेन्द्र कुमार, हरपाल मौर्य, साबिर हसन खां, पोस्ट वार्डन आराक्षित पवन कालरा आदि उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने पहलगाम हमले में मारे गये पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए आयोजित की शोक सभा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना की अध्यक्षता में ऐवीकेएम मुख्यालय पर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा आयोजित कर श्रंद्धाजलि अर्पित की गयी। अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने कहा कि आतंक को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार लम्बे समय के लिए ठोस कदम का उपाय करे, आतंक परोसने वाले देशों पर भी लम्बे समय तक ठोस एवं कड़े प्रतिबंध लगाने चाहिए, जिससे आतंकवाद की कमर टूटे। सभी पदाधिकारियों ने इस तरह की आतंकी घटना की कटु आलोचना की। श्रंद्धाजलि सभा में अविनाश सक्सेना, सुधीर मोहन, राजेश सक्सेना, विधान राय, श्यामदीप सक्सेना, मीरा मोहन, सुनील कुमार सक्सेना, मंजू लता सक्सेना, अमित आनंद, संजीब कुमार सक्सेना, मनोहर लाल जौहरी, सुधीर महान, संतोष कुमार सक्सेना, अतुल कुमार सक्सेना, विनीता सक्सेना, शोभा सक्सेना, रजनी सक्सेना स्नेह राज सक्सेना, शिवाजी सक्सेना आदि शामिल हुए अन्त में अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया, और शोक सभा समाप्ति की घोषणा की।

# रिठौरा में मदरसा शिक्षकों ने की आतंकियों के खात्मे की मांग

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

रिठौरा।मदरसा जामे उल-उलूम फैलाने गरीब नमाज के प्रधानाचार्य शाकिर अंसारी के नेतृत्व में रविवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में शहीद हुए



26 भारतीयों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए,क्रूर पाकिस्तानी आतंकियों के खात्मे की मांग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की है।श्री अंसारी का कहना है इस्लाम धर्म को बदनाम करने वाले जाहिल आतंकी हैं। उन्होंने कहा मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना, हिंदी हैं हम वतन है,हिंन्दोस्तां हमारा को मानने वाला हर भारतीय मुसलमान इस कायराना हरकत की पूरजोर मजम्मत करता। ऐसे जालिमों को हमारी भारतीय सेना जरूर जाहुम पहुंचाएगी।इस दौरान मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद असलम, मोहम्मद अकरम, साबिर हुसैन, रेहान, अभिषेक, मोहम्मद जफर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# कश्यप समाज और पीडीए के लोग भी व्यापार में करेंगे हिस्सेदारी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। रविवार को ह्लकश्यप समाज सेवा समिति के तत्वाधान में कश्यप व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह नेहरू युवा केंद्र बरेली में हुआ जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी बरेली के जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री पूर्व एमएलसी डॉ राजपाल कश्यप समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष रहे कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट संत कुमार कश्यप अध्यक्ष समिति ने किया एवं सह संचालन द्रोण कश्यप कश्यप समिति के महासचिव ने किया डॉ राजपाल कश्यप ने कहा अब सरकार नौकरी छीन रही है। इसलिए कश्यप और पीडीए समाज व्यापार में बाढ़-चल कर भागीदारी लेगा वर्तमान सरकार ने कश्यप निषाद समाज का मुख्य कार्य मछली पालन व नव चलने का कार्य छीन लिया है वह बड़े-बड़े कंपनियों को दे दिया है।

वही शिवचरण कश्यप ने कहा के बरेली जिले में लगभग चार लाख से अधिक कश्यप समाज का वोटर निवास करता है ।हम ऐसे कार्यक्रम करते रहेंगे और समाज को व्यापार और राजनीति में भागीदारी लेने के लिए प्रोत्साहित करेंगे वहीं द्रोण कश्यप ने कार्यक्रम में आए सभी व्यापारी बांधों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष सपा शमीम खां सुल्तानी, कोषाध्यक्ष सपा अशोक यादव अमित राज सिंह यादव शिवम सागर एवं समिति के उपाध्यक्ष रामदास कश्यप राजवीर कश्यप कोषाध्यक्ष नवीन कश्यप सचिन संजीव कश्यप आदित्य कश्यप टीकाराम कश्यप ऋषि भूषण कश्यप अवधेश कश्यप विष्णु कश्यप मनोहर यादव अनिल पटेल आदित्य कश्यप शशि भूषण कश्यप विक्रम कश्यप महेंद्र कश्यप भीमसेन चौराहा रामचरण कश्यप राजा बाबू कश्यप एडवोकेट महेंद्र कश्यप सुखदेव कश्यप राजपाल कश्यप पार्टी कश्यप एसपी सिंह कश्यप कमलेश कश्यप नीरज कश्यप पप्पू कश्यप अमित कश्यप वीरपाल कश्यप ब्राह्मण जलाल कश्यप बबलू कश्यप अमित कश्यप रतिराम कश्यप गोपाल कश्यप हरिराम कश्यप राम सिंह कश्यप सत्यपाल कश्यप गणेश कश्यप हरिओम कश्यप राजेंद्र कश्यप योगेश कश्यप विष्णु कश्यप नीतू कश्यप पंकज कश्यप शिवम कश्यपआदि लोग मौजूद रहे।

# परम पूज्य सुधांशु महाराज का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। विश्व जागृति मिशन बरेली मंडल बरेली द्वारा आज भारत माता मंदिर, राजेंद्र नगर में सुधांशु महाराज का 70वां जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर मिशन के प्रधान देवेंद्र खंडेलवाल और महामंत्री पवन अरोड़ा ने सुधांशु महाराज के 70वे जन्मोत्सव की सभी को बधाई दी और सभी गुरु भाई बहनों को दिल्ली से सुधांशु महाराज का मोबाइल पर प्राप्त संदेश को सुनवाया। सुधांशु महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि सभी लोग प्रतिदिन गुरु मंत्र का जाप करें यह गुरु मंत्र आपको स्वास्थ्य, धन विद्या और प्रसन्नता की शक्ति प्रदान करता है ।

शांति बिस्ट, वंदना अग्रवाल, गीता जोशी ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की । निर्मल सिंह, सविता अरोड़ा, शांता भटनागर, प्रियंका मौर्या, कमला पांडे,मधु सक्सेना, संध्या खंडेलवाल, मंजू गोयल, सुमित्रा गंगवार, मीरा गुप्ता, मधु सक्सेना ने सुंदर मंगल गीत प्रस्तुत किये ।

**70 दीप प्रज्वलित कर महाआरती का आयोजन किया गया**

संजय नगर स्थित श्री साईं शिशु मंदिर की प्रधानाचार्य सुषमा सक्सेना को सविता अरोड़ा, ममता गर्ग, रश्मि अग्रवाल द्वारा पुष्प गुच्छ, शाल और उपहार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र नाथ खुराना, नूतन मिश्रा, राजकुमार चोपड़ा, सोमेश वार्ष्णेय, विजय अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, महेंद्र गंगवार , मोहनलाल कालरा, संजीव अग्रवाल, प्रमोद सक्सेना, महेंद्र पाठक, संदीप मेहरा, शिवम सिंह का सक्रिय सहयोग रहा ।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उप प्रधान संजय गर्ग द्वारा किया गया ।

महिला प्रधान ममता गर्ग द्वारा बताया गया । महाराज जी के जन्म दिवस के कार्यक्रम के लिए दिल्ली के लिए बड़ी संख्या मे बसों द्वारा गुरु भाई बहन जा रहे हैं । बसे 4 मई को प्रातः 7:00 बजे श्री त्रिवटी नाथ मंदिर से प्रस्थान करेगी।

# रेलवे: चलती ट्रेन में न चढ़ें-उतरें, न ही छत पर यात्रा करें

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। रेलवे भारत स्कउट एवं गाइड्स जिला संघ इज्जतनगर ने संरक्षा विभाग की मदद से इज्जतनगर रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों एवं आमजन में रेल से संबंधित संरक्षा नियमों की जानकारी देने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इस नुक्कड़ नाटक से कलाकारों ने आम नागरिकें को संदेश दिया कि जब भी आपको यात्रा करनी हो तो गाड़ी आने के समय से कुछ समय पहले ही स्टेशन पर पहुंचना सुनिश्चित करें। ट्रेन से नीचे आने पर उतरने वाले यात्रियों को प्राथमिकता दी जाए। ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर खड़े होने के पश्चात ही चढ़ें और उतरें। ट्रेन में यात्रा के दौरान ज्वलंतशील वस्तु लेकर यात्रा न करें। ट्रेन के अंदर धुम्रपान नहीं करें। ट्रेन की छत या पायदान पर बैठकर यात्रा न करें। एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए पैदल उपरिगामी पुल का प्रयोग करना चाहिए। अगर रेलवे फाटक पहले से बन्द है तो फाटक के नीचे से स्वयं अथवा अपने वाहन को न निकालें।

**रेलवे ट्रैक के किनारे मवेशियों को न चराएं**

नुक्कड़ नाटक के जरिए आम नागरिकों को यह संदेश दिया गया कि वह किसी भी रेलवे ट्रैक के किनारे अपने मवेशियों को न चराएं। इसकी वजह यह है कि ट्रेन किसी भी वक्त आ सकती है। न ही गेटमैन पर बन्द समपार फाटक को खोलने के लिए अनावश्यक दबाव बनाएं। रेलगाड़ी पर कीचड़ या पत्थर न फेंकें क्योंकि रेलवे देश की संपत्ति की संपत्ति है। इन विषयों पर नाटक के माध्यम से यात्रियों एवं आम जनता को जागरूक किया गया। यह हरकतें करने पर रेल अधिनियम की किन-किन धाराओं में क्या दंड है और कितना जुमार्ना एवं सजा का प्रावधान है, यह भी बताया गया।

**1500 संरक्षा संदेश अंकित, हैण्ड बिल और पोस्टर का वितरण**

नुक्कड़ नाटक के बाद इज्जतनगर स्टेशन पर रेल पर यात्रियों को मीठा शर्बत पिलायागया। उसके बाद यात्रियों के लिए निःशुल्क जल सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। निशुल्क जल सेवा कार्यक्रम जून अंत तक अनवरत रुप से चलता रहेगा। रेलवे की ओर से बताया गया कि निःशुल्क जल सेवा शिविर का उद्देश्य ग्रीष्मकाल में रेल यात्रियों को शीतल पेय जल उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डॉ. हरीश रेड़तौलिया, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी हरिशंकर कुमार, संजीव शर्मा मंडल वाणिज्य प्रबंधक स्काउट गाइड के जिला सचिव हरीशंकर सागर, जिला संगठन आयुक्त, स्काउट विजय मोहन शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश प्रताप सिंह, जिला युवा लीडर शिवम यादव समेत रेलवे सुरक्षा बल, अन्य विभागों के पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# आल इंडिया चिल्ड्रन सत्संग कैंप में बरेली के बच्चों ने मचाई धूम

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। सावन कृपाल रुहानी मिशन कृपाल आश्रम महेशपुरा निकट महालक्ष्मी मोटर्स सीबीगंज में होने वाले मासिक सत्संग की शुरूआत रविवार को हुई। इसमें बरेली के अलावा अन्य सेन्टरों से आये हुए साधसंगत ने प्रीचर सत्संग प्रताप सिंह की वाणी कबीर साहब के माध्यम से अनुभवी पुरुष की पहचान कैसे करें, सुना। तत्पश्चात महाराज जी के वीडियो सत्संग से साधसंगत ने लाभ उठाया।

**देशभर से 2500 बच्चों ने सत्संग कैंप में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा**

कार्यक्रम के अंत में दिल्ली के कृपाल बाग आश्रम में दो दिवसीय आल इंडिया चिल्ड्रन सत्संग कैंप का आयोजन 12-13 अप्रैल को किया गया था। उसमें दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, मध्यप्रदेश उत्तरप्रदेश से 2500 सौ बच्चों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया। कैंप में बच्चों को नाटक, खेल,आर्ट एंड क्राफ्ट और स्टोरी, प्रतियोगिता के माध्यम से आध्यात्म की पहचान कराई गई । मेडीटेशन कैसे अच्छी तरह अपने जीवन में करें। इसकी जानकारी दी गई। कैंप में बरेली आश्रम से 18 बच्चों ने हिस्सा लिया।

**कैंप में बरेली आश्रम के प्रतिभाशाली बच्चों ने बढ़ाया मान**

इनमे शिवानी देवी, देवांग, शानवी,शौर्य, श्वेता,वाणी हृदय, आकांशा,अक्षय,अक्षरा, शुभि सार्थक, अंशिका,पूर्वा शिवानी, आकाश, आयुष सचिन,प्रशांत शामिल थे। कैंप में पुरस्कृत हुए बच्चों को बरेली आश्रम मे कमेटी के सदस्यों एवं साधसंगत ने स्वागत किया। चिल्ड्रन सत्संग बच्चों में शिक्षा के साथ आध्यात्मिक संस्कारों की सीख दी गई। वक्ताओं ने कहा कि सत्संग नींव रखने का माध्यम है। जिससे बच्चें आध्यात्मिक शिक्षा, नाटक, कला एवं संस्कृति कार्यक्रमों, संगीत शिक्षा का ज्ञान प्राप्त करते हैं। अंत में साधसंगत ने लंगर का आनंद उठाया।

# भाजपा के इस जिलाध्यक्ष को पार्टी ने किया निष्कासित..महिला से छेड़छाड़ के आरोप

### सतना के भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा को पार्टी से हटाया गया है।

**समाज जागरण सतना।।**

दरअसल, शहर कोलगवां थाने में महिला पत्रकार ने शिकायत की थी कि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने चाय पीने के बहाने घर पर आए थे और गलत काम की कोशिश करने लगे। महिला ने पुलिस को वाट्सएप के कुछ स्क्रीन शॉट्स भी सौंपे हैं। कोलगवां थाना प्रभारी बताया कि महिला ने आवेदन दिया है, मामले की जांच की जा रही है। गौरतलब हो कि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा पिछले दिनों अश्लील चैट को लेकर भी काफी सुर्खियों में थे। पार्टी की महिला कार्यकर्ता के साथ वॉट्सएप पर हुई उनकी कथित बातचीत के स्क्रीन शॉट सोशल मीडिया में वायरल हुए थे। उन पर आरोप है कि प्रदेश अध्यक्ष, राज्यमंत्री और सांसद के बारे में भी अपशब्द कहे गए थे। आपको बता दें कि महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने जिला अध्यक्ष रहते यह हरकत की थी। चाय के बहाने घर पर आए और जबरदस्ती करने लगे। 4 साल से समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। लगातार धमकियां मिल रहीं हैं। कहा, मेरी सरकार है। शासन प्रशासन में मेरे लोग बैठे हैं, कुछ नहीं होगा। पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने महिला के आरोपों को निराधार बताया है। कहा, यह एक षडयंत्र है। महिला की बीमारी के समय मैंने आर्थिक मदद की थी। तब उन्होंने जल्द रुपए लौटाने की बात कही थी, लेकिन लंबा समय गुजर जाने के बाद भी पैसे नहीं लौटाए। अब रुपए मांगने पर आरोपों का दौर शुरू हो गया।

# राजतंत्र की ओर बढ़ता जनतंत्र? माननीयों को पुलिसिया सलामी का आदेश

**समाज जागरण चैतन्य मिश्रा**

अनूपपुर। मध्य प्रदेश पुलिस को डीजीपी के आदेशानुसार अब सांसदों और विधायकों को सलामी देने का निर्देश जारी हुआ है। नया सर्कुलर कहता है कि माननीयों को पुलिस द्वारा सल्यूट किया जाएगा। सवाल यह उठता है कि क्या सम्मान भी आदेश से प्राप्त होगा? क्या लोकतंत्र में अब नेताओं के सम्मान के लिए फरमान जारी करने की जरूरत पड़ रही है? जब नेता खुद अपने सम्मान के लिए आदेश लाने पर उतर आएं, तब यह जनतंत्र के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रश्नचिन्ह है। पुलिस जो संविधान और कानून की रक्षा के लिए वर्दी पहनती है, उसका दायित्व जनसेवा है, न कि सत्ता के प्रतीकों को सलामी देना। ऐसे में पुलिस अफसरों को जबरन सल्यूट करने का निर्देश, उनकी स्वायत्तता और गरिमा दोनों पर आघात है ऐसे में सवाल उठता है कि क्या शराब या रेत माफिया को बचाने वाले विधायकों ओर सांसदों भी सलामी के हकदार होंगे? क्या दागदार छवि वाले जनप्रतिनिधियों को भी वही सम्मान मिलेगा, जो एक ईमानदार को मिलना चाहिए? क्या इस आदेश से पुलिस कर्मियों के भीतर सम्मान का भाव जन्म लेगा या केवल औपचारिकता निभेगी?इन सवालों के जवाब साफ हैं। सम्मान अर्जित किया जाता है, थोपा नहीं जाता। लोकतंत्र की आत्मा यह कहती है कि जनप्रतिनिधि जनता के सेवक होते हैं, स्वामी नहीं। यदि सेवा भाव से, चरित्र बल से, और समर्पण से जनप्रतिनिधि कार्य करें, तो जनता और पुलिस दोनों का सम्मान स्वभावतः प्राप्त होगा। आदेशित सम्मान मात्र खोखली औपचारिकता पैदा करेगा, जो भीतर से सम्मान नहीं, अविश्वास ही बढ़ाएगा नेताओं को यह समझना होगा कि सलामी से नहीं, सेवा से प्रतिष्ठा मिलती है। सम्मान वर्दी को झुकाकर नहीं, चरित्र को ऊंचा करके पाया जाता है यदि हम इस प्रवृत्ति का विरोध नहीं करेंगे, तो वह दिन दूर नहीं जब लोकतंत्र एक तमाशा बन जाएगा, जहां राजा सलामी लेंगे और जनता मजबूर में सिर झुकाएगी ।लोकतंत्र में असली सलामी उसी को मिलती है जो जनता का सच्चा सेवक हो।

# राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद् कटनी का जिला सम्मेलन आयोजित

### राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश एवं संभागीय अध्यक्ष चैतन्य को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण**

अनूपपुर। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद् कटनी का जिला सम्मेलन कार्यक्रम 27 अप्रैल रविवार को जैन धर्मशाला में आयोजित हुआ, कार्यक्रम की भव्यता एवं पत्रकारों के हित से संबंधित चचाओं के साथ परिषद् के पत्रकारों का सम्मान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद अनूपपुर में बहुत ही कम समय में चलाये गये सदस्यता अभियान के दौरान परिषद ने 65 से अधिक पत्रकार सदस्यों को जोड़ने व उनके सदस्यता फार्म को राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी को सौंपा गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी ने कहा कि अनूपपुर की कार्यकारणी ऐसी है जो बहुत कम समय पर विधिवत रूप से अपने जिले का सदस्यता फार्म को भरवाकर परिषद् के प्रति अपनी जिम्मेदारी तथा अपनी कार्यकुशलता व कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद् अनूपपुर आज जिले की सबसे बड़ी परिषद् व संगठन के रूप पत्रकारों के हित एवं उनकी सुरक्षा के लिए खड़ी है। कार्यक्रम में कटनी महापौर प्रीती सूरी, जबलपुर डीआईजी अतुल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रदेश महासचिव विलोक पाठक, संगठन मंत्री अनिरुद्ध पटेरिया, शिव चौरसिया, प्रदेश प्रवक्ता उमेश शुक्ला, जिलाध्यदक्ष कटनी गोपाल सिंघानिया सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में अनूपपुर परिषद् के सराहनीय कार्यो को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला एवं संभागीय अध्यक्ष शहडोल चैतन्य मिश्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है। जिसके बाद प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला एवं शहडोल के संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने कहा कि अनूपपुर जिले के पत्रकारों ने हमारी परिषद् पर भरोसा जताया उन सभी पत्रकारों का अभार जताते हुए उन्होने अनूपपुर जिले में पत्रकारों की सुरक्षा, उनके हित की लड़ाई में हमेशा संघर्ष करने की बात कही गई। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभागीय प्रभारी राजेश शुक्ला तथा संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा के सम्मानित होने पर सभांग और अनूपपुर जिले के कार्यकारिणी जिसमें प्रमुख रूप से शहडोल संभाग से संभागीय संरक्षक मंडल अध्यक्ष कैलाश पांडेय, संरक्षण मंडल के महासचिव अरूण ओटवानी, संभागीय कोषाध्यक्ष पुनीत सेन, संभागीय उपाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा, संभागीय सचिव श्याम तिवारी ,अनूपपुर के संरक्षक मंडल के अध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, परिषद के जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला, जिला महामंत्री श्रवण उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, जिला प्रवक्ता भगवान दास मिश्रा, जिला संगठन मंत्री संतोष मिश्रा, कोषाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, रमाकांत शुक्ला, संदीप द्विवेदी, शैलेंद्र द्विवेदी, जिला सचिव संतोष चौरासिया, चंदन केवट, धर्मेन्द्रकांत तिवारी, कोतमा ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी, ब्लॉक उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश उपाध्याय निगवानी, ब्लोंक महासचिव संस्कार गौतम, ब्लॉक सचिव मोहम्मद जावेद हुसैन उर्फ गजल बिजुरी, संगठन मंत्री अधिकलाल यादव राजनगर, जैतहरी ब्लॉक अध्यक्ष बद्रीनाथ तिवारी, उपाध्यक्ष मदनमोहन मिश्रा, महासचिव पकंज पंजवानी ,अनूपपुर अध्यक्ष दिगंबर शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष अनूपपुर अमित तिवारी, ब्लॉक महासचिव अजय नामदेव, ब्लॉक सचिव निगमदास चौधरी एवं पुष्पराजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सोमू दुबे सहित सहित गिरीश राठौर, विनोद विन्धेश्वरी पांडेय, संतोष झा, धर्मेन्द्र कांत तिवारी, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, नियामुद्दीन अली, नीरज द्विवेदी, दुर्गा प्रसाद यादव, अजीत तिवारी, अमीन वारसी, आर.सी. मिश्रा, प्रकाश तिवारी(मोंटी), आशुतोष सिंह, लक्ष्मी नारायण शुक्ला, महेश प्रसाद मिश्रा कोतमा, गौरव दहिया, बृजेश जयसवाल, रमेश जयसवाल, राजेश सिंह, राजकुमार शुक्ला, सीताराम पटेल, डी.एस.राव, सुनील मिश्रा, प्रमोद तिवारी, धनंजय तिवारी, कमलेश मिश्रा, श्रीराम केवट, रामचरण मिश्रा, अरविंद मिश्रा, पुष्पेंद्र उमर्लिया, अनिल कुमार सोनी, राजकुमार यादव, दिनेश केवट, अरूण त्रिपाठी, बबलू मिश्रा, चेतराम शर्मा, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, इंद्रपाल यादव, अमित कुमार बैंस, प्रहलाद गुप्ता, पवन गौतम, मनोज जैन, बृजेश द्विवेदी, अनिल राठौर, विजय राठौर, सूरज राठौर, होलकर मांडवी ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# पुलिस प्रशासन के गैर जिम्मेंदाराना रवैया से अपराधियों के हौंसले बुलंद

### चोरी, सूदखोरी, जुआं, शराब पैकारी, सट्टा, साइबर क्राइम समेंत अवैध परिवहन पर नही लगाम

**समाज जागरण**

छत्तीसगढ़ म.प्र. के सीमावर्ती अनूपपुर जिले की पुलिस गैर जिम्मेदाराना रवैया अख्तियार कर रखी है फलस्वरूप अपराधी प्रवृत्ति के लोग अपने अनाधिकृत कार्यो को खुलेआम अंजाम दे रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप जिले की जनता कहां गुहार लगाये सोच कर परेशान हो रही है तो वहीं अनूपपुर जिले में शायद ही ऐसा कोई अवैध कार्य संपादित नही हो रहा हो जिस पर अंकुश लगाने की जिम्मेंवारी देशभक्ति जनसेवा स्लोगन धारियों को प्रशासन द्वारा पहले से न दी गई हो। गौरव द्विवेदी अनूपपुर। देशभक्ति जनसेवा वाले स्लोगन प्रायः पुलिस विभाग इस्तेमाल करता है जिसके मायने जानकार स्वतः निकाल सकते हैं साथ ही इसमें कर्तव्यबोध दिखाई पड़ता है किन्तु नेतृत्व क्षमता व कर्तव्य परायणता की कमी जिले के उक्त विभाग में देखी जा रही है प्रदेश के अंतिम छोर में बसे अनूपपुर जिले में प्रायः सभी अवैध कार्य संचालित हैं जिनके संचालक उक्त विभाग के कुछ लोगों से गठजोड़ कर रखे हैं तो अधिकांश जगह पुलिस का ढीला रवैया इन्हे सह दे रहा है जिसकी बदौलत जुआं, सट्टा, कबाड़, चोरी, पशु तस्करी, पकारी समेंत साइबर से जुड़े अपराधों की बांढ़ आ गई है जिनपर अंकुश लगता दिखाई नही पड़ रहा है जिले के समस्त थाने व चौकियों के अधिकांश सघन रहवासी क्षेत्र सट्टे की चपेट में हैं तो शहरी क्षेत्रों में जुयें के फड़ व सूदखोरी चरम पर बनी हुई है साथ ही अवैध परिवहन बदस्तूर जारी है जिनकी जांच के नाम पर बाइक चालकों से हेलमेंट तो कार चालकों से सीट बेल्ट नही लगाने की दण्ड शुल्क वसूली कर अपने कर्तव्य को पूरा होना दिखा रहे हैं। शराब के नाम पर छः लीटर वैसे तो सीमावर्ती जिला होने की वजह से अवैध पैकारी लगातार होती रहती है गाहे-बगाहे या सख्त आदेश पर विवस होकर अंग्रेजी शराब की पैकारी पर एकाध कार्यवाही देखने को मिलती है वहीं देशी कच्ची शराब की जप्ती पर जो पंचनामा बनाया जाता है वह प्रायः सभी थानों चौकियों में वर्षो से एक सा लिखा मिलेगा उनमें बदलेगा तो सिर्फ नाम, जगह और आरोपी किन्तु जप्त शराब की मात्रा से लेकर पकड़े जाने तक की कहानी एक ही दिखाई पड़ती है जिससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि कार्यवाही कर्ता व आरोपी में आपसी तालमेंल बना हुआ है वरना जिले में कच्चे शराब के जितने भी मामले पंजीबद्ध हुये हैं उनमें 99 प्रतिशत मामलों में आरोपी छः लीटर शराब लेकर विक्रय करने जा रहा था और पुलिस मुखबिर की सूचना में उसे पकड़ लेती है। गुलजार हैं जुआं सट्टा समाचार पत्रों में जुयें सट्टे सहित अपराधिक कार्यो में संलिप्त लोगों की खबरें आये दिन सुर्खियां बटोरती रहती है किन्तु पुलिस प्रशासन इसमें पूर्ण अंकुश लगाने में लगातार नाकामयाब रहा है जानकार बताते है कि संचालित सभी अवैध कार्य पुलिस के कुछ लोगों से मिलकर ही किया जाता है तभी उन्हे कार्यवाही से पहले सूचना देकर बचने का मौका मिल जाता है इसके एवज में कुछ चढ़ोत्तरी चढाने का रिवाज अब अलिखित आदेश बन चुका है जिले के राजनगर छोर से लेकर बिजुरी, कोतमा, भालूमाड़ा, जैतहरी, अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ समेंत सभी थाने चौकी क्षेत्रों में यह कार्य होते देखा जा सकता है यहां सोचने वाली बात यह है कि ऐसी बातें आम जनचर्चा में सामिल हैं लेकिन पुलिस इससे अंजान बनी हुई है। सूदखोरी की शिकायत आम पूर्व जिला कप्तान अखिल पटेल के समय लगभग सूदखोरी पर लगाम लग चुका था तब इन कार्यो में संलिप्त लोग पुलिस से भय खाने लगे थे किन्तु उनके स्थानान्तरण पश्चात एक बार पुनः सूदखोरी का नाग अपना फन पूरे जिले में फैला चुका है जिसकी बानगी आये दिन थानों में दर्ज हो रही शिकायतों के रूप में देखा जा सकता है।

# चोरी की रेत से हो रहा है पंचायत भवन का निर्माण

**समाज जागरण**

अनूपपुर । जिले के पुष्पराजगढ़ ब्लाक अंतर्गत सरपंच पति की सा पर चोरी की रेत से पंचायत भवन का निर्माण कराया जा रहा है मध्य प्रदेश के अनूपपुर एवं डिंडोरी जिले की सीमा पर स्थित ग्राम पंचायत मझौली में पंचायत द्वारा पंचायत भवन का निर्माण कराया जा रहा है भले ही निर्माण कार्य की एजेंसी पंचायत है लेकिन रेत एवं अन्य सामग्रियों की सप्लाई ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है काजू नमक ठेकेदार द्वारा पंचायत भवन निर्माण के लिए रेत की सप्लाई की जा रही है और चोरी की रेट से पंचायत भवन का निर्माण हो रहा है लेकिन इस संबंध में ना ही जनपद पंचायत के अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और ना ही अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा इस संबंध में किसी भी प्रकार की कार्यवाही की जा रही है जिसके कारण सरपंच पति एवं ठेकेदार के हौसले बुलंद हैं। सूत्र बताते हैं कि पंचायत भवन निर्माण स्थल पर जो रेट पाई गई वह काली एवं मिट्टी युक्त थी जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि यह रेट नर्मदा नदी की हो सकती है। नर्मदा नदी की रेत निकासी पर है प्रतिबंध मध्य प्रदेश शासन द्वारा नर्मदा नदी के जल के प्रवाह को बनाए रखने एवं पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए नर्मदा की रेट निकासी पर प्रतिबंध लगाया गया है। क्यों है अनुपयोगी नर्मदा नदी की रेत में मिट्टी एवं छोटे-छोटे कंकर पाए जाते हैं जिससे वह सीमेंट में मिश्रित नहीं हो पता है सही ढंग से सीमेंट में मिश्रण ना हो पाने के कारण उसकी छपाई गुणवत्ता हीन मानी जाती है जिससे छपाई गुणवत्ताहीन एवं कमजोर होती है। उक्त सभी बातों की जानकारी होने के बाद भी पंचायत एजेंसी द्वारा ठेकेदार को पंचायत निर्माण का कार्य देकर भ्रष्टाचार एवं गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। सरइटोला में भी यही है हाल चोरी की रेत से भवन का निर्माण सिर्फ ग्राम पंचायत मझौली में ही नहीं हो रहा है बल्कि पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सरयटोला में भी यही हाल है जहां पंचायत भवन का निर्माण हो रहा है और वहां भी काजू नामक ठेकेदार द्वारा रेत की सप्लाई की जा रही है। ऐसा नहीं है कि फरहद गांव का रहने वाला यह ठेकेदार सिर्फ चिन्हित पंचायत में कार्यकर्ता है बल्कि जनपद पंचायत के अधिकारियों के संरक्षण में दर्जनों गांव में रेत की सप्लाई करता है। इस संबंध में जब जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गणेश पांडे से संपर्क करना चाहा गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

**इनका कहना है**

इस संबंध में जब उपयंत्री राजेश शर्मा से पंचायत भवन निर्माण के संबंध में बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैं दिखवाता हूं

# नदियों से रेत चोरी का खेल जोरों पर , धनपुरा - मझियार में नहीं पड़ रही है पुलिस की नजर

### बच्चों की जान को जोखिम में डाल अपनी तिजोरियां भर रहे है माफिया



**समाज जागरण**

शहडोल ' जिले के बुढार , सिंहपुर एवं खैरहा की सीमा का निर्धारण करने वाले रेत तस्करों के द्वारा अवैध रूप से दिन दहाड़े रेत की चोरी का खेल जारी है, ग्राम धनपुरा , चौराडीह, मझियार, विक्रमपुर, उधिया , नरगी ,सिंहपुर, बोरड़ी, खन्नाथ, बरतरा क्षेत्र में जहां भी रेत दिखी वहीं से रेत माफियाओं ने बेहिचक रेत का उठाव कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो इन्हे स्थानीय पुलिस की खुली छूट मिलने के कारण अवैध रेत का कारोबार करने वालों के हौंसले बुलंद हैं, बेखौफी के साथ दिन दहाड़े नालों से रेत निकलना इन माफियाओं का कारोबार बन चुका है ,अगर जिम्मेदार धनपुरा के बैसहा नाले का अवलोकन कर लें तो रेत उठाव से बने गड्ढे साफ बयां कर रहे हैं कि किस तरह रेत माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से रेत उठाव कार्य को अंजाम दिया गया है।

**रात-दिन भर रहते हैं रेत माफिया सक्रिय, रमाकांत- विपिन- जगदीश की तिकड़ी बनी पुलिस के लिए चुनौती**

सूत्रों की माने तो पहले दिन दहाड़े ही रेत का अवैध तरीके से उत्खनन कर परिवहन किया जाता रहा है,ऐसा नहीं है की पुलिस प्रशासन को इन स्थानीय रेत चोर कहे जाने वाले अपराधी प्रवत्ति के माफियाओं के द्वारा की जा रही रेत की तस्करी की जानकारी न हो बल्कि सब कुछ जानते हुए भी इन रेत माफियाओं को पुलिस प्रशासन के जिम्मेदारों द्वारा खुल कर सहयोग किया जाता है इतना ही नही उक्त रेत माफिया आधी रात से सक्रिय हो उठते हैं और समूह बना कर धनपुरा के बैसहा नाला में पूरी व्यवस्था के साथ क्षेत्रों में अपना डेरा जमाते हैं जिनके द्वारा पूरी रात-दिन शराब खोरी की जाती है और आने जाने वाले बाहरी मुसाफिरों के साथ मारपीट वा लूट पाट जैसी घटनाओं को अंजाम देना उनके लिए आम बात हो चली है जिन्हे प्रशासन का खुला संरक्षण मिलने के कारण पीड़ित व्यक्ति अपनी शिकायत भी नही कर पाता और इसी के चलते इन रेत कारोबारियों द्वारा हौसला बुलंद रहता हैं पूरी रात , दिन रमाकांत जगदीश विपिन नामक व्यक्ति के द्वारा रेत चोरी करा कर धनपुरा,क्षेत्र में उत्पाद मचाया जाता है। बच्चों की जान डाल रहे हैं खतरे में माफिया ट्रैक्टरों के माध्यम से नालों से रेत चोरी का काम कर रहे हैं, स्थानीय गरीब बच्चों की गरीबी का लाभ उठा कर उन्हें इस कार्य में नियोजित किया जाता है , नाले की धारा के बीच से रेत का उठाव कर बच्चों के द्वारा ट्रैक्टरों में भरा जाता है , किसी भी दिन बच्चों के साथ कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

**तहसील विभाग की भूमिका भी संदिग्ध**

तहसील बुढार के क्षेत्र में पड़ने वाले इन स्थानों में कहने को तो पटवारी राजस्व निरीक्षक की पदस्थापना हुई हैं लेकिन राजस्व के अमले की नजर भी इन रेत तस्करों पर नहीं पड़ रही है , यदि सूत्रों की मानें तो सर्कल में पदस्थ तहसीलदार एवं राजस्व पटवारी की मेहरबानी से क्षेत्र में अवैध रेत का कारोबार खुब फल फूल रहा है पदस्थ वन अमला भी मोटे नजराने के एवज में रेत माफियाओं को अभयदान दे रखा है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार में मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस

**समाज जागरण**

शहडोल 27 अप्रैल 2025:- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढार के सभागार शनिवार को खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ शैली जैन की उपस्थिति में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। जिसमें श्री रामचन्द्र चतुवेर्दी एम टी एस बुढार ने विश्व मलेरिया दिवस की थीम ,बुखार रोगियों की निः शुल्क जांच एवं उपचार, लार्वा सर्वे, लार्वा विनष्टीकरण, प्रवासी मजदूरों की पहचान और जांच, ग्राम




स्तर पर नारे लेखन, मलेरिया नियंत्रण हेतु प्रचार - प्रसार ,बी की आई,टेमोफास, पायरेथ्रम का उपयोग, स्थाई/अस्थाई जल स्त्रोतों की जानकारी एवं लार्वाभक्षी मछली का संचयन इत्यादि की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर बीईई,बीपीएम, बीसीएम,बीए एम, समस्त सेक्टर सुपरवाइजर, समस्त आशा सुपरवाइजर, पैरामेडिकल स्टाफ एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध रेत उत्खनन माफिया के विरूद्ध कोतवाली पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही

**समाज जागरण अनूपपुर**

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमानके निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी एवं एस.डी.ओ.पी. अनूरपुर सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली अनूपपुर द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है। विगांक 27.04.2025 को टी.आई. कोतवाली अरविन्द जैन के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक संतानंद कोल, आरक्षक दीपक कुन्देला, आरक्षक राजेश बड़ोले के द्वारा बिना नम्बर की लाल पीले रंग की टाटा कंपनी की डग्गी चालक के द्वारा अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था जो मौके पर चालक सूरज पटेल पिता राकेश पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पसला थाना कोतवाली जिला अनूपपुर से डग्गी में लोड रेता के जप्त कर थाना कोतवाली अनूपपुर में डग्गी चालक सूरज पटेल व वाहन स्वामी अक्षय सिहं के विरुद्ध अपराध क्रमांक 207/25 धारा 303(2), 317(5) बी. एन.एस.4 /21 खान खनिज अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर कार्यवाही की जा रही है।

# चोरी की बिजली से चमक रही माँ शारदा कोल साइडिंग, विजिलेंस में शिकायत, बड़ी कार्रवाई तय!

**समाज जागरण**

बिजुरी। कोयलांचल क्षेत्र बिजुरी में करोड़ों के कोयला कारोबार को चमकाने के लिए अब चोरी की बिजली का सहारा लिया जा रहा है। कपिलधारा कॉलोनी स्थित एक कान्वेंट स्कूल की मिलीभगत से माँ शारदा कोल साइडिंग ने कॉलरी की बिजली पर अवैध कब्जा कर लिया है। स्कूल की दीवार में छेद कर बिजली के तार खींचे गए और सड़क के नीचे से गुजारकर सीधे साइडिंग तक सप्लाई पहुंचाई गई। करोड़ों रुपए के नुकसान का यह मामला अब विजिलेंस के शिकंजे में आ चुका है। दोषियों पर आर्थिक दंड के साथ लाइसेंस निरस्तीकरण की मांग भी उठी है। स्कूल और साइडिंग संचालक की गहरी साठगांठ, कॉलरी की बिजली से गुलजार कारोबार जांच में सामने आया कि कपिलधारा कॉलोनी स्थित प्राइवेट कान्वेंट स्कूल, जो पूर्व से ही कॉलरी की अवैध बिजली पर संचालित हो रहा था, ने माँ शारदा कोल साइडिंग के साथ साठगांठ कर ली। स्कूल भवन की पीछे दीवार में छेद कर पाइप के जरिये बिजली के तार निकाले गए। ये तार सड़क के नीचे से लगभग दो सौ मीटर दूर वृक्षारोपण स्थल होते हुए सीधे साइडिंग में पहुंचाए गए, जहां से चोरी की बिजली से कोयला लोडिंग, मशीनें और कांटा घर संचालित किए जा रहे हैं।

**करोड़ों के राजस्व को लगा रहा सेंध**

एसईसीएल (SECL) द्वारा कॉलरी क्षेत्रों में दी गई बिजली औद्योगिक उपयोग के लिए आरक्षित है। कपिलधारा कॉलोनी में अब तक राज्य सरकार के विद्युत विभाग द्वारा कोई आधिकारिक बिजली कनेक्शन नहीं दिया गया है। इसके बावजूद चोरी की गई बिजली से माँ शारदा कोल साइडिंग का संचालन किया जा रहा है। नियमों के तहत प्राइवेट सप्लाई के लिए विधिवत अनुमति और भुगतान आवश्यक होता है, जिसे दरकिनार कर करोड़ों की चोरी कर सरकार को राजस्व का भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जल-पर्यावरण नियमों की भी धज्जियां, सड़क पर उड़ रही कोयले की धूल कोयला ट्रांसपोर्टिंग के दौरान न तो वाहनों पर तिरपाल ढंकी जाती है और न ही ओवरलोडिंग पर कोई नियंत्रण है। इससे कोयले की धूल उड़कर आसपास के लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन रही है। जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के नियमों का खुलेआम उल्लंघन कर साइडिंग का संचालन धड़ल्ले से जारी है। सड़कों पर कोयले की परतें जमने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**विजिलेंस में पहुंचा मामला, कार्रवाई की तैयारी**

माँ शारदा कोल साइडिंग के खिलाफ चोरी की बिजली सप्लाई का मामला बिलासपुर स्थित विजिलेंस विभाग में शिकायत के रूप में दर्ज हो गया है। शिकायत में संचालक पर कठोर आर्थिक दंड, लाइसेंस निरस्तीकरण और कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। विजिलेंस जांच के बाद जल्द बड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।


**इनका कहना है**

आपके माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। निश्चित ही जांच कर बड़ी कार्रवाई की जाएगी। उमेश कुमार शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक, हसदेव एरिया "हां, तार डाले थे चेकिंग के लिए। दो-तीन दिन में कटवा देंगे।" रमेश मिश्रा, कर्मचारी, माँ शारदा कोल साइडिंग

# करकटी सरपंच की पहल पर मंदिर की जमीन हुईं संरक्षित

### प्राचीन मंदिर की भूमि हुई सुरक्षित

**समाज जागरण**



करकटी सरपंच ने हनुमान जी के पुराने मंदिर की भूमि कों सुरक्षित कर के ग्राम पंचायत के सभी व्यक्तियों के लिए सुरक्षित करवाया करकटी मुख्य मार्ग पर स्थित हनुमान जी का मंदिर आस्था का प्रमुख केन्द्र रहा हैं जिसे कुछ दबंग व्यक्तियों के द्वारा खरीदा बेचा गया था जहां गांव के लोगों की आस्था एवं पूजा पाठ का प्रमुख केन्द्र एवं निस्तार हेतु संरक्षित था उसे बिगड़े में लगनें वालें लोगों के मंसूबे में सरपंच करकटी ने ग्राम पंचायत के हित में अच्छी पहल की हैं जिनकी पूरे पंचायत में सराहनीय कार्य कहां जा रहां है। शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत करकटी की सरपंच कौशिल्या बाईं पति तुला राम बैंगा सरपंच ग्राम पंचायत करकटी ने मंदिर की भूमि आराजी खसरा नंबर 254कुल, रकबा 0.30एकड़,के अंश भाग का नामांतरण तहसीलदार बुढार के द्वारा राजस्व प्रकरण क्रमांक 151/अ-6/1990-91मे, पारित आदेश दिनांक 20.8 .1 991मे,रकबा 0.1 1एकड़, अर्जुन काछी के बजाय दिग्विजय सिंह के नाम स्वीकार किया था तथा शेष भाग का नामांतरण दिवाकर सिंह वगैरह के नाम स्वीकार किया जाकर यह भी आदेशित किया था कि 0.11एकड ,यानि 0.04 5हे0उसमे,देव स्थल मंदिर चबूतरा हैण्ड पंप एवं पेड़ हैं उसे किसी प्रकार का कोई क्षति नहीं पहुंचाई जायेंगी तथा खसरे में यथावत दर्ज रहेंगे करकटी सरपंच ने अनुविभागीय अधिकारी के यहां की थी अपील ग्राम पंचायत करकटी की सरपंच ने वर्षों से बने धार्मिक स्थल कों भूमफिआओ,से देव स्थल की भूमि कों सुरक्षित करनें के लिए सोहागपुर अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष अपील की गई की धार्मिक स्थल की भूमि म को छोड़ा जाए जिसमेअनुविभागिय विभागीय अधिकारी ने पंचायत के पक्ष में आदेश पारित करते हुए मंदिर परिसर की भूमि को0.020हे. जहां देव स्थल है मंदिर चबूतरा हैंडपंप निर्मित हाय जिसने ग्रामीण जन उक्त देवस्थान पर पूजा अर्चना करते हैं कोई अतिक्रमण या कब्जा प्रयास न करें करकटी सरपंच ने पंचायत के विकास में रहतीं हैं आगे ग्राम पंचायत करकटी की सरपंच कौशिल्या बाईं पंचायत के विकास में आगे बढ़ कर विकास के कार्यों कों संचालित करनें में आगे रहतीं हैं पंचायत में स्वच्छ पेयजल एवं सड़क बिजली स्वस्थ पर विशेष रूप से आगे अकर संचालित कर के मोदी एवं मोहन सरकार के सभी योजनाओं कों कियान्वयन करनें में लगीं रहतीं हैं

# पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत आत्माओ को दी गईश्रद्धांजलि आतंकवाद के खिलाफ लगाए नारे

**समाज जागरण**



अमलाई-जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले मैं दिवंगत आत्माओ को नगर विकास मंच अमलाई के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।सर्वप्रथम दिवंगत आत्माओ को दो मिनट मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई सभी ने दिवंगत आत्माओ के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं उनकी याद मे दीप जलाया गया दुर्गा मंदिर चौक में आयोजित कार्यक्रम में आतंकवाद मुदार्बाद और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाते हुए आक्रोश प्रकट किया और एक सुर में वहां पर खड़ी सभी आम जनमानस ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आवाहन किया कि अब बहुत हुआ अब देश को आतंकवाद की घटनाओं पर कड़ा कदम पाकिस्तान के खिलाफ उठाना होगा जिस तरह से जिस तरह से 1971 में पाकिस्तानियों को हमने घुटने टेकने को मजबूर किया था इस बार पूरा देश चाहता है कि इन पर ठोस कार्यवाही की जाए। आक्रोशित जनता का कहना था कि यह हमला न केवल पर्यटकों पर, बल्कि भारत पर आघात है। कार्यकताओं ने सरकार से कश्मीर में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम करने की मांग की। दुर्गा मंदिर चौक पर पहुंचकर नगर की आम जनमानस ने "पाकिस्तान मुदार्बाद" और "आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा" के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। जनता ने सरकार से आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की आक्रोशित जनता ने एक सुर में कहा कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर किया गया यह हमला कश्मीरियत और इंसानियत पर प्रहार है। आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। केंद्र सरकार से मांग की कि इस हमले के दोषियों को जल्द से जल्द सजा दी जाए।इस घटना से देशवासी आहत हैं।इस दौरान पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा और महिलाएं शामिल हुए।

## उ0प्र0 प्रधानाचार्य परिषद वाराणसी मण्डल की शैक्षिक संगोष्ठी हरहुआ में आज


**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी उ0 प्र0 प्रधानाचार्य परिषद वाराणसी मण्डल की शैक्षिक संगोष्ठी,सम्मेलन एवं सम्मान समारोह एस0 आर0 प्लेटिंनम इंग्लिश स्कूल हरहुआ में 10 बजे से आयोजित है। जिसमे प्रमुख विषय'शिक्षा, परीक्षा एवम मूल्यांकन' होगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि आयुष राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार) डरो दयाशंकर मिश्र 'दयालु' विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष उ0 प्र0 प्रधानाचार्य परिषद डॉ0 हरेंद्र कुमार राय, अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष उ0प्र0 प्रधानाचार्य परिषद डॉ0 श्यामजीत सिंह यादव होंगे। उक्त की जानकारी प्रबन्ध निदेशक एस0आर0 प्लेटिंनम इंग्लिश स्कूल हरहुआ ने दी है।

## गेट का ताला तोड़कर चोर घर मे घुसकर लाखों का कीमती सामान चुरा ले गए।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। चौबेपुर थानांतर्गत लखराव, कामाख्या नगर कालोनी , गौरा कला वाराणसी निवासी सुधांशु श्रीवास्तव के घर25/26 की रात मे



लगे गेट का ताला तोड़कर चोर लाखो रुपये कीमती सामान चुरा ले गए। घटना के सन्दर्भ में सुधांशु श्रीवास्तव का पूरा परिवार उनके भाभी के अस्पताल में डिलीवरी के मामले में घर से बाहर चले गए थे। इसी बीच चोरों ने 25/26 की रात में गेट का ताला तोड़कर सोने चांदी के गहने सहित नगद रुपये उठा ले गए। चोरी की सूचना उनके पड़ोसी ने मोबाइल पर सूचना दी तब पता चला। घर फौरन जब पहुँचे तो पुलिस को 112 नम्बर पर सूचना दी। चोरी की सूचना घर के मालिक ने लिखित तहरीर चौबेपुर थाने को देकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

## गर्मी से राहत के लिए प्याऊ का लोकार्पण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

भीषण गर्मी को देखते हुए रविवार को जक्खिनी गांव में प्याऊ का लोकार्पण



किया गया। यहां पर प्याऊ समाजसेवी तथा डॉक्यूमेंट्री फिल्म निमार्ता संजय सैदपुरी की स्मृति में स्थापित किया गया है। लोकार्पण भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला मंत्री पंकज सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है। गर्मी में मनुष्य और अन्य जीव जंतुओं पक्षियों तथा जानवरों के लिए ही पानी की व्यवस्था करनी चाहिए.इस दौरान यहां पर संतोष सिंह,खिचड़ू कन्नौजिया,श्री राम माली सत्य प्रकाश आदि लोग रहे।

## हत्या के आरोपी पर होगी कड़ी कार्यवाही- कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।।**

पिंडरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मरूई निवासी अधिवक्ता कैलाश चंद्र पटेल के 18 वर्षीय पुत्र हेमंत पटेल की नटीनियां दाई ( खुशहाल नगर ) स्थित



स्कूल प्रबंधक के पुत्र द्वारा साजिश कर हत्या के उपरांत अधिवक्ता कैलाश चंद्र पटेल के मरूई स्थित आवास पर आज मां. ई. आशीष पटेल जी ( कैबिनेट मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं बाटझमाप विभाग उत्तर प्रदेश शासन ) पहुंचकर स्व. हेमंत पटेल के परिवार वालों से मुलाकात व परिवार वालों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त कर पुलिस उपयुक्त गोमती जोन आकाश पटेल को हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कर सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई के लिए कहा। उनके साथ रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल,मनीष सिंह, डॉ नरेंद्र पटेल,राजेंद्र पटेल,श्याम नारायण पटेल, डॉ महेंद्र पटेल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## वृद्ध मुस्लिम दर्जी के मदद को आगे आए हिंदू


**दैनिक समाज जागरण प्रभात कुमार सेठ फूलपुर वाराणसी**

पिंडरा। एक तरफ जहां पुलवामा में हम आतंकी हमले को लेकर पूरे देश मे मुस्लिमों के प्रति नफरत का माहौल है वही दूसरी तरफ फूलपुर के हिन्दू समुदाय के लोगों ने एक असहाय 85 वर्षीय मुस्लिम दर्जी अनवर अली को नई सिलाई मशीन उपहार स्वरूप दी। क्षेत्र के थानारामपुर निवासी अनवर अली जो कि फूलपुर बाजार अपने जीविकोपार्जन हेतु टेलरिग का कार्य करते हैं उनकी सिलाई मशीन खराब हो गई थी , गोरक्षक सुल्तान अहमद को जब ये बात की जानकारी हुई तो उन्होंने फूलपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल सपालू से चर्चा की जिसपर उन्होंने हिंदू भाइयों से मदद की गुहार लगाई तो सब आगे बढ़कर मदद की और नई सिलाई मशीन उनको रविवार को दी। नई सिलाई मशीन पाकर अनवर अली के आँखों में आंसू आ गए.इस पहल की चर्चा क्षेत्र में खूब रही। वही मदद करने वालों में फूलपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल सपालू,रमेश विश्वकर्मा, संजय अग्रहरि, सोनू सेठ, मनोज अग्रहरि, कमलेश गुप्ता, राजू वर्मा, विक्की गोंड, अमन सेठ, विजय विश्वकर्मा,भुलई पटेल, डा नसीम, अश्वनी अग्रहरि व सुल्तान अहमद रहे।

## एमएलसी ,भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं सँग सुनी पीएम के 'मन की बात'

**दैनिक समाज जागरण वाराणसी**

रोहनिया विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के कंचनपुर स्थित अपने आवास पर रविवार को पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ रेडियो पर दोपहर 11:00 बजे



से 11:30 तक रेडियो पर प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुनीं। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश पटेल, जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा गोबिंद गुप्ता,रमेश विश्वकर्मा, गौरव पटेल यूसुफ खान, अजय कुमार विश्वकर्मा, विजय कुमार विश्वकर्मा, गौरव पटेल नाते सिंह, राजेंद्र विश्वकर्मा, अजीज, संत कुमार तिवारी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## मृत हेमंत पटेल के घर पहुंचे कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल

### बसपा का भी प्रतिनिधि मंडल पहुचा।

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल पिंडरा।**

अधिवक्ता कैलाश चंद्र पटेल के 18 वर्षीय पुत्र हेमंत पटेल की स्कूल प्रबंधक पुत्र द्वारा हत्या के उपरांत रविवार को कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल परिवार वालों के प्रति संवेदना व्यक्त कर डीसीपी गोमती जोन को निर्देश दिया। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अपना दल "एस" व कैबिनेट मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं बाट माप विभाग उत्तर प्रदेश सरकार आशीष पटेल रविवार को सायँ काल मे मरुई स्थित मृतक छात्र के घर पर पहुचे और पिता से घटना के बाबत जानकारी लेने के साथ गोमती जोन डीसीपी आकाश पटेल से आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिए। इस दौरान रोहनिया



विधायक डॉ0 सुनील पटेल , राष्ट्रीय सचिव मनीष सिंह , जिला अध्यक्ष राजेंद्र पटेल , श्याम नारायण सिंह पटेल , राकेश यादव , दिव्यांशु पटेल, आनंद प्रकाश पटेल , हौसला प्रसाद पटेल सियाराम पटेल, महेंद्र सिंह पटेल ,श्रीमती अनीता पटेल श्रीमती रीना वर्मा, दीपक पटेल, डॉ उमेश पटेल समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वही बसपा का भी प्रतिनिधि मंडल मरुई पहुचा और परिवार को शोक संवेदना व्यक्त करते हुए न्याय न मिलने पर सड़क पर उतरने की चेतावनी दी। इस दौरान मण्डल कोऑर्डिनेटर अवनीश कुमार, लक्ष्मण राम, जिला प्रभारी एस जावेद, जिलाध्यक्ष रवि कुमार, सन्तोष गौतम, राजकुमार भारती, अजय कुमार ,बबलू चौहान व आशीष प्रधान रहे।

## उ0प्र0 प्रधानाचार्य परिषद वाराणसी मण्डल की शैक्षिक संगोष्ठी हरहुआ में आज

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी उ0 प्र0 प्रधानाचार्य परिषद वाराणसी मण्डल की शैक्षिक संगोष्ठी,सम्मेलन एवं सम्मान समारोह एस0 आर0 प्लेटिंनम इंग्लिश स्कूल हरहुआ में 10 बजे से आयोजित है। जिसमे प्रमुख विषय'शिक्षा, परीक्षा एवम मूल्यांकन' होगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि आयुष राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार) डॉक्टर दयाशंकर मिश्र 'दयालु' विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष उ0 प्र0 प्रधानाचार्य परिषद डॉ0 हरेंद्र कुमार राय, अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष उ0प्र0 प्रधानाचार्य परिषद डॉ0 श्यामजीत सिंह यादव होंगे। उक्त की जानकारी प्रबन्ध निदेशक एस0आर0 प्लेटिंनम इंग्लिश स्कूल हरहुआ ने दी है।

## मंगारी में निकला कैंडिल मार्च, दी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी । जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी द्वारा निर्दोष की हत्या के खिलाफ आक्रोश थमने का नाम नही ले रहा है। रविवार को मंगारी में दर्जनो की संख्या में लोग एकत्र होकर पाकिस्तान के खिलाफ मुदार्बाद का नारे लगाते हुए मृत लोगों के प्रति कैंडिल मार्च निकाल श्रद्धाजंलि दी। इस दौरान पाकिस्तान का पुतला फूंका। कैंडिल मार्च



मंगारी से गंगापुर चौराहे से होते हुए ब्लॉक मुख्यालय तक कैंडिल मार्च निकाला गया। भाजपा युवा मोर्चा के गौरव सिंह रोलु के नेतृत्व मे कैंडिल मार्च में दिनेश सिंह, सुजीत सिंह, सतीश पटेल, हर्ष सिंह, कुणाल सिंह, किशन मिश्रा , सुमित सिंह भीम, रत्नेश सिंह समेत दर्जनों लोग रहे।

## "करहा पूजन- विज्ञान नहीं, आस्था का विषय है

**दैनिक समाज जागरण अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी**

चोलापुर थाना क्षेत्र के गोसाईपुर मोहांव (बाड़ा) स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में रविवार सुबह करहा पूजन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन का नेतृत्व ग्रामसभा धरांग (चोलापुर, वाराणसी) निवासी भगत अनिल यादव ने किया, जिन पर मां बनसत्ती देवी की विशेष कृपा मानी जाती है। उन्होंने पूरे विधि-विधान से पूजन अनुष्ठान कराया। आस्था और भक्ति





का प्रतीक- "करहा पूजन" भगत अनिल यादव द्वारा खौलती कड़ाही से गरम पूड़ी निकालना और गर्म दूध से स्वयं तथा बालक का स्नान कराना जैसे अद्भुत दृश्य देखकर भक्तगण भाव-विभोर हो उठे। पूजन उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं ने बेल का शरबत, खीर, चना और फलों का प्रसाद ग्रहण किया। "करहा पूजन- यादव वंश की परंपरा और उसका महत्व" करहा पूजन यादव वंश में विशेष महत्व रखता है। यह अनुष्ठान भगवान श्रीकृष्ण की आराधना और सम्मान के लिए किया जाता है। भगवान कृष्ण यादव वंश के प्रमुख आराध्य देव हैं, और उनकी भक्ति करना यादव समाज के लिए अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। "करहा पूजन की विधि" करहा पूजन की विधि मुख्यतः चार चरणों में संपन्न होती है- 1- "स्नान एवं शुद्धिकरण"- प्रातःकाल स्नान कर आत्म-शुद्धि की जाती है। 2- "पूजा सामग्री का संग्रह"- फल, फूल, धूप, दीप तथा अन्य पूजन सामग्री एकत्र की जाती है। 3- "भगवान श्रीकृष्ण की आराधना"- श्रद्धापूर्वक श्रीकृष्ण का पूजन कर उन्हें विविध भोग अर्पित किए जाते हैं। 4- "करहा पूजन"- करहा (कड़ाही) का विशेष पूजन कर उसे भी पुष्प और भोग अर्पित किए जाते हैं। "आयोजन में प्रमुख उपस्थिति"- इस पावन अवसर पर आयोजन कर्ता रामआसरे यादव, रामाशंकर यादव, शिवशंकर यादव, अनुज यादव, अजय यादव, आरुष यादव और भक्तगणो में भूतपूर्व प्रधान रामजनम यादव, अनिल यादव (महादेव), रामचंद्र यादव और दिव्यांश वर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूजन का पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## पहलगाम में आतंकी हमले शाहिद लोगों को दी कैंडल मार्च जलाकर श्रद्धांजलि

### आतंकवादियों को गोली मारो के नारे से कुछ उठी नियार बाजार

**दैनिक समाज जागरण अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी**

चोलापुर थाना क्षेत्र के अजगरा चौकी अंतर्गत नियार बाजार में रविवार शाम विश्व हिंदू महासंघ भारत के नेतृत्व में एक कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन के दौरान लोगों ने "बदला लो-बदला लो", "पाकिस्तान मुदार्बाद", "हिंदुस्तान जिंदाबाद", "आतंकवादियों से बदला लो-बदला लो", "मोदी तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं" और "देश के गद्दारों को गोली मारो-गोली मारो" जैसे नारों के साथ बाजार को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। यह कार्यक्रम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष सैलानियों की आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्या के विरोध में आयोजित किया गया था। विश्व हिंदू महासंघ भारत के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार सेठ, जिला प्रवक्ता अरविंद सोनी, जिला उपाध्यक्ष विशाल सेठ, संजय सर्राफ, मां गायत्री जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर दुबे, मुसे कनौजिया, भीम सेठ, राज सेठ, पंकज सेठ, ऋतुराज सिंह, डॉ. सुजीत कुमार, दीपक, जन्मेजय, परमानंद, किशन, महेश, अनुपम, चंदन समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से सभी ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर कड़ा संदेश दिया और शहीद सैलानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पहलगाम में हुए आतंकी घटना के विरोध में एकल विद्यालय के आचार्यो ने जुलूस निकालकर आक्रोश जताया।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ क्षेत्र के चक्का से औसानपुर तक पैदल यात्रा अंचल सारनाथ संभाग पुर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा कश्मीर के पहलगाम मे हुए आतंकी वारदात के विरोध मे एकल विद्यालय के आचार्यो ने रविवार को दोपहर में जुलूस निकालकर आक्रोश जताया। एकल अभियान ने निर्दोष हिंदुओ के नरसंहार के विरोध मे विशाल प्रदर्शन और मौन यात्रा निकला । आतंकवाद के खिलाफ जमकर




नारेबाजी की और देश के एकता एवं अखण्डता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस धरना-प्रदर्शन मे अंचल सारनाथ के अभियान प्रमुख अनिल कुमार अंचल सारनाथ के प्रशिक्षक प्रमुख रामजानकी संच प्रमुख बहन समिता प्रतिमा गुन्जा औरआचार्य भाई बहने शामिल रही।

## बर्तन के दुकान से चोरी करने वाले माल सहित गिरफ्तार

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल पिंडरा।**

सिन्धोरा पुलिस ने बर्तन की दुकान से चोरी करने वाले अभियुक्तों को रविवार को गिरफ्तार कर उनके पास से पीतल के बर्तन बरामद किया। थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जाठी पोखरा के पास से गत दिनों सिंधोरा बाजार स्थित एक बर्तन की दुकान से चोरी करने वाले अभियुक्त समीर व रामकरन गुप्ता निवासीगण सिंधोरा को उनके साथियों दिनेश विश्वकर्मा उदयचंदपुर, थाना केराकत, राजकुमार अग्रहरि ,राजन उर्फ गोलू अग्रहरि, निवासी जलालपुर बाजार, जौनपुर, को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी के बर्तन 13 फूल धातु का बड़ा थाल, 55 फूल धातु की थालियाँ, और 18 फूल धातु के कटोरे बरामद कर किया। सभी को धारा 306 बीएनएस व धारा 317(2) के तहत जेल भेज दिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त समीर तथा रामकरन गुप्ता ने बताया कि हम दोनों लोग रोहित बर्नवाल की दुकान पर काम करते थे और पैसे के लालच में आकर थोड़ा-थोड़ा कीमती फूल धातु के बर्तन अपने दोस्तों दिनेश विश्वकर्मा, राजकुमार अग्रहरि और राजन उर्फ गोलू अग्रहरि के साथ मिलकर रोहित बर्नवाल, निवासी सिंधोरा बाजार, की दुकान से गोपनीय तरीके से चोरी करके सभी बर्तन अपने-अपने पास इकट्ठा कर लेते थे। हम पाँचों लोग जौनपुर शहर जाकर सरे राह चलते राहगीरों को औने-पौने दाम में बेच देते हैं। जो पैसा मिलता है, उसका हम लोग खाने-पीने और शौक पूरे करने में खर्च कर देते हैं। आज हम पाँचों लोग रोहित बर्नवाल की दुकान से चोरी किए गए बर्तन को इकट्ठा करके जौनपुर जाकर इन फूल धातु के बर्तनों को बेचने के लिए जाने हेतु वाहन के आने का इंतजार कर रहे थे तभी पकड़ लिया गया।

## मंत्री श्री जायसवाल से मंडल अध्यक्ष सहित पदाधिकारीयों में लिया मार्गदर्शन

**समाज जागरण**

बिजुरी- मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल के निज निवास में बिजुरी मंडल के यशस्वी ऊजार्वान मंडल अध्यक्ष रविंद्र रिंकू शर्मा के नेतृत्व में मंडल के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मार्गदर्शन प्राप्त किये जिसमें मंडल अध्यक्ष सहित पदाधिकारीयों को अंगवस्त्र पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया इस दौरान श्री जायसवाल ने अपने उद्बोधन में सबसे पहले पहलगांव में हुए आतंकी हमले के लिए शोक व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा एवं पदाधिकारियों के नैतिक कर्तव्यों को याद दिलाते हुए हिंदू नव वर्ष कैलेंडर का विमोचन किया। श्री जायसवाल ने अपने उद्बोधन में मंडल पदाधिकारीयो को संबोधित करते हुए कहा की मंडल के पदाधिकारीयो को बूथ स्तर में प्रभारी बनाते हुए बूथ सदस्यों सहित सभी मोर्चे के पदाधिकारीयों की बूथ स्तर पर टीम बनाते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जाए श्री जायसवाल ने विस्वास जताते हुए कहा कि सभी नवीन दायित्व के साथ संगठन विस्तार में अपनी पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे ! उक्त बैठक में मंडल अध्यक्ष सहित मंडल के सभी पदाधिकारी सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

## जवाहर नवोदय विद्यालय में पात्र बालक को नहीं मिल पा रहा प्रवेश

### बालक की मां ने शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**समाज जागरण**

अमरकंटक प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरकंटक स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में अनूपपुर जिले के अंतर्गत अमलाई निवासी पूजा वाधवानी ने अपने पुत्र हनु वाधवानी का एडमिशन जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में पात्र होने के बाद भी नहीं हो पाने के कारण शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। शिकायत पत्र में पूजा वाधवानी ने कहा कि मेरा पुत्र हनु वाधवानी कार्मल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल शहडोल जिले में अध्यायनरत है मेरे पुत्र द्वारा वर्ष 2024 में जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन किया गया था जिसमे हमारे द्वारा सभी जानकारी सही भरी गई थी हनु वाधवानी रोल नंबर 2027152 है, एवं रजिस्ट्रेशन क्रमांक 12460300138 है। हनु वाधवानी का नाम प्रवेश परीक्षा में आया 4000 बच्चों में से 80 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की जिसकी सूची क्रमांक 1 में मेरे पुत्र हनु वाघवानी का भी नाम था जिससे उक्त बच्चों का दाखिला अमरकंटक नवोदय विद्यालय में होना था जब हम अपने पुत्र को लेकर नवोदय विद्यालय पहुंचे तो वहां उपस्थित प्रधानाचार्य एस० के०राय द्वारा प्रवेश लेने से इनकार कर दिया गया उन्होंने कहा कि मैं हनु वाधवानी को दाखिला नहीं दूंगा आप शहडोल जिले से हो आपके पुत्र ने शहडोल जिले से अध्ययन किया है मेरे पुत्र ने प्रवेश परीक्षा प्रथम सूची मे उत्तीर्ण की है एवं बच्चों को दाखिले का अधिकार है । बालक की माता पूजा वाधवानी का कहना है कि उनका परिवार शहडोल और अनूपपुर के बॉर्डर पर निवासरत हैं घर से स्कूल की दूरी मात्र । किलोमीटर है मेरे पुत्र का जिस परीक्षा केंद्र में केंद्र था वहीं परीक्षा दीया है एवं उत्तीर्ण भी हुआ है सिर्फ जिले एवं विद्यालय परिवर्तन से बच्चे का शिक्षा का अधिकार समाप्त नहीं होता इसी संबंध में पिछले वर्ष 2024 में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के न्याय मूर्ति सी०हरि शंकर जी द्वारा निर्णय भी दिया गया था कि किसी भी छात्र को इस आधार पर जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश से वंचित नहीं रखा जाए कि वह उसे जिले के है या नहीं है। श्रीमती वाधवानी ने कहा कि मेरे पुत्र हनु वाधवानी को उसकी योग्यता एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय शहडोल अनूपपुर किसी में भी निर्देशित करें कि बच्चों को विद्यालय में दाखिला दिया जाए एवं पढ़ाई जारी रखी जाए।

## कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 15वें रोजगार मेले में 976 नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने आज देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेले के 15वें संस्करण में गर्व के साथ भाग लिया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किए गए इस कार्यक्रम में ईपीएफओ सहित विभिन्न सरकारी विभागों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस महत्वपूर्ण भर्ती अभियान के हिस्से के रूप में, ईपीएफओ अपने कार्यबल को मजबूत करने के उद्देश्य से नवनियुक्त कर्मियों का स्वागत करता है ताकि देशभर में लाखों ग्राहकों को सामाजिक सुरक्षा सेवाओं की कुशल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। आज 345 लेखा अधिकारियों/ प्रवर्तन अधिकारियों और 631 सामाजिक सुरक्षा सहायकों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए। ये नवनियुक्त कर्मचारी सरकार के मजबूत एवं समावेशी अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए भविष्य निधि, पेंशन और बीमा लाभ प्रदान करने के ईपीएफओ के मिशन में योगदान देंगे। ईपीएफओ ने नियमित भर्तियां सुनिश्चित करने के लिए मुख्यालय में भर्ती इकाई की स्थापना की है तथा केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के निदेर्शों का पालन करते हुए एक भर्ती कैलेंडर तैयार किया है। पिछले एक साल के दौरान, ईपीएफओ ने 159 सहायक भविष्य निधि आयुक्तों, 84 कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों, 28 स्टेनोग्राफरों, 2674 एसएसए तथा अन्य पदों पर भर्ती की है। एपीएफसी, ईओ/एओ, पीए और एएसओ की भर्ती प्रक्रिया जारी है। रोजगार मेला प्रधानमंत्री की रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने और राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। ईपीएफओ की भागीदारी पारदर्शी एवं योग्यता आधारित भर्ती के प्रति उसके समर्पण को रेखांकित करती है, जो सेवाओं की आपूर्ति को बढ़ाने के उद्देश्य से आधुनिक प्रक्रियाओं का लाभ उठाती है। नवनियुक्त कर्मियों को आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। इसके साथ-साथ उन्हें औपचारिक प्रशिक्षण भी मिलेगा, जिससे वे अपने कौशल को बढ़ा सकेंगे और अपनी भूमिकाओं में उत्कृष्टता हासिल कर सकेंगे।

## एनआईईएलआईटी ने डिजिटल इंडिया पहल को बढ़ावा देने के लिए 8 दूरदर्शी संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

एससीएल मोहाली, ईआरएनईटी इंडिया, अमृता विश्वविद्यालय, एनआईएसई, हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट, किंड्रिल इंडिया, स्काईरूट एयरोस्पेस और आईएफएमआर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए उभरती प्रौद्योगिकियों में नवाचार, कौशल और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक सहयोग राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) ने डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक प्रमुख कदम उठाते हुए 25 अप्रैल, 2025 को इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, नई दिल्ली में आठ दूरदर्शी संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के सचिव श्री एस. कृष्णन भी उपस्थित थे। यह हस्ताक्षर समारोह एनआईईएलआईटी के लिए रणनीतिक सहयोग का एक नया अध्याय है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय के डिजिटल तंत्र को मजबूत करना है। एनआईईएलआईटी ने सेमी-कंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल), ईआरएनईटी इंडिया, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी (एनआईएसई), अमृता विश्व विद्यापीठम, स्काईरूट एयरोस्पेस, इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंशियल मैनेजमेंट एंड रिसर्च (आईएफएमआर) और किंड्रिल इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

ये साझेदारियाँ इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शिक्षा, कौशल, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ाने के लिए की गई हैं। यह सहयोग संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, पाठ्यक्रम विकास, क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण, कौशल कार्यक्रम और उभरती प्रौद्योगिकियों और नवाचार के क्षेत्र में किया जाएगा। इस अवसर पर बोलते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव श्री एस. कृष्णन ने इस तरह के तालमेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, "यह एक मजबूत डिजिटल तंत्र को बढ़ावा देने और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल विकसित करने के लिए शिक्षा, उद्योग और सरकारी संस्थानों का एक रणनीतिक सहयोग है। इस तरह के सहयोगात्मक प्रयास डिजिटल रूप से सशक्त समाज और संपन्न ज्ञान अर्थव्यवस्था को आकार देने के लिए आवश्यक हैं।"

## हिंदुस्तान के प्रसिद्ध महंतों द्वारा हिंदू कॉलेज कश्मीरी गेट पर श्रद्धांजलि हेतु मौन रखा गया

**मुख्य संवाददाता**

आज दिनांक 27 अप्रैल रविवार को हिंदुस्तान के प्रसिद्ध महंतो संतों द्वारा पुराना हिंदू कालेज कश्मीरी गेट दिल्ली पर पहलगांव कश्मीर में पाकिस्तान पोषित आतंकवादियो द्वारा हुवे व्यापक नरसंहार के विरोध में शांति पूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया और भारत सरकार से दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की सभी उपस्थित जन समूह ने हमले में मारे गए मृतकों की दिवंगत पुण्य आत्माओ की याद मौन रख कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की



## अक्षय तृतीया पर वर्षों बाद बनेंगे दो शक्तिशाली राजयोग : पंडित जोशी

### - कुछ राशियों के जातकों की चमक उठेगी किस्मत

**मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो, 27 अप्रैल : इस बार अक्षय तीज 30 अप्रैल बुधवार को है। इस अक्षय तृतीया पर वर्षों बाद दो शक्तिशाली राजयोग बनने जा रहे हैं। जिससे कुछ राशियों की किस्मत चमक उठेगी।अक्षय तृतीया को लेकर यह जानकारी सनातन धर्म प्रचारक प्रसिद्ध विद्वान ब्रह्मऋषि पंडित पूरन चंद्र जोशी मुक्तसर साहिब वालों ने दी। उन्होंने बताया कि अक्षय तृतीया पर गजकेसरी और मालव्य राजयोग का संयोग देखने को मिलेगा। इन दोनों ही राजयोग से कुछ राशि वालों के अच्छे दिन की शुरुआत हो जायेंगे। (अक्षय तृतीया) तिथि को [अबूझ मूहूर्त] माना गया है। यानी इस दिन बिना मुहूर्त के विचार किए कोई भी शुभ काम प्रारंभ किया जा सकता है। इस साल अक्षय तृतीया का पर्व 30 अप्रैल बुधवार को मनाया जाएगा। अक्षय तृतीया के दिन खासतौर पर सोने के आभूषण खरीदने की मान्यता है। ऐसे माना जाता है अगर अक्षय तृतीया के दिन सोना खरीदा जाय तो व्यक्ति के जीवन पर मां लक्ष्मी का आशीर्वाद बना रहता है। इस बार ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार,



अक्षय तृतीया के दिन 100 वर्षों पर गजकेसरी और मालव्य राजयोग का निर्माण होने जा रहा है। पं. जोशी अनुसार पंचमहापुरुष राजयोग के बारे में विस्तार से बताया गया है। जिन जातकों की कुंडली में अगर यह राजयोग होता है उसके जीवन में कभी भी धन की कोई कमी नहीं रहती है। व्यक्ति हमेशा अपने जीवन में सुखों की प्राप्ति करता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया पर गजकेसरी और मालव्य राजयोग का निर्माण होने जा रहा है।

गजकेसरी राजयोग चंद्रमा और गुरु की युति से जबकि मालव्य राजयोग शुक्र के अपनी उच्च राशि में प्रवेश करने पर बनता है। 30 अप्रैल बुधवार को ये दोनों ही राजयोग बनेंगे। ज्योतिष में इन दोनों राजयोग को बहुत ही शुभ माना गया है। अक्षय तृतीया के दिन इन दोनों राजयोग के निर्माण से कुछ राशि वालों के लिए आने वाला वक्त बहुत ही शुभ और शानदार रहने वाला हो सकता है। भाग्य का अच्छा साथ और अचानक धन लाभ की संभावना भी बन सकती है।

[वृषभ-राशि] अक्षय तृतीया के दिन गजकेसरी और मालव्य राजयोग का बनना वृषभ राशि के जातकों के लिए बहुत ही शुभ और अच्छा फल देने वाला है। (गजकेसरी राजयोग) आपकी कुंडली से लग्न भाव में जबकि (मालव्य राजयोग) आपके लाभ स्थान पर बनने जा रहा है। इससे आपकी आय में जबरदस्त बदलाव आ सकता है। अच्छी इनकम हो सकती है जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। आय के नए-नए स्त्रोत बन सकते हैं। आर्थिक योजनाएं कारगर हो सकती हैं। नौकरी में वेतन वृद्धि और निवेश से लाभ के योग का निर्माण भी होगा। अच्छे अवसरों की प्राप्ति होगी।

[धनु -राशि] के जातकों के ऊपर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा इस अक्षय तृतीया पर बनने वाली है। (गजकेसरी) और (मालव्य राजयोग) का बनना धनु राशि के जातकों के लिए बहुत ही शुभ साबित हो सकता है। लाभ के अवसरों में वृद्धि होने की पूरी की पूरी संभावना है। चंद्रमा और गुरु की युति आपकी राशि से चौथे स्थान यानी सुख के भाव में बनेगी, जिससे आपके सुखों में वृद्धि, धन लाभ के अवसरों में बढ़ोतरी और भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी। जमीन-जायदाद से अच्छा खासा लाभ और धन एकत्रित हो सकता है। जो लोग अविवाहित हैं उनके लिए विवाह के अच्छे योग भी बन सकते हैं। परिवार में सुख और शांति आएगी।

[कुंभ- राशि] के जातकों के लिए अक्षय तृतीया पर बने दो राजयोग बहुत ही लाभकारी साबित हो सकते हैं। (गजकेसरी राजयोग) जहां आपकी राशि से चौथे भाव पर बनेगा तो वहीं (मालव्य राजयोग) आपकी राशि से दूसरे स्थान यानी धन भाव में बनने जा रहा है। इन दोनों ही राजयोग के निर्माण से आपको धन लाभ और वाहन-जमीन से अच्छा लाभ मिल सकता है। इस दौरान कोई अच्छी खबरें सुनने को मिल सकती है। आर्थिक योजनाएं सफल रहेंगी। आपके कार्यों में सफलता प्राप्ति होने आपको कई दिनों का रूका काम पूरा होगा। जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

## ई बीम टेक्नोलॉजी घरों को शार्ट सर्किट से बचाती है

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) :कालांवाली के एक निजी होटल में अपार अनुशक्ति कम्पनी के कर्मचारियों ने बिजली के क्षेत्र में काम करने वाले इलेक्ट्रिशियनो के साथ एक मीटिंग का आयोजन दीवान होटल में किया गया' इस मीटिंग में भाग लेने के लिये सैकड़ो इलेक्ट्रिशियन पहुंचे कम्पनी से पहुंचे कर्मचारी अश्वनी सेठी ने जानकारी देते हुए बताया कि कम्पनी पिछले काफी लम्बे समय बिजली के क्षेत्र कार्य कर रही है कम्पनी घरों व फैक्ट्री आदि में इस्तेमाल होने वाली तारों को बनाती है आजकल के समय में शार्ट सर्किट के कारण घरों एवं फैक्ट्री में आग लगने के मामले सामने आते रहते है कम्पनी ई बीम टेक्नोलॉजी का अपने द्वारा बनाये गयी तार का प्रयोग कर रही है जिसके कारण 120 डिग्री तापमान में भी तार किसी भी तरीके से आग नहीं पकड़ती' जबकि कई अन्य कम्पनीयों द्वारा तैयार की गयी तार 70 डिग्री तापमान में आग पकड़ लेती है ' आधुनिक तकनीक के चलते यह तार घरों की फिटिंग व फैक्ट्री आदि की फिटिंग को शार्ट सर्किट आदि से बचाता है जिससे उपभोक्ता को आर्थिक हानि से बचाया जा सकता है अंत में कम्पनी द्वारा आये हुए इलेक्ट्रिशियनो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर रिटेलर नहाड़िया इलेक्ट्रिकल स्टोर से बजरंग दास, काला सिंह, राकेश कुमार, हरजिन्दर सिंह, अंग्रेज सिंह, महेश कुमार, सोहन लाल, कृष्ण कुमार, जोनी वर्मा, बबू कालावाली, कल्लू चकेरिया आदि उपस्थित थे

## भाजपा सरकार ने दो हजार बसों को सड़क से हटाया, भीषण गर्मी में लोग घंटे भर कर रहे बस का इंतजार- आप

**मुख्य संवाददाता सुषमा रानी**

*नई दिल्ली, 27 अप्रैल भाजपा सरकार ने दिल्ली की सड़कों से अचानक दो हजार बसों को हटा दिया है। इससे भीषण गर्मी में दिल्लीवालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोग एक-एक घंटे तक बस स्टैंड पर बसों का इंतजार कर रहे हैं और सभी बसें लोगों से खचाखच भरी हुई हैं। बसों में लोग खड़े होकर यात्रा करने पर मजबूर हैं। बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए दो हजार बसों को हटाकर भाजपा सरकार ने ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बहुत पीछे धकेल दिया है। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ रविवार को यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली को अत्याधुनिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम दिया था और लोगों को एक मिनट में बस मिल जाया करती थी। अब भाजपा सारे टैंडर अपने पूंजीपति दोस्तों को देगी, ताकि घूसखोरी व कमीशनखोरी कर सके। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि भाजपा



ने आम आदमी पार्टी की सरकार को काम करने से रोकने के लिए ढेरों अड़चनें पैदा की। कभी हमारे उपर झूठे आरोप लगाकर, कभी फाइलों पर बैठ कर तो कभी धरना देकर आम आदमी पार्टी की सरकार के कामों को रोकने की कोशिशें की। इसके बावजूद अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में अत्याधुनिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम स्थापित किया। इसके तहत दिल्ली में आज तक की सबसे अधिक 7582 डीटीसी बसों की फ्लीट थी। इसके अलावा 1650 इलेक्ट्रिक बसें थीं। मोहल्ला और क्लस्टर्स बसें भी शुरू हो चुकी थीं। आम आदमी पार्टी की सरकार लग्जरी बसें भी शुरू करने वाली थी। हमारा लक्ष्य था कि दिल्ली की सड़कों से ट्रैफिक कम हो और सड़कों पर जाम कम लगे। हमारा लक्ष्य था कि लोअर व मीडिल क्लास को बसों में सफर करने के साथ ही अपर क्लास भी दिल्ली के मॉडर्न ट्रांसपोर्ट सिस्टम का इस्तेमाल करे।

उन्होंने कहा कि देश की राजधानी होने की वजह से दिल्ली में आबादी और गाड़ियां बढ़ती रहती हैं। 2017 में आई एक रिपोर्ट के अनुसार ट्रैफिक के मामले में दिल्ली विश्व की चौथी सबसे घनी राजधानी बन गई थी। अरविंद केजरीवाल की सरकार ने 2024 तक ट्रैफिक के मामले में विश्व की चौथी सबसे घनी आबादी वाली दिल्ली को 44वें स्थान पर ला दिया। यानि दिल्ली चौथी सबसे अधिक कंजस्टेड सिटी से 44वीं कंजस्टेड सिटी बन गई थी। इसके पीछे मुख्य वजह सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर और ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम पर काम करना रहा। लेकिन आज भाजपा ने सिर्फ दो महीने में ही दिल्ली को बहुत पीछे धकेल दिया है। बिना कोई वैकल्पिक व्यवस्था किए सड़कों से 2 हजार बसों को हटा दिया।

प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि भाजपा की सरकार ने दो हजार बसों को सड़कों से इसलिए हटाया, क्योंकि वह उपर से लेकर नीचे तक भ्रष्टाचार में लिप्ट है। भाजपा का प्रयास रहता है कि सारे टैंडर उसके पूंजीपति दोस्तों को दिया जाएं, ताकि वह घूसखोरी और कमीशनखोरी कर सके। इसका बोझ भी दिल्ली की जनता को ही झेलना पड़ेगा। घूसखोरी और कमीशनखोरी का बोझ दिल्ली की जनता पर ही पड़ने वाला है। भाजपा से आम आदमी पार्टी का आग्रह है कि वह वादा करके आई थी कि अरविंद केजरीवाल की शुरू की गई किसी भी स्कीम को रोकेगी नहीं, चलने देगी, भाजपा अपना वादा निभाए। भाजपा को इस तपतपाती गर्मी में लोगों को बस स्टैंड पर खड़े होने के लिए मजबूर करने से पहले कोई वैकल्पिक व्यवस्था कर लेनी चाहिए थी।

## गोले मार्केट के लाल बहादुर सदन में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज का स्वागत अभिनंदन किया गया

**मुख्य संवाददाता**

दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज को आम आदमी पार्टी द्वारा पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर वाल्मीकि चौपाल गोल मार्केट संयोजक उदय गिल द्वारा अभिनंदन स्वागत सत्कार किया गया। वाल्मीकि चौपाल के प्रांगण के कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज, महापौर महेश खींची, प्रदेश अध्यक्ष, निगम पार्षद, पूर्व विधायक, एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट अन्य गण मान्य प्रमुख व्यक्ति सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में आगे कैसे एकजुट होकर के किसी भी समस्या का हल निकाला जा सके इसके बारे में भी चर्चा की गई। सभा में आये सभी लोगों ने आपस में एक दूसरे से परिचय किया। लाल बहादुर सदन के लोगों ने भी स्वागत समारोह में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



## पंजाब की मंडियों में गेहूं की रिकॉर्ड व्यापारिक खरीद जारी

### नए रिकार्ड स्थापित करता नजर आ रहा पंजाब

**पंजाब चीफ ब्यूरो दैनिक समाज जागरण**

जैतो, 27 अप्रैल :पंजाब में चालू रबी मार्केटिंग सीजन के दौरान गेहूं की व्यापारिक खरीद में अप्रत्याशित रूप से जबरदस्त बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के कुशल प्रबंधन के चलते राज्य की सभी मंडियों में खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। पिछले कुछ दिनों में जिस तरह से गेहूं की खरीद ने तेजी पकड़ी है, उन आंकड़ों के मुताबिक पंजाब इस बार भी तय लक्ष्य से ज्यादा गेहूं का भंडार केंद्रीय पूल में डालता नजर आ रहा है।पंजाब की भगवंत मान सरकार ने इस साल पंजाब में 130 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का लक्ष्य तय किया है और राज्य भर में इस सीजन में जिस तरह से बंपर पैदावार हुई है, उससे यह लक्ष्य आसानी से हासिल होता दिख रहा है। 130 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद न केवल केंद्रीय पूल में पंजाब के हिस्सेदारी के दबदबे को साबित करेगी, बल्कि इस अच्छे सीजन से पंजाब के लाखों किसान भी आर्थिक रूप से स्मृद्ध होते नजर आ रहे हैं।केंद्र सरकार ने मौजूदा रबी सीजन के लिए गेहूं का रेट 2425 रुपए प्रति क्विंटल तय किया था, जबकि पंजाब की कई अनाज मंडियां ऐसी भी हैं, जहां किसानों को एमएसपी से भी ज्यादा भाव मिल रहा है। जानकारी के मुताबिक पंजाब की कई मंडियों में निजी व्यापारी किसानों से 2,630 रुपए से लेकर 2,640 रुपए प्रति क्विंटल के भाव में गेहूं खरीद रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, निजी खरीद के मामले अभी सबसे आगे संगरूर जिला है, जहां व्योपारियों ने 1,29,773 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा है। उसके बाद लुधियाना में 86,456 मीट्रिक टन, तीसरे नंबर पर फरीदकोट में 57,637 मीट्रिक टन चौथे नंबर पर फाजिल्का में 28,144 मीट्रिक टन और 5वें नंबर पर बठिंडा में 24,352 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद रिकॉर्ड की गई है। एमएसपी से ज्यादा भाव मिलने से पंजाब का किसान मालामाल दिख रहा है।



## एम.ए. पंजाबी तथा बी.कॉम. फाइनल के विद्यार्थियों के लिए भव्य 'ररिव्स्त समारोह' का किया आयोजन

**रघुनंदन पराशर जैतो चीफ ब्यूरो दैनिक समाज जागरण**

जैतो, 27 अप्रैल : यूनिवर्सिटी कॉलेज जैतो के बहुउद्देशीय हॉल में एम.ए. पंजाबी फाइनल तथा बी.कॉम. फाइनल के विद्यार्थियों के लिए भव्य ह्यरुखिस्त समारोहह्न का आयोजन किया गया। जूनियर विद्यार्थियों द्वारा अपने सीनियर विद्यार्थियों को विदाई देने के अवसर पर आयोजित इस समारोह में सभी विद्यार्थियों ने खूब आनंद उठाया। सीनियर विद्यार्थियों ने गीतों तथा कविताओं के माध्यम से अपने प्राध्यापकों के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की बधाई देकर उनके प्रति अपना स्नेह तथा सम्मान व्यक्त किया। विदाई लेने जा रहे प्रत्येक विद्यार्थी को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। इस समारोह के संयोजक वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. शिल्पन कांसल थे तथा समन्वयक स्नातकोत्तर पंजाबी विभागाध्यक्ष डॉ. परमिंदर सिंह तग्गड़ थे। इस समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कॉलेज इंचार्ज डॉ. सम्राट खन्ना ने कहा कि विदाई के क्षण अपने आप में बहुत ही सुंदर तथा भावनात्मक होते हैं तथा लंबे समय तक अविस्मरणीय रहते हैं। डॉ. तगर ने



विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की। प्रो. शिल्पा कंसल ने कहा कि ऐसे समारोह में शामिल होने से उनके अपने विद्यार्थी जीवन की यादें ताजा हो जाती हैं। समारोह में विशेष रूप से कंप्यूटर विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्रा, इंजी. अर्शदीप बराड़, डॉ. राजीव कपूर, डॉ. भवनदीप उप्पल, प्रो. अभित जिंदल सहित अन्य संकाय सदस्य व गैर-शिक्षण कर्मचारी उपस्थित थे। सीनियर व जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया तथा विद्यार्थियों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर मिस फेयरवेल व मिस्टर फेयरवेल के चयन के लिए रैंप प्रतियोगिता करवाई गई तथा विद्यार्थियों की मानसिक व आंतरिक प्रतिभा के स्तर को परख कर मिस व मिस्टर फेयरवेल का चयन किया गया। निर्णायक की भूमिका डॉ. दिव्या ज्योति चावला, प्रो. ललित गर्ग, लाइब्रेरियन मीनाक्षी जोशी व प्रो. सुषमा ने निभाई। मिस फेयरवेल एम.ए. पंजाबी का खिताब अंजलि को तथा मिस्टर एम.ए. पंजाबी का खिताब गुरविंदर सिंह को दिया गया तथा इसी प्रकार मिस फेयरवेल बी.कॉम. इस अवसर पर एम.ए. पंजाबी अंतिम वर्ष के छात्र यादविंदर सिंह को पेंडू मुंडा तथा कमलजीत सिंह को विचित्र मुंडा की उपाधि दी गई। लड़कियों में मीना कौर को चुपकीती तथा प्रियंका को मिस संस्कारी की उपाधि दी गई। इसी प्रकार कॉमर्स की छात्राओं में कनिष्का को मिस बुकवर्म, प्रियंका को मिस हेल्पिंग हैंड, रामजोत कौर को मिस लाउड स्पीकर, मन्नत कक्कड़ को मल्टी टैलेंटेड, शिवम को मिस्टर हार्डवर्किंग, सुखप्रीत सिंह को मिस्टर फूडी, अमनदीप कौर को मिस वाइज, राजवीर सिंह को मिस्टर कॉमेडियन, पंकज कुमार को मिस्टर प्रीफेक्ट तथा मिस नवदीप कौर को साइलेंट क्वीन की उपाधि दी गई। विदाई समारोह को सफल बनाने में प्रो. संगीता शर्मा और प्रो. विशाल सिंगला ने अहम भूमिका निभाई और प्रो. जगसीर सिंह गिल, डॉ. गुरबिंदर कौर बराड़, डॉ. लखविंदर सिंह, प्रो. गजल मित्तल, डॉ. रमनदीप कौर, डॉ. जसविंदर कौर, डॉ. हलविंदर सिंह, डॉ. गुरजीत कौर और प्रो. ईशा ने पूरा सहयोग दिया। समारोह की सफलता के लिए जिन छात्र आयोजकों ने उत्साही प्रयास किए उनमें पंकज कुमार, मन्नत, करणदीप सिंह, नवदीप कौर, अमनदीप कौर, प्रिया राणा, सोनू, तरुण, प्रिया, जशन, हरमन, रजनीश, डिंपल और गुरजीत सिंह मट्टा शामिल थे।

यूनिवर्सिटी कॉलेज, जैतो में एमए पंजाबी और बी. कॉम. फाइनल का विदाई समारोह। कॉलेज प्रभारी और प्रोफेसर साहबान मिस फेयरवेल पंजाबी अंजलि और मिस्टर फेयरवेल पंजाबी गुरविंदर सिंह और मिस फेयरवेल कॉमर्स निकिता और मिस्टर फेयरवेल कॉमर्स परम सिंह संधू को सम्मानित करते हुए।

## भारत माता अभिनंदन संगठन द्वारा आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना

**रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो, 26 अप्रैल :कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए क्रूर आतंकवादी हमले के विरोध में भारत माता अभिनंदन संगठन द्वारा अध्यक्ष कश्मीरी लाल गर्ग घनियेवाले के नेतृत्व में श्री पंचायती गौशाला में आतंकवादी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कुछ मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए संगठन के वरिष्ठ सदस्य रमेश बांसल ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की जितनी सख़्त शब्दों में निंदा की जाए, वह कम है। उन्होंने कहा कि यह कायराना आतंकवादी हमला बेहद शर्मनाक है और आतंकवाद को कभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।संस्था के कोषाध्यक्ष राजीव सिंगला ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा संगठन दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। इस अवसर पर संस्था के सचिव नरेश मित्तल ने कहा कि भारत सरकार को ऐसे आतंकी हमलों का मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए ताकि दुश्मन भविष्य में कभी भी ऐसे अत्याचार करने की सोच भी न सके। संगठन के वरिष्ठ सदस्य सुरिंदर गर्ग ने कहा कि पहलगाम में जिस स्थान पर आतंकी हमला हुआ, वहां किसी भी सुरक्षा बल का न होना सुरक्षा व्यवस्था में चूक को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को देश की सीमाओं और आंतरिक सुरक्षा को और मजबूत करना चाहिए ताकि आतंकवाद की ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। इस अवसर पर संगठन के पी.आर. औ.संदीप जिंदल ने कहा कि इस आतंकी हमले के खिलाफ पूरे देश में गुस्सा है और केंद्र सरकार को इस हमले के दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ा है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजीव गोयल बिट्टू बादल ने इस दुखद घटना की कड़ी निंदा की तथा केंद्र सरकार से मांग की कि सरकार दोषियों को कड़ी सजा दे तथा पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा प्रदान करे।



## भारत ने कोविड-19 के दौरान करुणा के साथ नेतृत्व किया, वैश्विक स्तर पर 300 मिलियन टीके साझा किए: पीयूष गोयल

### भारत की वैक्सीन कूटनीति और आयुष्मान भारत वैश्विक स्वास्थ्य समानता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो,27 अप्रैल :केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन (श क्षेत्रीय बैठक एशिया 2025 को संबोधित किया। श्री गोयल ने कोविड-19 महामारी के दौरान भारत की सक्रिय और दयालु वैश्विक प्रतिक्रिया पर प्रकाश डाला। वैक्सीन मैत्री पहल के माध्यम से, भारत ने कम विकसित और कमजोर देशों को लगभग 300 मिलियन वैक्सीन खुराकें प्रदान कीं - जिनमें से कई निःशुल्क थीं - यह सुनिश्चित करते हुए कि कोई भी देश पीछे न छूटे। श्री गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि कोविड-19 के दौरान निर्यात नियंत्रण लगाने वाले कई अन्य देशों के विपरीत, भारत ने वसुधैव कुटुम्बकम - "दुनिया एक परिवार है" के अपने प्राचीन लोकाचार पर खरा उतरते हुए सभी के लिए समान पहुँच को प्राथमिकता दी।इस अवसर पर बोलते हुए श्री गोयल ने आभार व्यक्त किया कि एशिया में पहली डब्ल्यूएचएस क्षेत्रीय बैठक "स्वास्थ्य समानता सुनिश्चित करने के लिए पहुंच बढ़ाने" पर केंद्रित थी। उन्होंने



कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच सतत विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंच हासिल करने में भारत की यात्रा को साझा किया।मंत्री ने महामारी के दौरान वैश्विक नेताओं के साथ व्यक्तिगत बातचीत को याद किया, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे भारत ने वैश्विक स्वास्थ्य संकटों से लाभ कमाने की प्रवृत्ति का विरोध करते हुए उचित मूल्य पर महत्वपूर्ण दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित की।स्वास्थ्य समानता के विषय को संबोधित करते हुए, श्री गोयल ने मामूली वृद्धिशील नवाचारों के माध्यम से दवा पेटेंट का विस्तार करने के प्रयासों की कड़ी आलोचना की, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इससे लाखों लोग सस्ती दवाओं तक पहुंच से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे दूरदराज के क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के भारत के प्रयासों का प्रत्यक्ष अनुभव करें।श्री गोयल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आयुष्मान भारत योजना के तहत अब 620 मिलियन से अधिक लोग मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल के लिए पात्र हैं, जो दुनिया का सबसे बड़ा सरकारी प्रायोजित स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम है, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की प्रतिबद्धता कभी भी लाभ से प्रेरित नहीं रही, बल्कि करुणा से प्रेरित रही है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उद्धृत करते हुए श्री गोयल ने कहा, "हमारे लिए स्वास्थ्य सेवा का मतलब सिर्फ बीमार मरीज का इलाज करना नहीं है। स्वास्थ्य सेवा निवारक स्वास्थ्य सेवा है, यह कल्याण है, यह मानसिक स्वास्थ्य सेवा है, और इसका मतलब है समाज को बेहतर जीवनशैली और बेहतर भविष्य के तहत जोड़ना।"उन्होंने मानव कल्याण के लिए भारत के समग्र दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की, जिसमें स्वच्छ भारत मिशन पर प्रकाश डाला गया, जो विशेष रूप से महिलाओं के लिए सम्मान और स्वच्छता सुनिश्चित करता है; प्रधानमंत्री आवास योजना, जिसके तहत 40 मिलियन से अधिक घर बन चुके हैं और लाखों और निमार्णाधीन हैं; जल जीवन मिशन, जिसने नल के पानी की पहुंच को 30 मिलियन से बढ़ाकर 160 मिलियन ग्रामीण घरों तक पहुंचाया है; उज्ज्वला योजना, जिसके तहत महिलाओं को घरेलू वायु प्रदूषण से बचाने के लिए मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं; और महामारी के दौरान और उसके बाद 800 मिलियन नागरिकों को मुफ्त खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है।श्री गोयल ने जोर देकर कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक तंदुरुस्ती, स्वच्छ वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल कनेक्टिविटी और आर्थिक सशक्तीकरण मिलकर एक सच्चे स्वस्थ समाज का आधार बनते हैं।उन्होंने वैश्विक स्वास्थ्य एजेंडे के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए अपने भाषण का समापन किया और सभी देशों से दुनिया के प्रत्येक नागरिक के लिए एक स्वस्थ, अधिक न्यायसंगत भविष्य की दिशा में मिलकर काम करने का आह्वान किया।

## कालांवाली की वार्ड बंदी प्रक्रिया हुई सम्पन्न, शीघ्र ही लिस्ट जारी हो गई

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) उपमंडल अधिकारी सुरेश रविश कालांवाली रविवार को छुट्टी दिन औचक नगर पालिका कार्यक्रय मे पहुंचे। उपमंडल अधिकारी सुरेश रविश ने स्टाफ से मुलाकत कि। मीडिया को जानकारी देते हुऐ बताया कि आज कालांवाली सबडिविजन के अंर्तगत दो कार्यक्रम थे जिसमे नशा मुक्त हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 के अंर्तगत साइकिल यात्रा का आज सम्पन्न था। गांव औढ़ा के कार्यक्रम मे सम्मिलित हुऐ। कालांवाली की वार्ड बंदी की प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है अब वोटर लिस्ट का कार्य शुरू हो चुका है' आज वोटर लिस्ट जारी करनी है। जिसमे सुझाव मांगे जाऐ गऐ। कार्य किस स्तर तक पहुंच चुका है। इसी के तहत नगर पालिका कार्यलय मे पहुंचे है और जरूरी दिशानिर्देश दिऐ गऐ है।



## विधायक शीशपाल केहरवाला से मिले विद्यार्थी लाइब्रेरी खुलवाने के लिए की मांग

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) भारत में मां बाप के बाद शिक्षक को गुरु का दर्जा दिया जाता है। यदि शिक्षक ही अपनी जिम्मेवारियों को भूलकर छात्रों के अधिकारों का हनन करने लगे तो, वहां शिक्षा का सत्र कैसे ऊपर उठेगा। यह मामला सिरसा जिला के गांव भंगू का है' यहां पर कई महीने पहले मौजूदा स्कूल प्रशासन व ग्राम पंचायत की सहमति व गांव के आमजन के सहयोग से गांव के दूरदर्शी युवा छात्रों ने स्कूल, कॉलेज टाईम के बाद अध्ययन करने के लिए गांव भंगू के ही राजकीय माध्यमिक विद्यालय में बड़ी मेहनत और लग्न से लाइब्रेरी बनाई ।कुछ महीने तक छात्र आराम से वहां पर अपनी पढ़ाई करते रहे। लेकिन कुछ महीनों बाद उस स्कूल की प्रधान अध्यापिका का तबादला होने के बाद नई प्रधान अध्यापिका मंजू स्कूल का चार्ज संभालती है। नई अध्यापिका ने स्कूल में चार्ज संभालते ही लाइब्रेरी में आने जाने वाले विद्यार्थियों को घूरना शुरू कर दिया और कुछ ही दिनों में लाइब्रेरी पर अपना ताला लगा दिया । छात्र कर्मदेव और विकास कुमार के अनुसार प्रधान अध्यापिका मंजू का कहना है कि इस लाइब्रेरी को चलाने के लिए आपके पास लीगल डॉक्यूमेंट नहीं हैं तो मैं आपको यहां पढ़ने की अनुमति नहीं दे सकती। छात्रों ने बताया कि प्रधान



अध्यापिका ने लाइब्रेरी में साथ पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के चरित्र पर शक जाहिर करते कहा कि यहां पर कोई भी अनहोनी घटना होती है' तो उसका जिम्मेवार कौन होगा। जरा सोचिए समाज की नींव कहे जाने बच्चों को पढ़ाने वाली जिम्मेवार प्रधान अध्यापिका की सोच इस कदर गिरी हुई होगी तो बच्चों का भविष्य कैसा होगा। लाइब्रेरी खुलवाने को लेकर छात्रों ने जब गांव के सरपंच सतनाम सिंह से मदद मांगी तो उन्होंने कहा कि मैं गांव में ही अन्य जगह पर इस लाइब्रेरी को स्थानांतर करवा दूंगा लेकिन 6 महीनों से उन्होंने भी बिना आश्वासन के छात्रों को कुछ नहीं दिया। ग्राम पंचायत की भी मदद न मिलने पर हताश परेशान छात्रों ने हल्का कालावली के विधायक शीशपाल केहरवाला को पूरी व्यथा सुनाई जो कि गांव बड़ागुढ़ा के गुरूद्वारा साहिब में एक धार्मिक कार्यक्रम पर पहुंचे हुए थे। रविवार 27 अप्रैल को हल्का कालांवाली से विधायक शीशपाल केहरवाला से मिलकर विद्यार्थियों ने स्कूल में बनी हुई लाइब्रेरी को गांव में ही किसी अन्य जगह पर स्थानांतर करवाने और इसे सरकारी मान्यता दिलवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। ताकि भविष्य में उस लाइब्रेरी में उनको अध्ययन करने में कोई दिक्कत न आए और मान्यता प्राप्त होने से उन्हें लाइब्रेरी में सरकारी सहायता भी मिल सके। विधायक शीशपाल केहरवाला ने छात्रों को विश्वास दिलाया कि वे जल्द ही उनकी इस समस्या का समाधान करवाएंगे। इस मौके पर कर्मदेव सिंह , अर्शदीप सिंह, विकास कुमार, कौशल कुमार, खुशदीप सिंह, सुरजीत सिंह , राजवीर सिंह, कुलवंत सिंह, सतनाम सिंह आदि विद्यार्थी मौजूद रहे।

# एक शाम पत्रकारों के नाम : अररिया में मजदूर दिवस पर होगा भव्य संगीतमय आयोजन

**बॉलीवुड और रियलिटी शो के चर्चित कलाकार मंच पर बिखेरेंगे सुरों का जादू, प्रचार रथ को दिखाई गई हरी झंडी**

**समाज जागरण**
**अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**

मजदूर दिवस के अवसर पर अररिया जिला पत्रकार संघ द्वारा आयोजित एक शाम पत्रकारों के नाम कार्यक्रम की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। यह संगीतमय संध्या 01 मई को अररिया कॉलेज स्टेडियम में भव्य रूप में आयोजित की जाएगी, जिसमें बॉलीवुड के मशहूर गायक और टीवी रियलिटी शो के चर्चित कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। दूर-दराज से आने वाले हजारों दर्शकों के लिए यह कार्यक्रम एक अनोखा और यादगार अनुभव बनने जा रहा है। आयोजन स्थल पर 5000 से अधिक सीटों की व्यवस्था की गई है, जबकि कार्यक्रम में प्रवेश केवल



पासधारकों को ही मिलेगा। बॉलीवुड सितारों से सजेगा मंच कार्यक्रम की खास बात यह है कि मंच पर 80 के दशक के लोकप्रिय पार्श्वगायक शब्बीर कुमार, प्रसिद्ध संगीतकार दिलीप सेन, फिल्म अभिनेत्री पूनम झावर, मैथिली और हिंदी एलबम की लोकप्रिय गायिका प्रिया मल्लिक, सुर संग्राम फेम उपविजेता अमर आनंद, तथा टीवी रियलिटी शो की प्रतिभागी गायिका प्रिया राज जैसे सितारे अपनी सुरमयी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। तैयारियाँ चरम पर, प्रचार रथ को हरी झंडी रविवार को प्रेस क्लब भवन में आयोजित एक बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में मंच, रैम्प, सुरक्षा, सीटिंग अरेंजमेंट, कलाकारों के आवास, स्वागत और प्रचार से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके उपरांत प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिसे रवाना करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार परवेज आलम, लक्ष्मी प्रसाद नायक, विष्णुदेव झा बेदी, फूलेंद्र मल्लिक, आमोद शर्मा, सुब्रत सिन्हा सहित अन्य पत्रकार शामिल रहे। पत्रकारों और समाजसेवियों का होगा सम्मान जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष राकेश भगत उर्फ मंटू भगत, सचिव अमित कुमार अमन और कोषाध्यक्ष रुपेश कुमार ने जानकारी दी कि यह कार्यक्रम पत्रकारों के सहयोग हेतु आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व जिलों से आए वरिष्ठ पत्रकारों एवं दिवंगत पत्रकारों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

**प्रमुख उपस्थिति**

बैठक में और कार्यक्रम की तैयारी में सक्रिय रूप से शामिल पत्रकारों में बिमल कुमार सिंह, मिंटू सिंह, तपेश यादव, रंजीत कुमार, विकास सिंह, कमर आलम, शाहिद बशीर, मनीष कुमार, चंदन कुमार लालू, मुर्शीद रजा, नवीन कुमार, फैसल कलीम, आमिर रेजा, विकास प्रकाश, राजीव रंजन, राजी अनवर, मो. ए. कय्यूम, कुमार प्रेमसागर, अलाउद्दीन खान, पंकज रंजीत, रवि कुमार, राहुल कुमार ठाकुर, अरुण कुमार, राष्ट्र भूषण, अशोक झा बबलू, नवल राही, अवनीश रंजन, अनिल त्रिपाठी, शंकर झा, प्रमोद झा, फिरोज आलम, डा. रूद्र किंकर वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार गण उपस्थित रहे।

**संघ का प्रयास: पत्रकारों के लिए एक प्रेरक मंच**

कार्यक्रम को लेकर संघ की ओर से बताया गया कि एक शाम पत्रकारों के नाम कवेल एक सांस्कृतिक संध्या नहीं, बल्कि पत्रकारों की सेवा, स्मृति और सम्मान का एक मंच है। संघ का उद्देश्य समाज को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने वाले पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को मंच प्रदान करना है।

# डा. जवाहर पासवान, प्रधानाचार्य के.पी. कॉलेज मुरलीगंज बने सिंहेश्वर मंदिर न्यास समिति के सदस्य

**धार्मिक न्यास पर्षद ने गठित की 11 सदस्यीय समिति, मंदिर प्रबंधन में पारदर्शिता व श्रद्धालुओं की सुविधा प्राथमिकता में**

**समाज जागरण पटना/मधेपुरा।**

बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद, पटना ने मधेपुरा जिले के ऐतिहासिक और श्रद्धा का केंद्र सिंहेश्वर स्थान मंदिर के कुशल प्रबंधन और संचालन हेतु 11 सदस्यीय नवगठित न्यास समिति की घोषणा की है। अधिसूचना संख्या 74, दिनांक 25 अप्रैल 2025 के तहत गठित इस समिति का गठन बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 की धारा 32 तथा अन्य संबंधित उपधाराओं के अंतर्गत किया गया है। इस नवगठित समिति में के.पी. कॉलेज, मुरलीगंज के प्रधानाचार्य डा. जवाहर पासवान को सदस्य मनोनीत किया गया है, जो शिक्षाविद् और सामाजिक समरसता के प्रतीक माने जाते हैं। उनके अनुभव से मंदिर प्रबंधन को एक समावेशी दृष्टिकोण मिलने की उम्मीद की जा रही है। न्यायालय और प्रशासन के निर्देश से हुई समिति की पुनर्रचना पटना उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश (CWJC सं. 17322/2022, दिनांक 23 जुलाई 2024) और समाहर्ता, मधेपुरा के पत्राचार के आलोक में धार्मिक न्यास पर्षद ने समिति पुनर्गठन की प्रक्रिया आरंभ की। समाहर्ता द्वारा भेजी गई सूची में पंडा समाज, अनुसूचित जाति, वादी परिवार एवं अन्य ग्रामीण समुदायों के प्रतिनिधित्व को शामिल किया गया। पात्रता सत्यापन के पश्चात पर्षद द्वारा 11 सदस्यीय समिति का गठन किया गया।

**नवगठित न्यास समिति के सदस्य**



अधिसूचना के अनुसार, निम्नलिखित 11 सदस्य समिति का हिस्सा होंगे: 1. जिला पदाधिकारी, मधेपुरा - अध्यक्ष 2. मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, मधेपुरा - उपाध्यक्ष 3. उप विकास आयुक्त, मधेपुरा - सचिव 4. डा. जवाहर पासवान, प्रधानाचार्य, के.पी. कॉलेज, मुरलीगंज -सदस्य 5. विजय कुमार सिंह, सरोपट्टी लालपुर -सदस्य 6. संजीव कुमार ठाकुर, पंडा टोला, गौरीपुर - सदस्य 7. श्रीमती स्मिता सिंह, वार्ड नं. 02, सिंहेश्वर -सदस्य 8. योग नारायण राय, पुरानी बाजार - सदस्य 9. धीरेन्द्र कुमार मंडल, ग्राम दुलार - सदस्य 10. दिलिप कुमार, वार्ड नं. 05, सिंहेश्वर - सदस्य 11. रौशन कुमार, वार्ड नं. 09, गौरीपुर - सदस्य समिति को सौंपे गए प्रमुख दायित्व मंदिर की चल-अचल संपत्तियों का कुशल एवं पारदर्शी प्रबंधन पूजा-पाठ, राग-भोग, धार्मिक अनुष्ठान एवं उत्सवों का विधिपूर्वक आयोजन श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता, और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना महिला श्रद्धालुओं और दिव्यांगजनों के लिए विशेष व्यवस्था न्यास की आय-व्यय का संधारण, त्रैमासिक रिपोर्ट और वार्षिक अंकेक्षण पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अंतर्गत मंदिर क्षेत्र में गोवंश संरक्षण सुनिश्चित करना परोपकारी कार्यों हेतु अस्पताल/विद्यालय जैसे संस्थानों के लिए प्रयास न्यास संपत्तियों का गैरकानूनी हस्तांतरण रोकना एवं भूमि वापसी के लिए कार्रवाई करना

**स्व-घोषणा हलफनामा अनिवार्य**

समिति के सभी सदस्यों को अधिसूचना की तिथि से एक माह के भीतर नोटरीकृत शपथपत्र (हलफनामा) देना अनिवार्य होगा, जिसमें यह घोषणा करनी होगी कि वे स्थानीय निवासी हैं, उनका आपराधिक इतिहास नहीं है, और न्यास संपत्ति से कोई निजी लाभ नहीं उठा रहे हैं। असत्य घोषणा पर उनकी सदस्यता स्वतः समाप्त मानी जाएगी।

**कोषाध्यक्ष का चयन एवं कार्यकाल**

नवगठित न्यास समिति का कार्यकाल पाँच वर्ष का होगा। समिति अपनी पहली बैठक में कोषाध्यक्ष का चयन करेगी और उसका अनुमोदन धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अथवा उनकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष करेंगे।

**2013 मार्गदर्शिका ही होगी अंतिम मानक**

यदि अधिसूचना दिनांक 25 .04.2025 की योजना एवं वर्ष 2013 की मार्गदर्शिका में कोई भी मतभेद या विरोधाभास पाया जाता है, तो 2013 की मार्गदर्शिका को ही मान्य और प्रभावी माना जाएगा। डा. जवाहर पासवान जैसे शिक्षाविद् का समिति में चयन यह दर्शाता है कि धार्मिक न्यास पर्षद मंदिर प्रशासन को केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक व शैक्षणिक दृष्टिकोण से भी सुदृढ़ बनाना चाहता है। नई समिति से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं और मंदिर प्रशासन में पारदर्शिता की उम्मीद की जा रही है।

# अररिया जिले में पंचायत सचिवों की बैठक, 2 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान

**बिहार राज्य पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर सर्वसम्मति से 9 सूत्री मांगों के समर्थन में पंचायत सचिवों का निर्णय**

**समाज जागरण अररिया।**

27 अप्रैल 2025 को अररिया जिला पंचायत सचिव संघ द्वारा सभी पंचायत सचिवों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक बिहार राज्य पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर आयोजित की गई थी, जिसमें पंचायत सचिवों ने 9 सूत्री मांगों के समर्थन में 2 मई 2025 से होने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल पर विशेष चर्चा की। बैठक में अररिया जिला पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार, सचिव रंजीव कुमार सहित जिले भर के पंचायत सचिवों



ने सर्वसम्मति से इन मांगों को पूर्णतः समर्थन देने का निर्णय लिया और आगामी हड़ताल की रूपरेखा तय की।

**सर्वसम्मति से लिया गया हड़ताल का निर्णय**

बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि 2 मई 2025 से शुरू होने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल तब तक जारी रहेगी, जब तक राज्य सरकार द्वारा पंचायत सचिवों की मांगों को पूरा नहीं किया जाता। पंचायत सचिवों ने साफ किया कि यह हड़ताल उनके हक और सम्मान अधिकारों के लिए होगी, और वे तब तक संघर्ष करते रहेंगे जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं।

**प्रमुख मांगें**

बैठक में पंचायत सचिवों ने अपनी 9 सूत्री प्रमुख मांगों का समर्थन किया, जिनमें से कुछ मुख्य मांगें निम्नलिखित हैं: 1. पदस्थानः पंचायत सचिव का पदस्थापना उनके गृह जिले में किया जाए। 2. ग्रेड पेः पंचायत सचिवों का ग्रेड पे 2800 रुपये किया जाए। 3. अभिकर्ता मुक्तः पंचायत सचिवों को अभिकर्ता से मुक्त किया जाए। 4. एसीपी/ एम ए सी पी लाभः कार्यरत, सेवानिवृत और मृत पंचायत सचिवों को एसीपी और एम ए सी पी का लाभ दिया जाए। इसके अलावा, बैठक में अन्य 9 सूत्री मांगों पर भी चर्चा की गई, जिनकी रूपरेखा बैठक में तय की गई।

**हड़ताल का उद्देश्य और संघ की एकता**

पंचायत सचिवों ने स्पष्ट किया कि यह हड़ताल केवल उनके हक की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह समाज के विकास और स्थानीय प्रशासन की मजबूती के लिए भी महत्वपूर्ण कदम है। संघ ने यह भी बताया कि यह संघर्ष पूरी एकता और संगठित रूप में किया जाएगा और पंचायत सचिवों की सभी लंबित समस्याओं का समाधान किए जाने तक यह हड़ताल जारी रहेगी। अररिया जिले के पंचायत सचिवों ने एकजुट होकर अपनी 9 सूत्री मांगों के समर्थन में 2 मई 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। अब यह देखना होगा कि राज्य सरकार इन मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देती है या नहीं, और क्या यह हड़ताल राज्य स्तर पर अन्य जिलों में भी फैलती है।

# यूआर कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय को एसएस क्लब द्वारा किया गया सम्मानित

**"एसएस क्लब द्वारा बच्चों को बेहतर कौशल और रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं" - डॉ. राय**

**समाज जागरण रोसड़ा।**

स्थानीय यूआर कॉलेज, रोसड़ा के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय के कार्यकाल के एक वर्ष पूरा होने पर ग्रीन पाठशाला एसएस क्लब, रोसड़ा द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और एसएस क्लब के संस्थापक राजेश कुमार सुमन, जिन्हें "ऑक्सीजन मैन" और प्रसिद्ध पर्यावरणविद् के रूप में जाना जाता है, ने डॉ. राय का सम्मान किया। समारोह में डॉ. राय को पुष्पगुच्छ, चादर, प्रशस्ति पत्र और तालियों के बीच सम्मानित किया गया।

**राजेश कुमार सुमन ने किया डॉ. राय के योगदान की सराहना**

समारोह के अध्यक्ष और ग्रीन पाठशाला एसएस क्लब के संस्थापक राजेश कुमार सुमन ने डॉ. राय के योगदान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा, "डॉ. राय ने यूआर कॉलेज के एक वर्ष के कार्यकाल में अमूलचूल परिवर्तन किए हैं। इससे पहले यह कॉलेज जिस स्थिति में था, आज वह पूरी तरह बदल चुका है। डॉ. राय की मेहनत और नेतृत्व से कॉलेज में कई सुधार हुए हैं।" सुमन ने कहा कि डॉ. राय का प्रभाव सिर्फ कॉलेज तक सीमित नहीं है, बल्कि वे अपने कार्यकाल में पूर्णिया और नालंदा खुला विश्वविद्यालय के



कुलसचिव के रूप में भी महत्वपूर्ण योगदान दे चुके हैं। उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों ने शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा दी है।

**डॉ. राय ने दी प्रेरणा, एसएस क्लब की सराहना की**

अपने संबोधन में डॉ. घनश्याम राय ने राजेश कुमार सुमन को प्रेरणा का स्रोत बताया और कहा, "राजेश जी ने पर्यावरण की दिशा में जो कार्य किए हैं, वे सभी के लिए एक आदर्श हैं। उनके नेतृत्व में ग्रीन पाठशाला एसएस क्लब ने सैकड़ों बच्चों को न केवल शिक्षा दी है, बल्कि उन्हें कौशलपूर्ण ज्ञान और बेहतर रोजगार के अवसर भी प्रदान किए हैं।" उन्होंने बताया कि वर्तमान सत्र में यूआर कॉलेज परिसर में महिला छात्रावास की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही, लाइब्रेरी, क्लासरूम, सभागार, और प्रशासनिक भवन को हाईटेक बनाया जा रहा है, ताकि छात्रों को उच्चतम शिक्षा सुविधाएं मिल सकें।

**एसएस क्लब के छात्रों को सम्मानित किया गया**

समारोह के अंत में, डॉ. राय ने एसएस क्लब के छात्र-छात्राओं को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ये छात्र-छात्राएं समाज में बदलाव लाने और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। उनके सम्मान से यह संदेश दिया गया कि अच्छे कार्यों को हमेशा सराहा जाना चाहिए।

**समारोह का संदेश**

यह सम्मान समारोह यूआर कॉलेज और एसएस क्लब के बीच सामूहिक प्रयासों और सहयोग को प्रदर्शित करता है। डॉ. घनश्याम राय के नेतृत्व में यूआर कॉलेज न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए कार्य कर रहा है, बल्कि छात्रों को बेहतर भविष्य के लिए भी तैयार कर रहा है। एसएस क्लब की ओर से किए गए प्रयासों से यह साबित हो गया कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं होता, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए छात्रों को सक्षम बनाना भी महत्वपूर्ण है। डॉ. राय के नेतृत्व में यूआर कॉलेज ने विकास की नई राह पर कदम रखा है, और एसएस क्लब के सहयोग से यह अभियान और भी मजबूत हुआ है। इस प्रकार के सम्मान समारोह शिक्षा, पर्यावरण और समाज सेवा के बीच के तालमेल को मजबूत करते हैं और प्रेरणा का स्रोत बनते हैं।

# संजीव मिश्रा की अगुवाई में छातापुर में आतंकी हमले के विरोध में निकाला गया कैंडल मार्च

**शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि**

**समाज जागरण**
**छातापुर (सुपौल)।**

यथासंभव काउंसिल के राष्ट्रीय संरक्षक संजीव मिश्रा के नेतृत्व में शनिवार को एक विशाल कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च जम्मू-कश्मीर के पहलगांव क्षेत्र में हुए आतंकी हमले के विरोध में और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से निकाला गया। मार्च का संचालन छातापुर मुख्यालय से प्रारंभ होकर दुर्गा मंदिर तक किया गया, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

**मार्च का उद्देश्य और आयोजन**

मार्च का प्रमुख उद्देश्य आतंकी हमले के प्रति आक्रोश व्यक्त करना और देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना था। इस आयोजन में गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, व्यापारी वर्ग और युवा वर्ग ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में मोमबत्तियाँ लेकर चुपचाप मार्च किया और अपने समर्थन के




प्रतीक के रूप में ह्यशहीद अमर रहेंह्न, ह्यभारत माता की जयह्न, और ह्यआतंकवाद मुर्दाबादह्न के नारे लगाए।

**संजीव मिश्रा का संबोधन**

मार्च के समापन पर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक और यथासंभव काउंसिल के राष्ट्रीय संरक्षक श्री संजीव मिश्रा ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा, यह हमला केवल कुछ निर्दोष लोगों पर नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष की आत्मा पर हमला है। हम सबका कर्तव्य है कि एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष करें और हमारे शहीदों के बलिदान को व्यर्थ न जाने देंह्न उन्होंने आतंकवाद को लेकर जन जागरूकता फैलाने और इसे जड़ से उखाड़ फेंकने की बात भी कही।

**शहीदों के सम्मान में मौन धारण**

मार्च के समापन पर दुर्गा मंदिर परिसर में एक भावनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी उपस्थित लोग दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों के आत्मा की शांति की कामना की। यह आयोजन शहीदों के प्रति सम्मान और श्रद्धा का प्रतीक बना।

**आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील**

इस अवसर पर कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी संबोधन दिया। चंद्रदेव पासवान, हर्षित, अमित मिश्रा, हरी मिश्रा, अरुण झा, मिंटू झा, लाल मोहन मेहता सहित कई अन्य समाजसेवी और युवा नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की। उन्होंने देश की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए संकल्प लिया।

**युवाओं से आह्वान**

कार्यक्रम में युवाओं ने भी अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और संकल्प लिया कि वे देशभक्ति की भावना को जागृत रखते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देंगे। कई वक्ताओं ने आतंकवाद के बढ़ते खतरे पर चिंता जताई और सरकार से इसके खिलाफ ठोस कदम उठाने की अपील की।

**भविष्य में जन-जागरूकता कार्यक्रम**

यथासंभव काउंसिल के पदाधिकारियों ने यह भी घोषणा की कि संगठन भविष्य में आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ जन जागरूकता कार्यक्रम चलाएगा, शहीद परिवारों के सहयोग हेतु विशेष अभियान प्रारंभ करेगा और युवाओं में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न आयोजन करेगा।

**कैंडल मार्च का महत्व**

यह कैंडल मार्च न केवल आतंकवाद के खिलाफ आक्रोश का प्रतीक था, बल्कि शहीदों के प्रति जनमानस के अपार श्रद्धा व समर्थन का भी द्योतक बना। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि आतंकवाद के खिलाफ हम सभी एकजुट हैं और शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जाएगा। यह कार्यक्रम यथासंभव काउंसिल द्वारा आयोजित किया गया, जो न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करता है।

# अपहरण मामले के दोषी तस्लीम अंसारी को भेजा जेल, अपहृद युवती बरामद

**दैनिक समाज जागरण,संवाददाता,बिकाश**

ईचागढ़ः सरायकेला खरसावां जिले के नीमडीह थाना अंतर्गत झिमड़ी गाँव के पीड़िता युवती को पुलिस सकुशल बरामद कर लिया है। वहीं आरोपी तस्लीम अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। घटना गुरुवार रात की है जब तस्लीम अंसारी नामक एक मुस्लिम व्यक्ति झिमड़ी गांव की एक महतो युवती के घर में घुसकर बंदूक की नोक पर



अपहरण करने का आरोप लगा। इसको लेकर युवती के परिजनों ने नीमडीह थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया था। घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं होने पर परिजनों एवं ग्रामीणों में आक्रोश में आकर आरोपी के कर चढ़ाई कर दी, जिसमें दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति पैदा हो गई थी। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं स्थिति पर संयम बनाने में जुटी, इस बीच बचाव में पुलिस द्वारा भीड़ पर काबू पाने के लिए हल्का बल प्रयोग किया, इसके बाद मामला बिगड़ गया और ग्रामीणों ने आरोपी से जुड़े तीन दुकानों पर एक घर में आग लगा दी इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस पर भी पथराव किया, जिससे कई पुलिस कर्मी भी घायल हुई। घटना को लेकर मौके पर सरायकेला उपायुक्त एवं एसपी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। भारी पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि तनावपूर्ण स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। नीमडीह सीओ और बीडीओ जैसे प्रशासनिक अधिकारी शांति बनाए रखने के लिए झिमडी गांव पहुंचे हैं। वहीं प्रशासन द्वारा शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल 15 मजिस्ट्रेट तैनात किया गया है एवं झिमड़ी गांव से होकर गुजरने वाली मिलनचौक - आदारडीह मुख्य सड़क मार्ग पर तीन चेक नाका बनाया गया है जिससे आने जाने वाली वाहनों की जांच की जा रही है उसके बाद ही उन्हें आने-जाने के लिए अनुमति प्रदान की जा रही है।

# वर-वधु ने सात की जगह पर्यावरण संरक्षण को लेकर लिया आठ फेरे: भव्य विवाह समारोह में पर्यावरण का संदेश

**गणमान्य अतिथियों की रही गरिमामयी उपस्थिति**

**समाज जागरण अररिया।**

पालसमणि निवासी मिथिलेश झा उर्फ गुंजन और कोतहपुर निवासी गुड़िया रानी का पावन परिणय संस्कार भव्य आयोजन के साथ संपन्न हुआ। इस विवाह समारोह की खास बात यह रही कि वर-वधु ने पारंपरिक सात फेरे के बजाय पर्यावरण संरक्षण के संदेश के रूप में आठ फेरे लिए, जिसमें एक फेरा विशेष रूप से पौधारोपण के लिए समर्पित किया गया। समारोह की शुरूआत 24 अप्रैल को श्रद्धापूर्वक श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा से हुई, जबकि 25 अप्रैल को बारात प्रस्थान और रात्रि में शुभ विवाह विधि पूरी की गई। इस विशेष विवाह समारोह में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया।

**गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति**

समारोह में राजद नेता इंजीनियर मनोज झा, समाजसेवी संजय मिश्रा, भा.ज.पा. नेता राजा मिश्रा, सोशल





एक्टिविस्ट जगदीश झा गुड्डु, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. रुद्र किंकर वर्मा, कुबेर झा, द्वारिका नाथ झा, रमण झा सहित कई गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर नवदम्पती को आशीर्वाद दिया और उनके सुखी दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।

**पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

इस विवाह समारोह की एक विशेषता रही कि विवाह की परंपराओं के साथ-साथ पौधारोपण भी किया गया। नवदम्पती और उनके परिवार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जागरूकता दिखाते हुए यह पहल की। यह संदेश सभी अतिथियों को प्रेरणादायी प्रतीत हुआ और समारोह की एक विशेष पहचान बनी। नवदम्पती ने पर्यावरण के महत्व को समझते हुए एक फेरा पौधारोपण के रूप में लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और फोटोग्राफी ने समारोह में चार चांद लगाए विवाह समारोह में संतोष आर्केस्ट्रा और रमई द्वारा प्रस्तुत सांगीतिक कार्यक्रमों ने समारोह में रंग भर दिए। प्रह्लाद फोटोग्राफी और कुसकाँटा के द्वारा इस विशेष अवसर की सुंदर फोटोग्राफी ने सभी उपस्थित लोगों के मन को छू लिया और यह क्षण सदैव के लिए यादगार बन गए। समारोह में भक्ति, श्रद्धा और प्रेम का वातावरण था, और यह विशेष विवाह समारोह सभी के दिलों में अमिट स्मृतियां छोड़ गया। सभी ने नवदम्पती के सुखी, समृद्ध और मंगलमय जीवन की कामना की।

# गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड)27 अप्रैल 2025:- जमशेदपुर सिखों के 9वें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित रविवार को मानगो संत कुटिया गुरुद्वारा साहिब में प्रथम बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया और 51 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसमें मुख्य रूप से नानक प्याऊ गुरुद्वारा साहिब दिल्ली के हेड ग्रंथि साहब ज्ञानी बच्चित्तर सिंह जी शामिल हुए, ज्ञानी जी का स्वागत गुरुद्वारा के प्रधान सरदार जसबीर सिंह संधु ने पुष्पगुच्छ एवम शॉल देकर किया। भाजपा नेता सह सिख



समाजसेवी सरदार चंचल भाटिया ने सामाजिक ज़िम्मेदारी का निर्वहन करते हुए आज 25वीं बार रक्तदान किया, इनकी हौसलाअफजाई के लिए साथ में खड़े रहे भाजपा नेता सतबीर सिंह सोमु, ज्ञानी बच्चित्तर सिंह जी, जसवीर सिंह संधु, अमोलक सिंह, राजबीर सिंह राजू, मलविंदर सिंह, जगप्रीत सिंह, गुरुचरण सिंह, चरणजीत सिंह, कमलजीत सिंह, लाट सिंह राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# पटना में फुले फिल्म का हुआ प्रदर्शन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ कभी सिनेमा कभी किताबों और कभी किस्सों में सपने देखने वाले बच्चों ने अब उन्हें थिएटर के पर्दे पर सजीव देखा। "मिशन नौनिहाल सम्मान" के सौजन्य से पटना के सिनेपालिस थिएटर (पी एंड एम मॉल) में महात्मा ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक फिल्म 'फुले' का विशेष प्रदर्शन हुआ। यह आयोजन भोगीपुर (एकतापुरम), संपतचक क्षेत्र के दलित-महादलित और श्रमजीवी परिवारों के बच्चों, माताओं और अभिभावकों के लिए समर्पित था। इन बच्चों को पहली बार अग्रिम बुकिंग द्वारा थिएटर में फिल्म देखने और ऐतिहासिक चेतना




से जुड़ने का सुनहरा अवसर मिला। इस प्रेरणादायक पहल के सूत्रधार रहे वरिष्ठ समाजसेवी सुखदेव सिंह 'सुखदेव बाबू' (95 वर्ष), जो "मिशन नौनिहाल सम्मान" के संस्थापक-संरक्षक, यूनिसेफ के स्थायी सहयोगी सदस्य और सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण सम्मान से सम्मानित हैं। "मिशन नौनिहाल सम्मान" ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं जिलाधिकारी पटना चन्द्रशेखर सिंह से फिल्म 'फुले' को कर-मुक्त (टैक्स फ्री) घोषित करने तथा गरीब विद्यार्थियों को सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने का विनम्र आग्रह किया है। कार्यक्रम में संपतचक नगर परिषद की वार्ड संख्या 14 की पार्षद नीतू कुमारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता विनेश पासवान ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। फिल्म के प्रदर्शन के बाद बच्चों के चेहरों पर खुशी, आत्मबोध, गर्व और प्रेरणा का अद्भुत मिश्रण दिखाई दिया। इस आयोजन में सावित्री कुमारी, मिन्ता कुमारी, तृषा कुमारी, आँचल कुमारी, सुहानी कुमारी, सुनीता देवी, राहुल कुमार पासवान, जूली कुमारी, रुबीना कुमारी, नितिल कुमार, काजल कुमारी, सुहाना कुमारी, रामदुलारी देवी, नन्दिनी कुमारी, सन्नी कुमार, रुपा कुमारी, शिल्पी कुमारी, गोलू कुमार, विशन कुमार, मोनु कुमार, गौरव कुमार सहित कई बालक-बालिकाओं एवं माताओं ने भाग लेकर इस क्षण को अविस्मरणीय बना दिया। फिल्म 'फुले' केवल ऐतिहासिक घटनाओं का चित्रण नहीं करती, बल्कि यह भी बताती है कि शिक्षा, समानता और नारी गरिमा के लिए संघर्ष आज भी कितना जरूरी है। यह आयोजन इस बात का प्रमाण बन गया कि परिवर्तन भाषणों से नहीं, जमीनी प्रयासों से आता है। समाजसेवी 'सुखदेव बाबू' के इस मानवीय प्रयास ने साबित कर दिया कि जब विचार को क्रियान्वित किया जाता है, तो समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति तक भी उम्मीद की रोशनी पहुँचाई जा सकती है।

# पटना के गंगा नदी में बालू लदी नाव पलटने से दो मजदूर लापता

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दानापुर स्थित नासरीगंज घाट के समीप रविवार को गंगा नदी में एक बड़ी दुर्घटना घट गई जब बालू से भरी एक नाव तेज आंधी की चपेट में आकर डूब गई। नाव पर सवार दो मजदूर लापता बताए जा रहे हैं। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमों ने राहत व बचाव कार्य आरंभ कर दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फक्कर महतो घाट पर बाढ़ नियंत्रण कार्य के लिए उजला बालू लाया जा रहा था। इसी दौरान अचानक तेज हवाएं चलने लगीं, जिससे नाव असंतुलित होकर पलट गई। लापता मजदूरों की पहचान कसिमचक पंचायत के भोला राय और राजा साव के रूप में हुई है। वही एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की संयुक्त टीमें घटनास्थल पर पहुंचकर सघन तलाशी अभियान चला रही हैं। फिलहाल दो मोटरबोट की सहायता से लापता मजदूरों की तलाश की जा रही है। अधिकारियों ने बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। जबकि पंचायत के सरपंच अनिल कुमार ने जानकारी दी कि पीपा पुल घाट से बालू लाकर फक्कर महतो घाट पर उतारा जा रहा था। इसी क्रम में हजमा टोली घाट के सामने अचानक आई तेज आंधी में नाव पलट गई। इस हादसे में मजदूर भोला राय और नाविक राजा साव लापता हो गए, जबकि चंदन सहित पांच लोग तैरकर बाहर निकलने में सफल रहे। घटना के बाद घाट पर लापता मजदूरों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

# पटना में बीबीए की छात्रा ने की आत्महत्या

### गर्ल्स हॉस्टल में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण**

पटना/ राजधानी पटना के दानापुर इलाके से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) तृतीय वर्ष में पढ़ने वाली छात्रा वर्षा कुमारी ने गर्ल्स हॉस्टल के अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना रविवार सुबह उस वक्त सामने आई जब छात्रा ने दरवाजा नहीं खोला। हॉस्टल स्टाफ ने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा तोड़ा तो छात्रा का शव पंखे से फंदे के सहारे लटका हुआ मिला। बताया जा रहा है कि छात्रा पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थी। हालांकि, आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। अब मोबाइल फोन और अन्य सामानों की जांच की जा रही है ताकि आत्महत्या के पीछे की वजहों का पता लगाया जा सके। घटना के बाद गर्ल्स हॉस्टल में दहशत का माहौल है। साथी छात्राओं के मुताबिक, वर्षा एक शांत स्वभाव की लड़की थी और सामान्य व्यवहार कर रही थी। फिलहाल पुलिस इस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। वहीं, छात्रा के परिजन भी पटना पहुँच चुके हैं और उनसे भी पूछताछ की जा रही है।

# पटना में ससुराल आए युवक ने किया पडोसी की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के हिन्दुनी गांव में एक दलित नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात सामने आई है। पीड़िता के बयान पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष एम एस हैदरी ने बताया कि मेडिकल जांच के बाद दुष्कर्म की पुष्टि होगी। फिलहाल आरोपी पुलिस हिरासत में है और मामले की जांच की जा रही है। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि एक गांव मे नाबालिग बच्ची बीती रात अपने घर में सो रही थी। इसी दौरान पड़ोसी धंनजय कुमार, जो मनेर का निवासी है और ससुराल में उसके गाव आया हुआ था वह अचानक घर में घुस आया। आरोप है कि धंनजय ने बच्ची को जबरन उठा लिया और सुनसान जगह ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। किसी तरह बच्ची ने खुद को छुड़ाया और घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती बताई। परिजनों ने तुरंत बच्ची को लेकर फुलवारी शरीफ थाने में शिकायत दर्ज कराई.पुलिस ने गंभीरता से कार्रवाई करते हुए धंनजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। मेडिकल जांच के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# ठंडी हवाओं के साथ हुई बारिश में मौसम से सुहाना हुआ मौसम

### भीषण तपिश से राजधानी पटना समेत पूरे बिहार वासियों को मिली राहत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ रविवार को दोपहर से शुरू हुई ठंडी हवाओं के तेज झोंका वह बारिश की बूंदाबांदी से पटना समेत पूरे बिहार के लोगों को तपिश व भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली। बिहार की राजधानी पटना समेत कई जिलों में मौसम का मिजाज बदल गया है। रविवार को दोपहर में पटना समेत राज्य के कुछ जगहों पर तेज हवा के साथ कुछ देर तक हुई बूंदाबांदी ने लोगों को गर्मी से राहत दी। वहीं उमस वाली गर्मी के बीच में रविवार को तेज हवा के साथ-साथ आसमान में बादल छाया हुआ है। राजधानी पटना में दोपहर करीब तीन बजे तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। देर शाम तक पटना समेत अधिकांश जिलों में बूंदाबांदी होती रही ठंडी हवाओं के झोंकों से मौसम सुहाना बना रहा। कहीं रुक-रुक कर तो कभी तेज बारिश भी हुई। हल्की से मध्यम बारिश ने तापमान में गिरावट तो लाई लेकिन कई इलाकों में पेड़ गिरने और बिजली गुल होने जैसी घटनाएं हुईं। कई जगहों पर ओले भी गिरे.दिनभर उमस भरी गर्मी के बाद दोपहर बाद तेज हवाएं चलीं और कई जिलों में बारिश के साथ आंधी-तूफान ने तबाही मचाई। मौसम विभाग ने पहले ही अलर्ट जारी किया था कि बंगाल की खाड़ी में बन रहे सिस्टम के कारण बिहार के कई हिस्सों में तेज हवाओं और बारिश की संभावना है।बिहार मौसम सेवा केंद्र ने मौसम रिपोर्ट जारी कर बताया



है कि पूर्वी हवाओं के सक्रिय होने और वायुमंडलीय परिस्थितियों में बदलाव के चलते हवा में नमी बढ़ेगी। इससे 27 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच पटना सहित बिहार के नौ जिलों में मौसमी हलचल देखने को मिलेगा.बिहार के कई जिलों में बारिश व आंधी तूफान के साथ गरज वह मेघ गर्जन वज्र पात के भी संभावना है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, सोमवार 28 अप्रैल को भी बिहार के उत्तरी और मध्य जिलों में बारिश और आंधी का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। तापमान में और गिरावट आ सकती है। किसानों को सलाह दी गई है कि फसलों को सुरक्षित स्थानों पर रखें और मौसम के ताजा अपडेट पर ध्यान दें।मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। लोगों से अपील की गई है कि बिना जरूरत घर से बाहर न निकलें और तेज आंधी-तूफान के समय सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। मौसम केंद्र ने अलर्ट जारी करते हुए बताया है कि 27 से 29 अप्रैल 2025 के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में मेघगर्जन एवं वज्रपात की संभावना है। वहीं अगले 2 दिनों में राज्य के अधिकांश भागों में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ 40 से 50 किमी प्रति घंटा के रफ्तार से हवा चलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, सीतामढ़ी, गोपालगंज, सहरसा, खगड़िया, अररिया, सुपौल, किशनगंज, मुंगेर, बांका, नवादा, शेखपुरा और भागलपुर जिलों के भागों में बारिश होने का पूवार्नुमान है। वहीं राज्य के अधिकांश भागों के अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने के साथ अधिकतम तापमान 32-38त्उ के बीच रहने का पूवार्नुमान है। आईएमडी ने 26 अप्रैल की रात से मौसम में परिवर्तन के संकेत दिए थे। राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में आंधी-तूफान और वज्रपात के साथ बारिश होगी.आईएमडी वैज्ञानिक आशीष कुमार ने बताया कि प्रश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती तूफान के कारण बिहार के मौसम में बदलाव दिखेगा। प्रदेश में 30 अप्रैल तक बारिश को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# पशु तस्करी के खिलाफ गलगलिया पुलिस का एक्शन, 29 भैंस सहित पाँच हिरासत में

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

गलगलिया (किशनगंज) । गलगलिया थाना पुलिस ने थानाध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में तस्करी किये जा रहे 29 भैंस सहित दो ट्रक को जब्त किया है । इस दौरान पाँच लोगों को भी हिरासत में लिया गया है । हिरासत में लिये गये अभियुक्तों के नाम हरियाणा निवासी 40 वर्षीय गोविंद सिंह, 32 वर्षीय बलराज, 29 वर्षीय अक्षय तथा वैशाली बिहार निवासी 35 वर्षीय पप्पु कुमार व उत्तरप्रदेश निवासी 31 वर्षीय मो० तसलीम बताया गया है । मिली जानकारी के अनुसार, गलगलिया थाना को गुप्त सूचना मिली कि मवेशी तस्करों द्वारा में मवेशियों की तस्करी की जाने वाली है। मद्देनजर गलगलिया थानाध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर एन एच 327 ई० पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, इसी क्रम में ठाकुरगंज की ओर से आ



रही ट्रक को रोककर जाँच व पूछताछ के क्रम में पता चला कि इन दोनों ट्रकों में कुल 29 मवेशी लदा हुआ है। गलगलिया थाना पुलिस द्वारा पशु से सम्बंधित कागजातों की मांग की गयी तो इनके द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। मद्देनजर भैंस सहित दोनों वाहनों को जब्त करते हुये पाँच लोगों को हिरासत में ले लिया गया । वहीं इस दौरान कुलाकोट थानाध्यक्ष सिद्धार्थ, पु०अ०नि० मन्नु कुमारी व सशस्त्र बल गलगलिया थाना मौजूद रहे । गलगलिया थाना पुलिस द्वारा हिरासत में लिये गये पांचो अभियुक्तों के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कारवाई की जा रही हैं।

# शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में जन शताब्दी वर्ष के निमित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में जन शताब्दी वर्ष के निमित बहादुरगंज प्रखण्ड के आमबाड़ी ग्राम में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित किया गया। विश्व कल्याण की कामना के साथ यजमानों ने बारी-बारी से यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित की। वहीं दे० मंच से विद्वानों की टोली ने यज्ञ संपन्न करवाया। इस मौके पर टोली नायक के कहा कि गायत्री महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य ध्यान, साधना और सामाजिक कल्याण है। यह यज्ञ मानसिक शुद्धि, स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि प्रदान करता है।महायज्ञ में विभिन्न वैदिक संस्कार संपन्न हुए। इनमें नामकरण, अन्नप्राशन,



विद्यारंभ, दीक्षा संस्कार कराए गए। श्रद्धालुओं ने अपने परिवार के विशेष अवसरों पर इन संस्कारों को पूरा किया। इस अवसर पर आयोजक समिति के अमल कुमार सिन्हा,शम्भू कुमार सिन्हा, रमेश कुमार सिन्हा,प्रदीप कुमार सिंह, देवेंद्र प्रसाद सिंह, मनोज कुमार सिन्हा, रमेश सिन्हा, आशुतोष कुमार, दे० मंच टोली नायक गन्दर्भ सिंह, मदन सिंह, सदानंद सिंह,बागेश्वर सिंह,महान दास,जगदीश सिंह एवं ट्रस्टी सुदामा राय,सहायक ट्रस्ट मिक्की साहा, नवीन मल्लाह, कुष्पक राय,जिला संयोजक सौरभ कुमार सहित आमबाड़ी के भाई बहन उपस्थित थे।

# जिले में तेज धूप व उमस से त्वचा रोग सर्दी-जुकाम व फूड पॉइजनिंग आदि की शिकायत में बढ़ोतरी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिले में गर्मी काफी बढ़ने लगी है। गर्मी बढ़ते ही मौसमी बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती है। इसमें डायरिया, त्वचा, लू लगना, पानी की कमी, फूड पॉइजनिंग आदि बीमारी शामिल हैं । सिविल सर्जन डॉ राज कुमार चौधरी ने बताया कि गर्मी से थकावट, लू लगना, पानी की कमी, फूड पॉइजनिंग आम बीमारियां हैं । इसके अलावा गर्मी में हीट-स्ट्रोक होने की संभावना अधिक रहती है। इस दौरान शरीर का तापमान बहुत ज्यादा होता व त्वचा रूखी और गर्म होती है,शरीर में पानी की कमी, कन्फ्यूजन, तेज या कमजोर नब्ज, छोटी-धीमी सांस, बेहोशी तक आ जाने की नौबत आ जाती है। हीट-स्ट्रोक से बचने के लिए दिन के सबसे ज्यादा गर्मी वाले समय में घर से बाहर नहीं निकलें। अत्यधिक मात्रा में ओआरएस , पानी और जूस पीएं, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। ढीले-ढाले और हल्के रंग के कपड़े पहनें । उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की शारीरिक समस्या होने पर निकट के सरकारी अस्पताल में संपर्क करें। वहां 24 घंटे चिकित्सक व कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। वर्तमान समय में मौसम में बदलाव के कारण रोगियों की संख्या बढ़ी है। इसमें बच्चे व बुजुर्ग भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सुबह में अभी भी ठंड का अनुभव होता है। इसलिये बच्चों व बुजुर्गों के पोशाक पर विशेष ध्यान रखें। अत्यधिक जरूरत पड़ने पर ही बाहर निकलें। छाता का प्रयोग करें। हमेशा पूरे शरीर को ढकने वाला कपड़ा पहनें। बाहरी दूषित खान-पान से परहेज करें। पानी अधिक पीएं। घर का खाना खाएं। बासी खाना नहीं खाएं। होटल व रेस्टोरेंट के खाने से बचें। इस प्रकार अन्य सावधानी बरत कर हम गर्मी मे होने वाले आम बीमारियों से बचाव कर सकते हैं। सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ अनवर हुसैन ने बताया कि उमस भरी गर्मी के दिनों में लोगों को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस मौसम में लोगों को अधिक से अधिक तरल पदार्थ का सेवन करना चाहिये। तरबूज, ककड़ी, संतरे, नींबू, अनानास, गन्ना का अधिक सेवन करें। इसके अलावा हरी पत्तीदार सब्जी का सेवन भी बीमारियों से बचाव के लिये जरूरी है। वहीं नियमित व्यायाम व योगाभ्यास भी जरूरी है। थोड़ी सी सावधानी बरत कर हम अपने साथ अपने परिवार वालों को इन बीमारियों के प्रकोप से बचा सकते हैं। इसलिये जरूरी है कि बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। चाय-कॉफी, कैफिन युक्त पदार्थ, रिफाइंड व प्रोसेस्ड फूड अधिक तेल मसाला व गर्म तासीर वाले भोजन से अभी दूरी बनाये रखना जरूरी है।

# हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने बिहार में 25 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह ने 2025 में चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा किया है। रविवार को कजलामनी स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में 25 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पार्टी किशनगंज और ठाकुरगंज विधानसभा सीट पर भी अपनी दावेदारी पेश करेगी। उन्होंने कहा कि वे एनडीए का हिस्सा हैं। सभी



मिलकर गठबंधन को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय सदस्यता प्रभारी राजेश रंजन ने संगठन विस्तार की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी सुविधाविहीन लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए काम कर रही है। जिलाध्यक्ष डॉक्टर शाहजहां ने बताया कि बूथ स्तर तक सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी को मजबूत किया जाएगा। इस मौके पर कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डॉक्टर शाहजहां,पंकज जैन, अशोक पासवान, गोपी सोरेन, मोहम्मद वकील और जुल्फेकार हुसैन सहित कई पार्टी के कार्यकताओं मौजूद थे।

# पौआखाली के गोविंदपुर में अखंड हरिनाम संकीर्तन आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

पौआखाली के गोविंदपुर में अखंड हरिनाम संकीर्तन में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है ।स्थानीय लोगों के द्वारा आपसी सहयोग से कीर्तन का आयोजन किया आगया है, जिसका रविवार को तीसरा दिन है। जिसमें आसपास के साथ साथ दूरदराज के हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहती हैं। बाहर से कीर्तन मंडलियों को बुलाया गया है। जिसके द्वारा हर दिन दो पहर भव्य और दिव्य रासलीला का भी आयोजन किया जाता है।हरिनाम संकीर्तन कमिटी के सदस्य ,शिवगंज धाम सेवा समिति व्यवस्थापक सह अखिल विश्व गायत्री परिवार के सक्रिय सदस्य कमलेश कुमार अधिवक्ता ने कहा कि 84 घंटा निश्चित है, ईश्वर कृपा से हो सकते से 12 या 24 घंटा और बढ़ाया जा सकता है। साथ ही हरिनाम संकीर्तन में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रत्येक दिन सुबह 11 बजे से भोजन की भी उत्तम व्यवस्था बनाई गई है। इस अवसर पर संकीर्तन में समर्पित दर्जनों कार्यकर्ता एवं अतिथियों को पर्यावरण संरक्षण का एक अनोखा बहुमूल्य संदेश के रूप में नीम, बेल, आदि पौधा एवं गायत्री परिवार के



संस्थापक परमपूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य द्वारा सत्साहित्य एवं राम राम लेखन पुस्तिका प्रदान कर सम्मानित करते हुए कहा कि जिस प्रकार मनुष्य को उचित दिशा पर जाने के लिए ईश्वर का नाम का जप करना जरुरी है तो पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा रोपण करना आज के दिन में सबसे पहले जरूरी हैं। इस अवसर पर कार्य में ग्राम गोविंदपुर, शिवगंज बालूबाड़ी के पुरोहित चंद्रकांत झा, केशो देवी सहित दर्जनों स्थानीय युवक कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए है।

# आतंक और दहशत को पालने वाले पाकिस्तान का पूर्व सैनिकों ने किया विरोध, जलाया जनरल आशिफ मुनीर का पुतला

**दैनिक समाज जागरण 27.04.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

पहलगाम घटना के बाद पूरा देश गुस्सा से जल रहा है। आज उसी क्रम में पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम की फिटनेस टीम जय हो अपने सहयोगी एवं स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार सिविल समाज के नागरिकों के साथ मिलकर डिमना की वादियों में आक्रोश रैली निकाला। इस रैली में रविवार की छुट्टी होने की वजह से खेलने एवं घूमने आए युवा एवंम आम नागरिक भी शामिल हुए। इस रैली में पाकिस्तान मुदार्बाद आतंकियों को फांसी दो भारतीय सेना जिंदाबाद मोदी जी तुम एक्शन लो हम तुम्हारे साथ हैं आदि के नारे लगे। आक्रोशित भीड़ ने पाकिस्तान के जनरल मुनीर का पुतला एवं पाकिस्तान का झंडा जलाया। लोगों का कहना था की बीते दिनों में भारत सरकार एवं सेना की तरफ से पाकिस्तान को आतंकवाद का रास्ता छोड़ने एवं अमन शांति का पैगाम देने का अनेकों प्रयास हुआ। इसके बदले पाकिस्तान अपने फितरत के अनुरूप कारगिल युद्ध उरी अटैक हलगाम की घटना को अंजाम दिलाया। जिसमें 26 निर्दोष भारतीय पर्यटकों को धर्म पूछकर मारा गया। आज पूरा देश पाकिस्तान पर हमला करने की मांग कर रहा है। और हमें आशा ही नहीं



बल्कि पूर्ण विश्वास है कि भारतीय सरकार अपनी सशत्र सेना के अधिकारियों की सूझबूझ से इस निंदनीय घटना का बदला जरूर लेगी। जिससे 140 करोड़ भारतीयों के साथ-साथ पहलगाम में मारे गए नागरिकों के परिवार के कलेजा को ठंडक पहुंचेगी। आज की रैली डिमना की वादियों में भ्रमण के बाद मानगो डिमना चौक पर भी पाकिस्तान विरोधी नारों के साथ अपनी उपस्थिति से वहाँ से गुजरने वाले हजारों नागरिकों का ध्यान इस घटना की तरफ आकर्षित किया। इतना ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया और ट्विटर पर ओछी आधारहीन और अमर्यादित टिपणी पोस्ट करके देश को गुमराह करने वाले नौजवानों को भी इस आपातकालीन स्थिति में संयम रखने का संदेश दिया। आज की रैली में हर धर्म सम्प्रदाय के लोगों ने हिस्सा लिया और सबने कहा कि, "गर्व से कहो हम एक हैं" और आगे भी एक रहेंगे। आज के कार्यक्रम कोई सफल बनाने में सुशील कुमार सिंह दिनेश सिंह हंसराज सिंह राजीव कुमार जावेद अली खान जावेद हुसैन निर्भय सिंह त्रिभुवन जयदीप कुमार सन्नी राधेश्याम रंजीत यादव गणेश प्रसाद भूदेव गोविंद राय सुरेंद्र प्रसाद मौर्य राजकुमार सिंह असलम मलिक सिकन्दर महेश चंद्र प्रसाद सतनाम सिंह रजत डे महेश जोशी मिथिलेश सिंह कन्हैया कुमार अर-विंद शर्मा सुशांत सुना श्याम सिंह छोटन मिश्रा पंकज टिंकू शर्मा के के सिंह किशोर कुमार आर पी सिंह सुनील राय मुखर्जी दादा राजेश अखिलेश सिंह ए के सिंह शिवकुमार सिंह विजय प्रकाश सिंह आदि सैक-ड़ो डिमना मॉर्निंग वॉकर्स उपस्थित थे।

# डीआईजी सहित एसपी ने अपने प्रशासनिक टीम के साथ रोहितेश्वर धाम और किला का भ्रमण

**दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता रोहतास**

रोहतास :- प्रखंड क्षेत्र के कैमूर पहाड़ी पर स्थित ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण करने डीआईजी सत्य प्रकाश सहित एसपी रौशन कुमार के नेतृत्व में शनिवार को प्रशासनिक टीम के साथ रोहतास गढ़ किला पहुंचें। वही बताया गया कि रोहतासगढ़ किला में पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों ने किला में स्वच्छता अभियान चलाकर किला परिसर में साफ सफाईआ की। वहीं एसपी रौशन कुमार ने अपने सहित अपने टीम के द्वारा रोहतासगढ़ किला परिसर में साफ सफाई का भी कार्य संपन्न कराया।वहीं भ्रमण के बाद डीआईजी सत्य प्रकाश ने बताया कि रोहितेश्वर धाम मंदिर और किला वास्तु कला का अद्भुत नमूना है। यह ऐतिहासिक किला पर्यटकों के लिए मनोरम स्थान है। यहां पर्यटक के असीम संभावना है। पर्यटन विकसित होने से यहां के लोगों के लिए रोजगार के कई आयाम हो जाएंगे। वही रोहितेश्वर धाम मंदिर पर जाकर अधिकारियों के द्वारा पूजा पाठ की गई। जहां रोहतासगढ़ किला सहित चौरासन मंदिर तक पूरी प्रशासनिक टीम दलबल के साथ गई। वही इस मौके पर पूर्व मुखिया कृष्णा सिंह, राजबली सिंह श्रीकांत कुमार ,थानाध्यक्ष निकुंज भूषण प्रसाद व जिला के प्रशासनिक टीम के सहित पुलिस बल मौजूद थे।

# पीएम श्री मध्य विद्यालय में बिरसा हरित चेतना कार्यक्रम का आयोजन

**शाबाश इंडिया के कलाकार सैयद नासिक ने बाल से खींचकर बोलेरो चलाया**

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव :पीएम श्री मध्य विद्यालय बड़कागांव में हजारीबाग वन पश्चिम प्रमंडल द्वारा बिरसा हरित चेतना का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व बड़कागांव वन समिति के अध्यक्ष बालेश्वर महतो ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने किया। मौके पर बालेश्वर महतो ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा पूरे राज्य में बिरसा हरित चेतना अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पूरे झारखंड के गांव देहात में नुक्कड़ नाटक ,भाषण के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है । प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने कहा कि जंगलों में आग नहीं लगाया जाए ।पौधे लगाकर एक देखभाल किया जाए ।इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र से आए हुए शाबाश इंडिया के सैयद नासिक ,साबिर सैय्यद ,सलीम सैयद, अलीम सैयद ने बाल से बोलोरो वाहन को खींचकर चलाया।आंख की पुतली से कुर्सी एवं दांत से 30 किलो का पत्थर उठाया। इसके अलावा कलाकारों ने अन्य कला दिखाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसे देखकर विद्यार्थी वर्ग प्रफुल्लित नजर आए। मौके पर वन प्रबंधन संरक्षण समिति के अध्यक्ष बालेश्वर महतो, सदस्य फूदो देवी ,अनीता देवी, बसंती देवी , प्रधानाध्यापक अशोक कुमार , चेतलाल राम, विनोद रजक, हेमेंद्र कुमार, नीलू कुमारी ,दीपक राणा, निगार सुल्ताना, निधि कुमारी, मुनेश कुमार राम,रामवृक्ष राम, कमलेश श्रीवास्तव, कार्तिक सोनी, संजय सागर , चंद्रामती वर्मा, राजू कुमार ,देवेंद्र कुमार ,तुलसी कुमार, संतोषी कुमारी,रजनी कुमारी, बसंती कुमारी ,देवनाथ कुमार, जमशेद अंसारी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## पीपल नदी शमशान घाट शेड जर्जर हालत में मरम्मत की आवश्यकता

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव मध्य पंचायत स्थित पीपल नदी श्मशान घाट शेड जर्जर हो गया है। उक्त शेड में पिलर का छड़ बाहर आ गया है ,जो कभी भी गिर कर बड़ा हादसा का कारण बन सकता है। उक्त शेड का निर्माण 1998 में विधायक मद से की गई थी। पीपल नदी में शमशान घाट एवं छठ घाट भी है। दुर्गा पूजा के समय रावण दहन भी होता है। बड़कागांव प्रखंड के बड़कागांव मध्य पंचायत , एवं पश्चिमी पंचायत के दर्जनों टोले मोहल्ले के लोग छठ पूजा करने आते हैं। इसके अलावा यहां पर अस्मशान घाट में अग्नि संस्कार व



श्राद्ध क्रम के लिए भी लोग आते हैं। जल्द इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो श्राद्ध क्रम या दशहरा मेले के दौरान जर्जर शेड गिर भी सकता है। जिससे एक साथ कई लोगों का जान जा सकती है। उक्त शेड के बगल में बोरिंग 5 वर्ष पहले की गई थी,जो आज तक चापाकल नहीं लगा है। गर्मी के दिनों में जब पीपल नदी सूख जाती है । बड़कागांव मध्य पंचायत के मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्लाह खान ने कहा कि पीपल नदी में श्मशान घाट सेड का निर्माण निर्माण को लेकर डीएमएफटी फंड के लिए रिपोर्ट जिला एवं प्रखंड प्रशासन को दिया गया है। पंचायत में सरकार द्वारा पैसा नहीं भेजा जा रहा है। इस कारण पंचायत के कई विकास का काम नहीं हो पा रहा है।

## मजदूरों की हक और अधिकार की लड़ाई के लिए आंदोलन जरूरी :- प्रदीप रजक

**गुलचंद महतो संवादाता दैनिक समाज जागरण डाडी**

राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन (सीटू) अरगड्डा क्षेत्रीय स्तरीय बैठक रेलीगड़ा में क्षेत्रीय सचिव प्रदीप रजक के आवासीय कार्यालय में बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता सहायक महामंत्री सह क्षेत्रीय अध्यक्ष विशेश्वर ठाकुर एवं संचालन प्रदीप रजक ने किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष आर पी सिंह चंदेल उपस्थित हुए। बैठक से पूर्व गत वर्ष अब तक शहीद हुए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों के प्रति दो मिनट का मौन रखा गया। साथ ही शोक संपत परिजनों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए देश के मौजूदा सरकार से कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई।

1.एरिया कमेटी की बैठक में निर्णय हुआ कि एरिया के सभी ब्रांचो में सदस्यता अभियान चलाने और ज्यादा से ज्यादा मजदूरों को यूनियन से जोड़ा जाए। 2.एरिया के सभी ब्रांचो का एक महीने के अंदर पुनर्गठन करना। 3.एरिया के सभी यूनिटों के सदस्य मजदूरों की समस्याओं को इकट्ठा कर उनके निर-ाकरण हेतु आंदोलन सहित समुचित कार्रवाई की रणनीति बनाई जाए। 4.1 मई को मजदूर दिवस के अवसर पर सभी यूनिटों में झंडा तोलन कर शाहिद मजदूरों को श्रद्धांजलि अर्पित करें। 5.20 मई की हड़ताल को सफल बनाने के लिए सभी सदस्य अपना योगदान देंगे। 6.एरिया कमेटी और ब्रांच कमेटी की नियमित रूप से महीने में एक बैठक हो। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मजदूरों की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ उनके हक और अधिकार की लड़ाई लड़ते रहेंगे साथ ही हर गद्दा एरिया के विभिन्न परियोजनाओं में भ्रष्टाचार में लिप्त पदाधिकारी के खिलाफ आंदोलन कर भ्रष्टाचार से मुक्त कराएंगे। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष आरपी सिंह चंदेल सहायक महामंत्री सह क्षेत्रीय अध्यक्ष विशेश्वर ठाकुर क्षेत्रीय सचिव प्रदीप रजक, हरि करमाली, राजू विश्वकर्मा, बिरजा बेदिया,धर्मेंद्र लोहार, सुनील सिंह मनोज राम,सु-शील कुमार अशोक राम, लालचंद, कर्मा आदि यूनियन का सदस्य उपस्थित थे।

## टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में ग्रामीणों ने लगाया डीटीओ पर शिविर में भ्रष्टाचार का आरोप

**दैनिक समाज जागरण**

हजारीबाग (टाटीझरिया) । प्रखंड के झरपो ,भराजो खैरा डहरभंगा डूमर धरमपुर बेड़म और टाटीझरिया आठों पंचायत में डीटीओ द्वारा शिविर 27 अप्रैल से 28 अप्रैल तक लगाया था। शिविर का शुभारंभ तो किया गया लेकिन बता दे कि ब्लड जांच के नाम पर प्रति व्यक्ति से कही 110 ,120 तो कही 100 रुपए लिए गए वही रजिस्ट्रेशन के नाम पर भी मनमानी तरीके से शुल्क की वसूली किया जा रहा है। प्रखंड से जो विभागीय चिट्ठी निकाली गई थी उसमें भी ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का निर्धारित राशि की उल्लेख विवरण डीटीओ का नहीं लिखी गई थी । बता दे टाटीझरिया प्रखंड के झरपो पंचायत में 27 अप्रैल को जो शिविर ड्राइविंग लाइसेंस के लिए डीटीओ द्वारा लगाया गया सिर्फ और सिर्फ विभाग के ओर कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा खाना पूर्ति किया गया। नाम नहीं लिखने के शर्त पर लाभुको ने बताया कि झरपो पंचायत टाटीझरिया प्रखंड



के आठों पंचायत में घने आबादी वाले एक गांव का एक पंचायत है जबकि एक पंचायत में 8 से 10 गांव होते है । इस पंचायत में जब भी खाद्य आपूर्ति योजना, वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन , अबुआ पीएम आवास, स्वास्थ्य बीमा योजना समेत अन्य कई योजना पंचायत स्तर पर लगाया जाता है तो इस पंचायत में कम से कम 3 से 4 कंप्यूटर ऑपरेटरों को भेजा जाता है जिससे रजिस्ट्रेशन फॉर्म को ऑनलाइन करने में आम जनता को सुविधा मिल सके लेकिन दुर्भाग्य पूर्ण बात है कि यहां मात्र एक कंप्यूटर ऑपरेटर आया और लगभग 10 से 15 ही रजिस्ट्रेशन कर पाया । और जैसे ही उनके जाने का समय हुआ वे अपनी सामग्री को बैग में डाले और निकल पड़े यह कहकर कि हमलोगों का समय पूरी हो गई है। अब हमलोग कुछ नहीं कर सकेंगे । आम जनता का हुजूम लगी रही लेकिन ऑपरेटर संग कंप्यूटर कर्मी आम जनता पर झल्ला उठे जिससे आम जनता ने नाराजगी जताई है ।

## ललकी पैरहरिया में हाथियों ने मचाया उत्पात।

**आर्यन कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण कटकमदाग**

कटकमदाग प्रखण्ड क्षेत्र के। ढ़ेंगुरा पंचायत अंतर्गत ललकी पैरहरिया



गांव के विकास कुमार दांगी ,पिता राम सेवक महतो,के खेत मे हाथियों ने घुसकर भारी उत्पात मचाया ,जिससे उनका 8 एकड़ में लगे तरबूज और 4 एकड़ में टमाटर की खेती पुरी तरह बर्बाद हो गया,विकास कुमार दांगी जो,कर्ज लेकर खेती लगाएं हैं, लगभग 16 लाख रुपए उनका खेती में लग चुका है ,जमीन भी लीज पर लेकर खेती कर रहे है और इस तरह से हाथियों के द्वारा मचाएं उत्पात से उनका भारी नुकसान हुआ है और वह इसकी भरपाई के लिए सरकार से गुहार लगा रहे हैं!

## बानादाग पहाड़ी पर धार्मिक पर्यटन स्थल को विकसित करने की पहल

**सर्वेश्वरी कल्याणाश्रम के साधक सुबोध भाई ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**

**18 फीट ऊंची हनुमानजी के कंधे पर सवार भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की प्रतिमा स्थापित करने की जताई अभिलाषा**

**पुराने समाहरणालय स्थित पार्क में वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की लगाना चाहते हैं भव्य मूर्ति**

**संकटमोचन मंदिर के कायाकल्प की भी लगाई गुहार, दोनों प्रतिमाओं का सौंपा प्रारूप**



**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग। सर्वेश्वरी कल्याणाश्रम के साधक सुबोध भाई लगभग दो दशकों से बेचैन हैं। उनकी यह बेचैनी धार्मिक पर्यटन स्थल को विकसित करने को लेकर है। इस संदर्भ में उन्होंने डीसी-एसपी को ज्ञापन भी सौंपा है। वह कटकमदाग स्थिति बानादाग पहाड़ी मंदिर में 18 फीट ऊंची हनुमानजी के कंधे पर सवार भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की प्रतिमा स्थापित करना चाहते हैं। इस-के लिए वह प्रशासन से सहयोग और अनुमति चाहते हैं। साथ ही पुराने समाहरणालय के पार्क में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा भी स्थापित करना चाहते हैं। वहीं पुराने समाहरणालय में ही संकटमोचन मंदिर के कायाकल्प के लिए प्रशासन से मदद और अनुमति मांगी है। गौरतलब है कि वर्ष 2003 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को उन्होंने रथ पर अर्जुन को गीता का पाठ पढ़ाते भगवान श्रीकृष्ण की विशाल प्रतिमा सम्मान स्वरूप भेंट की थी। साधक सुबोध भाई सामाजिक और धार्मिक प्रवृत्ति के शख्सियत हैं और सदैव समाज की भलाई और सनातन धर्म के विकास के प्रति अपना सर्वस्व न्योछावर करते रहे हैं।

## देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को नमन संस्था के द्वारा बड़े तौर पर लोगों को दिखाया गया।

**दैनिक समाज जागरण 27.04.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की कार्यक्रम से जमशेदपुर के नमन संस्था के सदस्य पहली बार मान की बात कार्यक्रम से प्रधानमंत्री सीधा जुड़े। कार्यक्रम को लेकर नमन संस्था के द्वारा बड़े स्क्रीन लगाया गया था। मान की बात कार्यक्रम में पूर्वी विधानसभा की विधायिका पूर्णिमा दास साहू नमन संस्था के संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले मौजूद थे। जहां कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक और वीर नारी के अलावा संस्था के सदस्य उपस्थित थे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने के बाद पूर्वी विधानसभा की विधायिका पूर्णिमा दास साहू ने कहा इस कार्यक्रम में आए पूर्व सैनिक के के बारे में कहा कि यह पूर्व सैनिक नहीं है भारत माता जब इन्हें बुलाएंगे तब यह फिर से बॉर्डर पर लड़ाई करने पहुंच जाएंगे। हम सिर्फ भारतीय नारी नहीं हमारी भी जिम्मेदारी है। हम केवल घर में रोटी बनाने के लिए नहीं और भाषण देने के लिए नहीं है हमें भी किसी न किसी रूप में भारत का काम



आना है। हमें केवल पुरुष पर ही निर्भर नहीं रहना चाहिए महारानी लक्ष्मीबाई ने भी अकेले अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे। हम नारी शक्ति भी देश के सुरक्षा में काम आना चाहती हैं। वही मान की बात कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सैनिक का कहना है। देश के प्रधानमंत्री ने देश के विकास के बारे में बताया वह ठीक है। वह जरूरी भी है ।लेकिन आज जिस तरीके से कश्मीर के पहालगांव में आतंकवादियों के द्वारा कायराना हरकत किया गया। जिस तरीके से पाकिस्तान आतंकवादी में किसी का धर्म उसको नंगा कर कर गोली मारी गई है। हम सैनिक को यह बर्दाश्त नहीं है हम देश के प्रधानमंत्री से मांग करते हैं इस तरीके से कारगिल में 1999 में डायरेक्ट अटैक हुआ था। उसे तरीके से तुरंत अटैक पाकिस्तान के ऊपर करना चाहिए। वही मान की बात कार्यक्रम के नमन संस्था के संरक्षक अमरप्रीत सिंह का काले ने कहा के देश के प्रधानमंत्री ने मान की बात कार्यक्रम में नामन संस्था को जुड़ने का सौभाग्य दिया है। उनकी मां की पीड़ा को हमने देखा जो बड़ी घटना जम्मू कश्मीर में हुई है हम जमशेदपुरवासी के मन में बहुत गुस्सा है और बहुत दुखी है। बहुत जल्द भारत सरकार ऐसी ताकतों को कुचलना का काम करेगी और राष्ट्रीय गौरव के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार है।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा मानगो नगर समिति अध्यक्ष फतेहचंद टुडू और उनकी टीम के द्वारा पहलगाम में निर्दोष 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में कैंडल मार्च तथा मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।

**दैनिक समाज जागरण 27.04.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर झारखंड मुक्ति मोर्चा मानगो नगर समिति की ओर से अध्यक्ष श्री फतेह चंद्र टुडू जी के नेतृत्व में विगत दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष 26 पर्यटकों के उग्रवादियों द्वारा हत्या के विरोध में बाबा तिलका माझी चौक डिमना में कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन तथा उसके उपरांत श्रद्धांजलि अर्पित किया गया और मानगो नगर समिति अध्यक्ष फतेहचंद टुडू द्वारा भारत सरकार से मांग किया गया की जल्द से जल्द गुनहगारों को खोजे और इस साजिश मे जो भी लोग जिम्मेदार है उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का मांग किया गया। इसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा भारत सरकार के साथ खड़ी है मानगो नगर समिति की ओर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धांजलि दिया गया ।इस अवसर पर मुख्य रूप



से श्री महावीर मुर्मू जी, प्रभात सिंह, मोहम्मद मुस्ताक ,कृष्णा हसदा ,बबलू अख्तर ,रानी सिंह , नीलम तिवारी ,विजय ,मोहम्मद शहाबुद्दीन ,रघुनाथ सोरेन ,सनातन हंसदा,रंजीत देव ,संजू कुटिया, राजू श्रीवास्तव ,विश्वनाथ महतो मोहम्मद रियाज रतन वरजो, रवि शंकर , मुकेश लोहार आदि सैकड़ो कार्यकर्ता के अनुपस्थित थे।

## सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने कोयला उत्पादन लक्ष्य पूरा करने का दिया निर्देश

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने बरका सयाल क्षेत्र पहुंचकर विभिन्न खदानों का निरीक्षण किया ।मौके पर जीएम अजय सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ उन्होंने न्यू बरसा परियोजना उरीमारी में आशीर्वाद कंपनी , सयाल डी परियोजना में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी आर. ए. माइनिंग के कार्यों की जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया ।सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में बरका सयाल को जो टारगेट मिला है उसे पूरा करने में हर संभव सहयोग किया जाएगा ।उन्होंने बरसात से पूर्व निर्धारित वह भी उत्पादन के लिए हर संभव प्रयास करने का निर्देश जीएम को दिया। बरसात से पहले ज्यादा से ज्यादा कोयला का संप्रेषण करने की बात कहा। सीएमडी ने सयाल डी परियोजना को मिली 9 मिलियन टन कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया ।सीएमडी ने पिछले वर्ष बरका सयाल में रिकॉर्ड उत्पादन होने पर अधिकारियों को बधाई दी ।कहा की सभी लोग टीम वर्क के साथ आगे भी टारगेट को पाने की पूरी कोशिश करें ।मौके पर मुख्य रूप से बिरसा पिओ सुबोध कुमार , उरीमारी पिओ दिलीप कुमार , सयाल पिओ एसएस सिंह , सयाल पिओ रामेश्वर मुंडा , संजय कुमार , पमैनेजर पीके सेन गुप्ता मैनेजर राजेश प्रियदर्शी मैनेजर हसरत खान एरिया सुरक्षा पदाधिकारी क सिंह इमो और अमरेंद्र कुमार एवं आशीर्वाद के मैनेजर दिवाकर विश्वकर्मा उपस्थित थे ।अरविंद कुमार आशीर्वाद कंपनी के मैनेजर दिवाकर विश्वकर्मा उपस्थित थे।

## बड़कागांव में शादी विवाह को लेकर हो रहा है फूलों का कारोबार

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव प्रखंड में शादी विवाह के इन दिनों फूलों का कारोबार परवान पर चढ़ गया है। शादी विवाह में लोग फूलों से सजावट ज्यादा पसंद करने लगे हैं। यही कारण है कि बड़कागांव में फूल मालाओं की बिक्री खूब हो रही है। बड़कागांव पीएम श्री मध्य विद्यालय के सामने राजन फूल भंडार में दूल्हा दुल्हन के लिए जयमाला, समधी मिलन के लिए, एवं दूल्हा के लिए वाहन सजाने के लिए कई तरह के सुगंधित फूल की बिक्री की जा रही है। शादी समारोह की पार्टी के लिए बुके भी बनाई जाती है। गुलाब फूल, रजनीगंधा, गेंदा फूल, बेला, चमेली फूल, दलिया फूल, अनेकों तरह के फूल यहां मिलती है ।जिससे बाराती वाहन को भी सजाया जाता है. माला यहां ₹200 से लेकर ₹5000 तक, बाराती वाहन सजावट 1000 से लेकर 10,000 रुपए तक सजाई जाती है । राजन फूल भंडार के संचालक नीरज मालाकार ने बताया कि कोलकाता एवं नई दिल्ली ,नैनीताल से हर तरह फूल लाया जाता है। जिससे बाराती वाहन , पार्टी समारोह सजावट, मंदिर सजावट, यज्ञ मंडप सजावट की जाती है ।फूल माला बड़कागांव के मुख्य चौक ,डेली मार्केट भी मिलता है।

## मिस्टर और मिस ईस्टजोन स्टुनिंग फैशन के ग्रैंड फि नाले में बतौर विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता हुई शामिल

**इस तरह के आयोजन से आत्मविश्वास बढ़ता है, अपनी प्रतिभा को दिखलाने का अवसर मिलता है - शेफाली गुप्ता**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**




रांची स्थित धरोहर बैंक्वेट एंड मैरिज हॉल में मिस्टर और मिस ईस्टजोन स्टुनिंग फैशन 2025 के ग्रैंड फि नाले में भाजपा नेत्री सहे ओम आरोहणम् संस्थान के संस्थापिका शेफाली गुप्ता बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुई। जहां उनका स्मृति चिन्ह के साथ स्वागत एवं अभिनन्दन कर अतिथि वंदन किया गया। स्वागत एवं अभिनंदन से अभिभूत एवं बतौर अतिथि कार्यक्रम में आमंत्रित करने पर आयोजकों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त की। इस दौरान मिस्टर और मिस ईस्टजोन शानदार फैशन शो में झारखंड, बिहार एवं बंगाल प्रदेश के कई प्रतिभागियों ने फैशन शो ग्रैंड फि नाले में प्रस्तुति दिया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन की। जिसमें मुख्य रूप से ईस्टजोन स्टुनिंग फैशन के निदेशक रिषभ सिन्हा शामिल रहे। कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता के रूप में आश्रय फाउंडेशन रहा। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आत्मविश्वास बढ़ता है। अपनी प्रतिभा को दिखलाने का अवसर मिलता है। उन्होंने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कचनपुर पीएम श्री अपग्रेड रा.म.विद्यालय के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण पर पलामू किला:प्राचार्य सुदामा दास

**समाज जागरण दीपक सरकार**




छत्तरपुर अनुमंडल अंतर्गत पंचायत कचनपुर के पीएम श्री अपग्रेड राजकीए मध्य विद्यालय के 87छात्र छात्राओं एकदिवसीए 27/ 04/ 2025 को शैक्षणिक भ्रमण हेतु पलामू किला ले जाया गया,पीएम श्री अपग्रेड राजकीयकृत मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुदामा दास ने बताया की पलामू किला एक धरोहर विरासत है, हमेंने छात्र छात्राओं को राजा मेदीनि राय के बारे मे भी चर्चा की और किले के सभी दृश्य को करीब से बच्चों को दिखाया साथ ही बेतला राष्ट्रीय अभयरण मे वन्य जीवो को दिखाते हुए उनके संरक्षण के बारे मे बतया, डाल्टनगंज का भ्रमण कराया गया । भ्रमण की शुरूआत विद्यालय से सुबह 07 बजे सुरक्षित वाहन बसों के द्वारा हुई। रास्ते में गर्मी और लू को ध्यान रखते हुवे बच्चो को ठंडे पेयजल एवं खीरा , ककड़ी की व्यवस्था की गई थी । शैक्षणिक भ्रमण सफल हुआ उसके पश्चात बच्चों को भोजन कराया गया । बच्चों ने भ्रमण का खूब आनंद लिया और उन्हें सीखने को भी बोहोत कुछ मिला । अपने ऐतिहासिक किलों की जानकारी , वन एवं वन्यजीवों का संरक्षण का महत्व के बारे में समझा, भ्रमण का नेतृत्व प्रधानाचार्य - सुदामा दास,सहायक शिक्षक ; एवं कुछ अभिभावकगण साथ रहे

## जनता दल (यूनाइटेड) बिरसानगर थाना क्षेत्र के अध्यक्ष शंकर कर्मकार ने बिरसानगर थाना समिति का विस्तार किया

**दैनिक समाज जागरण 27.04.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर। जनता दल (यूनाइटेड) जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव एवं महानगर अध्यक्ष अजय कुमार के निर्देश पर जद(यू ) बिरसानगर थाना समिति का विस्तार किया ।समिति का विस्तार इस प्रकार किया गया. उपाध्यक्ष - शेखर राव, प्रदीप रॉय, अमित राम, रामनाथ दास, सरस्वती खामरी, बलदेव सिंह, महासचिव - राजेन्द्र सिंह, जितेंद्र कुमार. कोषाध्यक्ष - सूरज हेमबरम सचिव- राहुल सिन्हा, दया कुमार, संजय कालिंदी, अजय कुमार, बिकाश स-रकार, सूरज प्रामाणिक, गणेश



गौंडार, भोला साहू को मनोनीत किया गया। सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया. जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने थाना समिति के नवमनोनीत पदाधिकारियों को पार्टी के नीतियों- सिद्धांतों को जन जन तक पहुचाने. गरीब, शोषित, वंचित वर्ग की आवाज बनकर उनके हित मे कार्य करने का निर्देश दिया गया।'

# क्या वजन घटाने के लिए आप भी करते हैं ये गलतियां? हो जाएं सावधान

अक्सर वजन घटाने के चक्कर में हम कई ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जो कभी नहीं करनी चाहिए. अगर बिना किसी एक्सपर्ट की सलाह या न्यूट्रिशनिस्ट की सलाह से हम वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं या फिर ऐसे नुस्खों का अनुसरण कर रहे हैं, जो बेहद सामान्य हैं, जिन्हें किसी के मुंह से भी सुनकर लोग फॉलो करने लगते हैं, तो सावधान होने की जरूरत है, क्योंकि ऐसी स्थिति में पछताना पड़ सकता है. अगर आपका वजन ज्यादा है और आप वेट लॉस (द्धीं३ छङ्ग२२) करने की सोच रहे हैं, तो सबसे पहले किसी अच्छे न्यूट्रिशनिस्ट से मिलें और उसके द्वारा बताई गई डाइट प्लान ही फॉलो करें. ध्यान रहे कि खुद से अपनी डाइट प्लान न बनाएं या फिर इंटरनेट पर देखकर वजन घटाने के नुस्खों या टिप्स का अनुसरण न करें. पोषक विशेषज्ञ के दिशा-निर्देश में ही बनाई गई डाइट प्लान, का अनुसरण करें और खुद डॉक्टर न बनें. अक्सर देखा गया है कि लोग वजन घटाने के लिए खुद ही डॉक्टर की भूमिका में आ जाते हैं और जिसका खामियाजा उनको बाद में भुगतना पड़ता है. न्यूट्रिशनिस्ट तान्या वालिया मालगुड़ी का कहना है कि वजन घटाने के लिए प्रतिदिन डाइट प्लान का अनुसरण करना बेहद जरूरी है. इससे आपको पता लगता है कि आप कितना अतिरिक्त खाना खाते हैं.अभी तक कितनी कैलोरी ले रहे थे और वास्तव में कितनी कैलोरी लेने की जरूरत है. उनका कहना है कि वजन कम करने के लिए कभी भी प्रोटीन लेना नहीं छोड़ना चाहिए.



एकदम से खाना भी नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से ब्लड शुगर लेवल कम हो जाता है और थकान महसूस होने लगती है. कई बार ऐसी स्थिति में तनाव भी हो सकता है.

वजन घटाने के चक्कर में ज्यादा एक्सरसाइज भी न करें, एकदम से ऐसा करने से मांसपेशियों में दर्द हो सकता है. कभी भी वजन घटाने के लिए गलत फूड का कॉम्बिनेशन न लें. अपने भोजन में 50 फीसदी सब्जियां जिनमें सलाद भी शामिल हो, 25 फीसदी प्रोटीन, 25 फीसदी काबोर्हाइड्रेट लें. आप छाछ या दही के तौर पर 5 फीसदी प्रोबायोटिक जरूर लें. उचित अनुपात में उचित भोजन संयोजन करने का प्रयास करें. दरअसल, मोटापे की समस्या तेजी से युवाओं को चपेट में ले रही है. अनियमित लाइफस्टाइल की वजह से यह बीमारी कॉमन हो गई है. लेकिन अगर सही से डाइट प्लान फॉलो किया जाए तो बढ़ते वजन पर काबू पाया जा सकता है. कई बीमारियों के कारण भी वजन बढ़ने लगता है ऐसी स्थिति में डॉक्टर को जरूर दिखाएं और परामर्श लें.

# अगर है हाई ब्लड शुगर? सुबह की इन 5 आदतों से ऐसे हो सकता है नियंत्रित

अगर मनुष्य अपनी जीवनशैली में सुधार कर ले तो कई बीमारियों से बच सकता है. लाइफस्टाइल की अनियमितता के कारण कई सारी बीमारियां इंसान को घेर लेती हैं, और धीरे-धीरे ये रोग घातक होते जाते हैं. अगर आप बीमारियों की सूची सर्च मारेंगे, तो कई ऐसी होंगी जिनकी मुख्य वजह डिस्टर्ब और अनबैलेंस लाइफस्टाइल होगी. हाई ब्लड शुगर भी ऐसा ही एक रोग है, जो जीवनशैली से जुड़ा हुआ है. इस बीमारी में व्यक्ति का ब्लड शुगर का स्तर जरूरत से अधिक बढ़ जाता है, जिससे दिक्कतें शुरू हो जाती हैं. इस बीमारी के आम संकेत वजन का अचानक कम होना, ज्यादा प्यास लगना, अचानक भूख बढ़ जाना, पेशाब से महक आना, धुंधला दिखाई देना और हमेशा थकान रहना है. लेकिन जीवनशैली में सुधार करके इसे कंट्रोल किया जा सकता है.



पानी

हाइड्रेशन सबसे पहली और सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है. तभी कहा भी जाता है कि हमेशा हाइड्रेड रहें. पानी रक्त शर्करा (ढ्ढँ इ'ङ्क्षङ्ग र४१ ) के स्तर को कम करने और संतुलन बनाए रखने में मदद करता है. यह रक्त प्रवाह में शर्करा के स्तर को पतला करता है. पर्याप्त पानी न पीने से कई समस्याएं हो सकती हैं. इसलिए सुबह उठते ही जमकर पानी पिएं और दिनभर शरीर में पानी की मात्रा को बरकरार रखें.

प्रोटीन नाश्ता

प्रोटीन एक और पोषक तत्व है जो रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद करने के लिए जाना जाता है. इसलिए अपने ब्रेकफास्ट में प्रोटीन को शामिल करें. ऐसा करने से आप पूरे दिन ऊर्जावान रहेंगे. सुबह का नाश्ता जरूर करें और उसे छोड़े ना. अक्सर हमारी आदत सुबह का नाश्ता नहीं करने की होती है.

एक्स्ट्रा कैफीन से बचें

कॉफी आपके ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकती है. इसलिए सीमित मात्रा में कॉफी का सेवन करें. कॉफी में कैफीन होता है और इससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है. सुबह उठते ही बार-बार कॉफी न पिएं.

सुबह व्यायाम जरूर करें

सुबह उठते ही व्यायाम जरूर करें और टहलें. जब हम व्यायाम करते हैं, तो हमारा रक्त शर्करा का लेवल मेन्टेंन रहता है.

तनाव को बाई-बाई कह दें

तनाव एक ऐसी चीज है जो हमें कई सारी बीमारियां दे जाती है. इसलिए बिल्कुल भी तनाव न लें. अगर आप सुबह उठते ही तनाव लेने लगते हैं तो ऐसा करने से आपको कई सारी बीमारियां घेर सकती हैं और आपका ब्लड शुगर लेवल भी बढ़ जाता है. अपने दिन की शुरूआत शांति और धैर्य से करें. उठते ही घूमें, व्यायाम करें और योग करें.

# डायबिटीज-आंखों के लिए बहुत लाभकारी है गाजर का जूस, बस एक महीने में पा सकते हैं ऐसे गजब के फायदे

शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की आसानी से पूर्ति के लिए फलों-सब्जियों के सेवन की आदत बनाना काफी लाभकारी माना जाता है। हर मौसम की कुछ खास सब्जियां-फल होते हैं जो शरीर को कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते हैं। इस मौसम में गाजर बहुतायत में उपलब्ध होते हैं, इसे सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं गाजर के जूस का सेवन करना कई तरह की बीमारियों के जोखिम को कम करके आपको बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त करने में सहायक है। अध्ययनों में इसे डायबिटीज से लेकर हृदय रोग और आंखों की सेहत को ठीक रखने में भी फायदेमंद पाया गया है।

डॉक्टर्स कहते हैं, बस एक महीने नियमित रूप से गाजर के जूस का सेवन करके आप शरीर में कई प्रकार के सकारात्मक बदलाव महसूस कर सकते हैं। गाजर में फाइबर, विटामिन-ए, विटामिन सी और के, पोटैशियम जैसे अति महत्तपूर्ण पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर के अंगों को स्वस्थ रखने और गंभीर क्रोनिक बीमारियों के जोखिम से बचाने में आपकी मदद कर सकते हैं।

गाजर का रस कैरोटीनॉयड पिगमेंट ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन भी प्रदान करता है, जो शरीर में एंटीऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करते हैं। एंटीऑक्सिडेंट्स का सेवन कई गंभीर रोगों के विकास को कम करने में सहायक है। आइए गाजर के जूस से होने वाले फायदों के बारे में जानते हैं।

आंखों के लिए फायदेमंद है गाजर का जूस

गाजर के जूस में लगभग वे सभी पोषक तत्व होते हैं जो आपकी आंखों के लिए बहुत आवश्यक माने जाते हैं। 200 ग्राम गाजर के जूस से दैनिक विटामिन-ए की



आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन-ए महत्वपूर्ण है। अध्ययनों में पाया गया है कि विटामिन-ए वाली चीजों का सेवन करना अंधेपन और उम्र से संबंधित नेत्र रोगों के जोखिम से सुरक्षित रखने में आपके लिए विशेष लाभकारी हो सकता है।

इम्युनिटी बूस्टर है यह जूसडायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद है गाजर


गाजर का जूस पीने से रक्त शर्करा के स्तर को भी कम करने में मदद मिल सकती है। टाइप-2 डायबिटीज वाले चूहों पर किए गए अध्ययन से पता चलता है कि गाजर का रस रक्त शर्करा को कम करने और इससे संबंधित अन्य मार्करों में भी आपके लिए मददगार है। किण्वित जूस में प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो आंत के गुड बैक्टीरिया के लिए अच्छे माने जाते हैं। गाजर एंटी-इंफ्लामेटरी गुण के लिए भी जाना जाता है, इसके कारण भी इसे डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद पाया गया है।

गाजर का जूस आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट कर सकता है। इसमें पाए जाने वाले विटामिन-ए और सी, दोनों ही एंटीऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करते हैं और प्रतिरक्षा कोशिकाओं को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। इसके अतिरिक्त, यह जूस विटामिन-बी 6 का भी समृद्ध स्रोत है। प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को बेहतर रखने के लिए विटामिन-बी 6 वाली चीजों को आहार में जरूर शामिल करें। गाजर के जूस का सेवन आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है।

# जहरीली हवा से कैसे रहे सुरक्षित,स्वामी रामदेव से जानिए योग और आयुर्वेदिक उपचार

दिल्ली-एनसीआर में पटाखे जलाने का दिखने लगा असर। दिल्ली के कई इलाकों में 10 गुना ज्यादा प्रदूषित हुई हवा। दिल्ली और आस-पास के जिलों में अदकलेवल 300 के पार। दिल्ली-एनसीआर के आसमान में धुंध और धुएं का गुबार। बढ़ते प्रदूषण की वजह से लोगों को सांस लेने में हो रही दिक्कत। फिर वही कहानी एकबार फिर दिल्ली-ठउफकी हवा और भी ज्यादा जहरीली होने लगी है। सड़कों पर चल रही करोड़ों गाड़ियां, कंसंट्रक्शन वर्क और पराली के धुएं के बाद दिवाली के पटाखों ने रही सही कसर पूरी कर दी है। दुख तो इस बात का है कि ऐसी नौबत हर साल आती है। सर्दी गिरते ही पराली के धुएं का डर सताने लगता है फिर पटाखे जलाने को लेकर डिबेट शुरू होती है। देखते-देखते ना सिर्फ दिल्ली-ठउफ खराब हवा से पूरे उत्तर भारत का दम घुटने लगता है।

ऐसे में जरूरी है एक उस फिल्टर की जो प्रदूषित हवा के हमले को रोककर वातावरण को साफ कर दे। कुछ वैसे ही जैसे इंद्र देव के क्रोध से बचाने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठा लिया था। जिसके नीचे आकर लोगों ने अपनी जान बचाई थी। पॉल्यूशन से बचने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाने जैसे चमत्कार की ही जरूरत है। क्योंकि एयर पॉल्यूशन बढ़ते ही सांस से जुड़ी परेशानियां बढ़ने लगती हैं। उडढऊ



ब्रोंकाइटिस, टीबी, अस्थमा जैसी बीमारिया ट्रिगर हो जाती हैं। इतना ही नहीं जो लोग हेल्दी हैं वो भी थकान,सिरदर्द,स्ट्रेस, आंख-नाक और गले में जलन की शिकायत करने लगते हैं। खराब हवा का असर न्यूरो सिस्टम और कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम पर भी दिखाई देता है। सांस लेने के लिए कुदरत हमें जो साफ हवा देती है उसे हम सब मिलकर जहरीली बनाते है और फिर खामियाजा भी भुगतते हैं अब ऐसे में किसी एक की कोशिश से उसे ठीक भी नहीं किया जा सकता। पॉल्यूशन से बचने के लिए हर किसी को अपने हिस्से की हवा साफ करनी होगी। ये सब होगा ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर। गाड़ियों का इस्तेमाल कम करके पराली और इंडस्ट्रियल पॉल्यूशन को कंट्रोल करने का सही सॉल्यूशन ढूंढकर। जिस तरह रातों-रात हवा बद से बदतर हो जा रही है। वो चुटकी बजाते ही साफ तो नहीं हो सकती। ऐसे में सांसों पर लगने वाली इमरजेंसी से बस योगिक फिल्टर ही बचा सकता है तो बेहतर है योग के चमत्कार को समझिए और अन्नकूट और गोवर्धन पूजा के इस मौके पर योग कीजिए।

# गले में कुछ फंस जाए तो फौरन करें ये 4 काम

खाने के दौरान कभी-कभी खाने का गले में फंसना सामान्य बात नहीं है। खाना निगलना एक जटिल प्रक्रिया है। जब भी हम कुछ खाते हैं तो खाने को मुंह से पेट तक पहुंचने में लगभग 50 से ज्यादा मांसपेशियां और कई नर्व्स मिलकर काम करती हैं। जब आप भोजन करते हैं, तो आपके मुंह से आपके पेट तक भोजन को स्थानांतरित करने के लिए लगभग 50 जोड़ी मांसपेशियां और कई तंत्रिकाएं मिलकर काम करती हैं। इस प्रक्रिया के दौरान खाना गले में फंसना कोई असामान्य बात नहीं है।

जब आप सॉलिड फूड खाते हैं तो तीन चरणों वाली प्रक्रिया शुरू होती है। आप भोजन को चबाकर निगलने के लिए तैयार करते हैं। यह प्रक्रिया भोजन को लार के साथ मिक्स करती है जिससे फूड नम प्यूरी में बदल जाता है। जब आपकी जीभ भोजन को आपके गले के पीछे धकेलती है तो आपके निगलने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। इस दौरान आपकी श्वसन नली कसकर बंद हो जाती है और आपकी सांस रुक जाती है।

यह प्रक्रिया भोजन को गलत पाइप में जाने से रोकती है। इस प्रक्रिया के दौरान भोजन आपकी खाने की नली में प्रवेश करता है और आपके पेट में जाता है। कई बार खाते समय प्रक्रिया में कुछ गड़बड़ी हो जाती है और खाना फूड पाइप में फंस जाता है। इस दौरान आपके सांस लेने पर कोई असर नहीं पड़ता क्योंकि खाने ने आपकी सांस की पाइप को पहले ही साफ कर दिया है।

फूड पाइप में खाना फंसते ही उसके लक्षण दिखने लगते हैं। सीने में दर्द होना, लार का ज्यादा अनुभव होना, लगातार खांसी आना, चेहरे का रंग खांसते-खांसते पीला



पड़ना कुछ मामलों में बेहोशी भी हो सकती है। अगर खाना गले में फंस गया है और गंभीर लक्षण नहीं दिख रहे तो आप घर में ही गले में फंसे खाने को आसानी से निगल सकते हैं।

स्थिति कब गंभीर हो सकती है:

जब खाना फंसने की वजह से बात नहीं कर पा रहा है

सांस लेने में कठिनाई हो रही है

सांस जोर जोर से ले रहा है

सांस लेते समय कर्कश आवाज आ रही है

खांसी या कमजोर होने पर

चेहरा लाल या पीला या नीला पड़ जाने पर

बेहोश हो जाने पर स्थिति गंभीर हो सकती है।

गले में फंसा खाना निकालने के उपाय

कई शोध से पता चलता है कि कोक या अन्य कार्बोनेटेड ड्रिंक का सेवन करने से फूड पाइप में फंसे भोजन को हटाने में मदद मिल सकती है। डॉक्टर और इमर्जेंसी वर्कर अक्सर भोजन को तोड़ने के लिए इस सरल तकनीक का उपयोग करते हैं।

गैस के दर्द का इलाज करने की दवाएं फूड पाइप में फंसे भोजन को हटाने में मदद कर सकती हैं। यह दवाएं फूड पाइप में दबाव बढ़ाती है और भोजन को ढीला कर सकती है।

पानी ज्यादा पीएं। पानी के कुछ बड़े घूंट आपके फूड पाइप में फंसे भोजन को नीचे करने में मदद करते हैं। यदि आपने खाना ठीक से चबाया नहीं है तो यह बहुत अधिक सूखा हो सकता है। पानी के बार-बार घूंट से अटका हुआ भोजन गीला हो सकता है और आसानी से नीचे चला जाता है।

कभी-कभी फूड पाइप को अतिरिक्त ग्रीस की आवश्यकता होती है ऐसे में एक चम्मच मक्खन खाने से मदद मिल सकती है। एक चम्मच मक्खन फूड पाइप को नम करने में मदद करता है और अटके हुए भोजन को आपके पेट में नीचे ले जाना आसान बनाता है।

# सर्दी में इन दो विटामिन की कमी आपको बना सकती है बीमार, इन फूड्स से करें कमी को पूरा

सर्दी का मौसम आ चुका है और ठंडी हवाएं कुछ ही दिनों में अपनी रफ्तार पकड़ सकती है। इस मौसम में सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इस मौसम में कुछ मौसमी बीमारियां जैसे सर्दी जुकाम, बंद नाक, छींके आना, सिरदर्द होना, शरीर में दर्द होना, खांसी जैसी परेशानियां बेहद परेशान करती हैं। इस मौसम में इम्युनिटी कमजोर हो जाती है और बॉडी के बीमार होने के आसार ज्यादा होते हैं। सर्दी में हेल्दी रहने के लिए डाइट का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। डाइट में कुछ खास विटामिन का सेवन करने से इम्युनिटी स्ट्रॉन्ग रहती है और बॉडी हेल्दी रहती है। इस मौसम में मौसमी बीमारियों से बचने के लिए कुछ विटामिन का सेवन बेहद फायदेमंद होता है। सर्दी में विटामिन उ और ऊकी कमी आपको बीमार बना सकती है। आइए जानते हैं कि कैसे ये विटामिन बॉडी को हेल्दी रखते हैं और इनकी कमी को कैसे पूरा करें।

विटामिन सी की कमी बीमार बना सकती है:

विटामिन सी की कमी आपको बीमार बना सकती है। सर्दी में सर्दी-खांसी, फ्लू, साइनस और संक्रमण का खतरा अधिक होता हैं। इस मौसम में इम्युनिटी को स्ट्रॉन्ग बनाने के लिए डाइट में विटामिन सी वाले फूड्स का सेवन करें। विटामिन सी की



कमी को पूरा करने के लिए आप संतरे, स्ट्रॉबेरी, ब्लैककरंट, लाल मिर्च, ब्रोकोली और ब्रसेल्स स्प्राउट्स का सेवन बेहद फायदेमंद होता है। नींबू और आंवला का सेवन भी विटामिन सी की कमी को पूरा करता है। इन फूड्स का सेवन करने से इम्युनिटी स्ट्रॉन्ग होती है। भोजन में एंटीआक्सीडेंट तत्व जैसे मशरूम, पालक, टमाटर, कढ़ी पत्ता का सेवन भी इस मौसम में फायदा पहुंचाता है।

विटामिन डी की कमी बीमार बना सकती है:

सर्दी में विटामिन डी का सेवन सेहत को फायदा पहुंचा सकता है। सर्दी में बॉडी को धूप कम मिलती है तो ऐसे में बॉडी में विटामिन डी की कमी होने लगती है। विटामिन डी ना सिर्फ हड्डियों को मजबूत करता है बल्कि बॉडी को हेल्दी भी रखता है। विटामिन डी का सेवन हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है और दिल के रोगों से बचाव करता है।

विटामिन डी बॉडी को तब मिलता है जब स्किन पर सूरज की किरणें पड़ती हैं। ये शरीर को कैल्शियम और फॉस्फेट पचाने में मदद करता है जो हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। बॉडी में विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए डाइट में दूध, दही, मशरूम,बादाम, ब्रोकली, अंडा, दूध, पनीर, सोया उत्पाद, मछली, मक्खन, दलिया और संतरे के जूस का सेवन करें।

# काली मिर्च खाने से सेहत को मिलते हैं ये 6 फायदे, जानें नुकसान भी

अधिकतर भारतीय घरों में काली मिर्च का उपयोग मसाले के तौर पर किया जाता है। वहीं कुछ लोग काली मिर्च का काढ़ा बनाकर भी पीते हैं। काली मिर्च औषधीय गुणों से भरपूर होती है। इसमें एंटीबैक्टीरियल, एंटीमाइक्रोबियल, एंटीओबेसिटी और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ये सभी गुण कई स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने में मददगार हो सकते हैं।

1. पाचन बेहतर बनाए

काली मिर्च पाचन संबंधी समस्याओं को ठीक करने में मदद कर सकता है। काली मिच र्में पाइपरिन होता है, जो पाचन क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकता है। साथ ही पाचन प्रक्रिया को भी बेहतर बनाता है। इससे पाचन से जुड़ी समस्याएं जैसे गैस, कब्ज और अपच से छुटकारा मिल सकता है।

2. सर्दी-जुकाम से राहत दिलाए

काली मिर्च में मौजूद पाइपरिन सर्दी, जुकाम और खांसी की समस्या से भी छुटकारा दिला सकता है। काली मिर्च शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। जब इम्यूनिटी तेज होती है, तो शरीर को बैक्टीरियल और वायरस से लड़ने में मदद मिलती है। अगर आपको खांसी या जुकाम है, तो काली मिर्च का सेवन जरूर करें।

3. ओरल हेल्थ के लिए लाभकारी

काली मिर्च में एंटीमाइक्रोबियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ये सभी मुंह में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को मारते हैं। साथ ही सूजन आदि से भी राहत मिल सकती है। काली मिर्च खाने से दांत भी सुरक्षित रहते हैं। काली मिर्च ओरल हाइजीन को मेंटेन रखने में मदद कर सकता है।

4. वेट लॉस में सहायक

अगर आप वजन घटाना चाहते हैं, तो काली मिर्च का सेवन करना शुरू कर सकते हैं। काली मिर्च में पाइपरिन और एंटीओबेसिटी प्रभाव होते हैं, जो वेट लॉस करने में मदद कर सकते हैं। आप काली मिर्च को खाने में शामिल कर सकते हैं या फिर इसका काढ़ा बनाकर भी पी सकते हैं।




5. जोड़ों के दर्द से राहत दिलाए

काली मिर्च जोड़ों के दर्द को कम करने में भी सहायक हो सकता है। काली मिर्च में एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीआर्थराइटिस प्रभाव पाया जाता है। ये गुण गठिया की वजह से होने वाले दर्द और सूजन को कम करने में असरदार साबित हो सकते हैं।

6. इंफेक्शन से बचाव

इंफेक्शन से बचने के लिए भी आप काली मिर्च का सेवन कर सकते हैं। काली मिर्च बैक्टीरिया से लड़ने में मदद कर सकता है। काली मिर्च में एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। ये गुण लोगों को बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करते हैं।

काली मिर्च के नुकसान

एक तरफ जहां काली मिर्च सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है, वहीं इसके कुछ नुकसान भी देखने को मिल सकते हैं।

काली मिर्च की तासीर बेहद गर्म होती है। इसलिए पित्त प्रकृति के लोगों को काली मिर्च का सेवन करने से बचना चाहिए।

छोटे बच्चों को अधिक मात्रा में काली मिर्च खिलाने से बचना चाहिए।

गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को काली मिर्च का सेवन डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए।

काली मिर्च औषधीय गुणों से भरपूर होता है। आप भी काली मिर्च का सेवन कर सकते हैं। लेकिन काली मिर्च की तासीर गर्म होती है, इसलिए इनका सेवन कम मात्रा में ही करना चाहिए। बहुत अधिक मात्रा में काली मिर्च का सेवन करने से बचना चाहिए।

डिसकलेमरः

इस जानकारी की सटीकता, समयबद्धता और वास्तविकता सुनिश्चित करने का हर सम्भव प्रयास किया गया है हालांकि इसकी नैतिक जिम्मेदारी ओन्लीमायहेल्थ डॉट कॉम की नहीं है। हमारा आपसे विनम्र निवेदन है कि किसी भी उपाय को आजमाने से पहले अपने चिकित्सक से अवश्य संपर्क करें। हमारा उद्देश्य आपको जानकारी मुहैया कराना मात्र है।

# लिवर के लिए वरदान है बथुआ, डायट में शामिल किया तो मिलेंगे बेहिसाब फायदे

सर्दियों के मौसम में हरी सब्जियों की भरमार रहती है. इम्यूनिटी और सेहत के लिहाज से ये मौसम काफी अच्छा होता है. सर्दियां आते ही आपको कई तरह की हरी पत्तेदार सब्जियां खाने का मौका मिलता है और ये तो हम सभी जानते हैं कि हरी सब्जियां हमारी सेहत के लिए कितनी फायदेमंद हैं.

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप कैलोरी कॉन्शियस हैं, तब भी आप बथुआ का सेवन बेहद आसानी से कर सकते हैं. दरअसल, अन्य सभी हरी सब्जियों की तरह, बथुआ में भी कैलोरी काफी कम पाई जाती है. 100 ग्राम बथुआ से आपको लगभग 43 कैलोरी की मिलती है. यानि फिटनेस के लिहाज से हिट है बथुआ.

बथुआ के पत्तों में अमीनो एसिड की उच्च मात्रा पाई जाती है. अमीनो एसिड्स शरीर के लिए बेहद जरूरी माने जाते हैं, क्योंकि यह कोशिका निर्माण और कोशिका की मरम्मत के लिए आवश्यक हैं. ऐसे में बथुआ के पत्ते खाने से आपकी इम्यूनिटी के साथ-साथ सेल्स रिपेयरिंग की क्षमता भी बढ़ती है.

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप बथुआ को अपनी डायट का हिस्सा बनाते हैं तो इससे आपके लिवर को भी काफी फायदा मिलता है. इसका अंदाजा आप



इसी बात से लगा सकते हैं कि इसे ब्लड प्यूरिफायर के रूप में जाना जाता है. इसमें मौजूद कंपोनेंट आपके लिवर को टॉक्सिन्स से बचाने में मदद करता है और आपका लिवर रहता है हैप्पी.

हाई फाइबर डायट का सबसे बड़ा काम ये है कि ये आपको ओवर ईटिंग से बचाती है, और वजन को नियंत्रित रखने में मदद देती है. बथुआ में उच्च मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो आपको लंबे समय तक फुल रखता है. इससे ओवर ईटिंग से बच जाते हैं. फाइबर पाचन तंत्र के लिए भी बेहद लाभदायक माना जाता है.

बथुआ में कै ल्शियम, पोट ेशियम, मैग्नीशियम और विटामिन ए, सी और बी 6 से भरपूर होता है. ये सभी सूक्ष्म पोषक तत्व आपके शरीर की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से कार्य करने में मदद करते हैं. हरी पत्तेदार सब्जियां आयरन का भी अच्छा सोर्स होती हैं.